# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, रविवार 1 फरवरी 2026






MSN माता श्री नेत्रालय
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. वाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दो भालुओं की मौत



**उमरिया।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दो भालुओं की मौत से हड़कंप मच गया। मानपुर बफर के खम्हा बीट में अवयस्क नर भालू का शव मिला है। डॉग स्क्वाड की मदद से कुछ दूरी पर मादा भालू का भी शव बरामद हुआ है। दोनों शवों के सभी अवयव सुरक्षित पाए गए। वन अमले ने मौके पर पहुंचकर जांच प्रक्रिया शुरू की।

### घूसखोर अधिकारी को अनिवार्य सेवानिवृति



**जबलपुर।** सेंट्रल जीएसटी के रिश्वतखोर अधिकारी पर बड़ी कार्रवाई हुई है। जीएसटी के पूर्व अधीक्षक सोमेन गोस्वामी को विभाग ने अनिवार्य सेवानिवृति दे दी है। साल 2023 में 25 लाख रुपए की रिश्वत लेते सीबीआई ने सीजीएसटी के 4 अधिकारियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद ये कार्रवाई की गई है।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज सुबह 11 बजे पेश करेंगी आम बजट, उनका लगातार नौवां बजट

# इनकम टैक्स, किसानों, शिक्षा, डिफेंस और रेलवे से जुड़े बड़े ऐलान 'संभव'

### सीतारमण लगातार नौवां बजट पेश कर देश के संसदीय इतिहास में एक नया रिकॉर्ड दर्ज करने वाली हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम बजट 2026-27 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के मौजूदा कार्यकाल का एक अहम बजट माना जा रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को सुबह 11 बजे संसद में ये बजट पेश करेंगी। पिछले साल का बजट एक लोकप्रिय बजट माना जाता है जिसमे मिडिल क्लास को बड़ी राहत मिली थी। इस बजट में इनकम टैक्स में छूट, सैलरीड क्लास के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन, किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने, सस्ती दवाओं और इंश्योरेंस सेक्टर में सुधार जैसे बड़े फैसले लिए गए थे। इस साल सरकार का ध्यान अर्थव्यवस्था पर है। गौर हो कि भारतीय शेयर बाजार में भी रविवार को आम दिनों की तरह ही कारोबार होगा। बजट के चलते नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) रविवार को खुला रहेगा। इंडस्ट्री के तमाम स्टेकहोल्डर्स सरकार के साथ अपनी अपेक्षाएं साझा कर रहे हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि आने वाले बजट में इन प्राथमिकताओं को शामिल किया जाएगा।

**पिछले बजट में टैक्स फ्री हुई थी 12 लाख तक की आय**



निर्मला सीतारमण

*भारतीय शेयर बाजार में भी रविवार को आम दिनों की तरह ही कारोबार होगा*

### आज खुला रहेगा शेयर बाजार

रविवार (31 जनवरी 2026) को पेश होने वाले आम बजट के दिन शेयर बाजार खुला रहेगा। बता दें कि बजट अगर शनिवार या रविवार को पड़ता है तो भी शेयर बाजार में लाइव ट्रेडिंग सेशन आयोजित होते हैं। हाल ही में एनएसई ने एक सर्कुलर में कहा था कि रविवार ▶▶ शेष पेज 4 पर

**बजट-डे पर ये है वित मंत्री का शेड्यूल**

### राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद फोटो सेशन

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को सुबह 11 बजे लोकसभा में केंद्रीय बजट 2026 पेश करेंगी। वित्त मंत्री बजट-डे पर सुबह करीब 8.30 अपने आवास से निकलकर वित्त मंत्रालय पहुंचेंगी। इसके बाद 9 बजे के करीब अपनी बजट टीम के साथ वित्त मंत्रालय के बाहर फोटो सेशन होगा। इसके कुछ ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पिछले बजट में मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत दी थी सरकार ने

नौकरीपेशा लोगों को बजट में गुड न्यूज देते हुए वित्त मंत्री ने बजट 2025 में 12 लाख तक की आय टैक्स फ्री करने का ऐलान किया था। देश के बड़े तबके यानी मध्यम वर्ग के लिए यह बड़ी राहत की बात थी। आपको बता दें स्टैंडर्ड डिडक्शन के बाद सैलरीड क्लास यानी वेतनभोगियों को अब 12.75 लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होता है।

**न्यू रिजीम में 12 लाख तक की सालाना आय टैक्स फ्री**

*बजट 2025 में वित्त मंत्री ने न सिर्फ न्यू रिजीम में 12 लाख रुपये तक की सालाना आय को टैक्स-फ्री कर दिया, बल्कि नौकरीपेशा लोगों को 75 हजार रुपए का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी दिया गया, जिससे 12.75 लाख रुपए तक का सालाना वेतन टैक्स मुक्त हो गया।*

**ऑपरेशन सिंदूर का रक्षा बजट पर क्या होगा असर?**

*यह केंद्रीय बजट सिर्फ सरकार की आमदनी और खर्च का हिसाब नहीं होगा, बल्कि इसमें यह संकेत भी मिलेगा कि भारत आने वाले समय में अपनी सुरक्षा को कैसे मजबूत करना चाहता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश में युद्ध और रक्षा रणनीति की अहमियत और प्राथमिकता और बढ़ी है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या इसका असर बजट 2026 में भी दिखेगा?*

### सोने-चांदी पर लागू कस्टम ड्यूटी में होगी कटौती?

बजट 2026 में क्या सरकार सोने-चांदी पर लागू कस्टम ड्यूटी में कटौती करेगी? और अगर ऐसा हुआ तो क्या घरेलू बाजार में कीमतें सचमुच नीचे आएंगी? पिछले कुछ सालों के बजट फैसलों को देखें तो साफ होता है कि कस्टम ड्यूटी में बदलाव का असर सीधे तौर पर सोने-चांदी के दाम पर पड़ता है, लेकिन यह असर हमेशा लंबे समय तक टिके, ऐसा जरूरी नहीं होता।







**बालिका छात्रावास में चल रहा था प्रेम प्रसंग**

# 8वीं की छात्रा ने दिया बच्चे को जन्म, नाबालिग आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

*हॉस्टल वार्डन सस्पेंड गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था पर उठे सवाल*

यहां एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। बीती 28 जनवरी को जिला अस्पताल में कक्षा 8वीं की छात्रा को भर्ती कराया गया। कुछ देर बाद वह एक बच्चे को जन्म देती है। इस घटना से पूरे शहर में हड़कंप मच गया। छात्रा कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही थी। ऐसे में गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामला उजागर होने पर एक जांच कमेटी बनी और हॉस्टल में जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, वार्डन को निलंबित कर दिया गया है। मामले में आरोपी नाबालिग लड़के पर पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को किशोर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे सिवनी किशोर प्रेक्षण गृह में भेज दिया गया है। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने बताया, नाबालिग छात्रा को 28 जनवरी को ही भर्ती कराया गया था। उसी दिन उसे प्रसव पीड़ा शुरू हुई फिर उसने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। फिलहाल वह देखरेख में है और जच्चा-बच्चा दोनों ठीक हैं।



फाइल फोटो

### प्रेगनेंसी का पता 17 जनवरी को चला

पुलिस के अनुसार छात्रा ने पूछताछ में बताया कि 20 अप्रैल 2025 को गांव के ही रहने वाले एक नाबालिग लड़के (17 साल) ने बहला फुसला कर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिया था। 17 जनवरी को पेट में दर्द की वजह से वह हॉस्टल से पिता के साथ घर आई फिर मां के साथ डॉक्टर के पास इलाज के पहुंची, तब पता चला की वह प्रेग्नेंट है। तीन साल पहले परिजनों ने बच्ची को हॉस्टल भेजा था, वह बहुत कम हॉस्टल में आती थी।

**हॉस्टल जिला शिक्षा केंद्र के दायरे में**

दरअसल, हॉस्टल जिला शिक्षा केंद्र के दायरे में आता है। ऐसे में इस मामले में जीपी बर्मन ने हॉस्टल वार्डन की गलती स्वीकारते हुए बताया कि आठवीं कक्षा में पढ़ रही बच्ची की तबीयत ठीक नहीं रहती थी। ऐसे में ज्यादातर समय वह घर पर ही रहती थी। मामले में जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त शकुंतला डामोर ने हॉस्टल अधीक्षिका चैनबती सैयाम को सस्पेंड कर दिया है।







नागर विमानन मंत्रालय
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न।
छोट-बड़ो सब सम बसै, रविदास रहे प्रसन्न।।

श्री गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती
पर उनके कालजयी संदेशों को याद करते हुए



## आदमपुर हवाई अड्डे का पुनःनामकरण

## श्री गुरु रविदास महाराज जी हवाई अड्डा, आदमपुर

तथा

## हलवारा हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

का उद्घाटन

# श्री नरेन्द्र मोदी

## प्रधानमंत्री

द्वारा

### मुख्य विशेषताएं : हलवारा एयरपोर्ट

- पंजाब के मालवा क्षेत्र की बढ़ती क्षेत्रीय हवाई यात्रा की मांग को पूरा करना
- प्रति वर्ष दो लाख यात्रियों के लिए पर्यावरण अनुकूल टर्मिनल
- व्यापार, उद्योग और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना
- कोड सी प्रकार के विमानों (A321/B737) के लिए उपयुक्त

रविवार, 01 फरवरी, 2026 | 1545 बजे | आदमपुर हवाई अड्डा, पंजाब

CBC 03111/15/0013/2526



आदमपुर हवाई अड्डा

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर देखें



हलवारा हवाई अड्डा

भोपाल
रविवार, 1 फरवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा
वर्ष : 12, अंक : 302
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 15

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

इंदौर में हुई क्षेत्र कार्यकारिणी की बैठक में कई निर्णय

# हितानंद शर्मा की संघ में वापसी, अब मध्य क्षेत्र सह बौद्धिक प्रमुख का दायित्व

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी फिलहाल क्षेत्रीय संगठन महामंत्री के पास रहेगी


हितानंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) ने प्रदेश की संगठन व्यवस्था में बड़े बदलाव किए है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में वापसी हुई है, उन्हें मध्यक्षेत्र का सह बौद्धिक प्रमुख बनाया गया है। उनका केंद्र जबलपुर होगा। मप्र-छग के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री का दायित्व अजय जामवाल के पास है। ऐसे में फिलहाल मप्र में नवीन प्रदेश संगठन महामंत्री की नियुक्ति होने तक अजय ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 2022 में मिली थी जिम्मेदारी

हितानंद शर्मा मूलरूप से अशोकनगर के रहने वाले हैं और विद्या भारती संगठन से जुड़े थे। वर्ष 2020 में हितानंद शर्मा को भाजपा का प्रदेश सह संगठन मंत्री बनाया गया था। यह कदम उपचुनावों से पहले संगठन मजबूत करने के लिए उठाया गया था। 2022 में ▶▶ शेष पेज 4 पर



सुनेत्रा पवार ने महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली

# अजित 'दादा' की कुर्सी संभालेंगी सुनेत्रा 'काकी'

- 28 जनवरी को अजित पवार की विमान हादसे में हुई थी मौत
- ठीक तीसरे दिन यानी 31 जनवरी को हो गया 'राजतिलक'
- आबकारी और खेल मंत्रालय संभालेंगी सुनेत्रा

**पीएम नरेंद्र मोदी बोले- वे अजित दादा के सपनों को पूरा करेंगी**

**दुख के पहाड़ से घिरे और शोक में डूबे हम सभी को यह भी समझ नहीं आ रहा कि उन्हें बधाई कैसे दें?**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बन गईं। विमान हादसे में अजित पवार के निधन के बाद महाराष्ट्र सरकार में यह पद खाली हुआ था। सुनेत्रा पवार को एनसीपी (अजित पवार गुट) ने सर्वसम्मति से अपना नेता चुना।


सुनेत्रा पवार

उपमुख्यमंत्री पद के साथ-साथ सुनेत्रा पवार राज्य सरकार में आबकारी और खेल मंत्रालय का प्रभार भी संभालती रहेंगी। महाराष्ट्र की राजनीति में शनिवार को एक ऐतिहासिक और भावनात्मक क्षण देखने को मिला, जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) की नेता और दिवंगत अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुंबई के लोक भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

**शपथ ग्रहण पर बोले शिंदे गुट के मंत्री**

### इंसान से ज्यादा जरूरी कुर्सी

महाराष्ट्र के मंत्री और शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने अपने बयान में कहा कि 28 जनवरी को अजित पवार की विमान दुर्घटना में मौत के कुछ ही दिनों बाद नए उपमुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को बाद में होना चाहिए था। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि इस घटनाक्रम से पता चलता है कि कुर्सी इंसान से ज्यादा जरूरी है। शिरसाट ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह जल्दबाजी एनसीपी की कुछ अंदरूनी राजनीति का नतीजा है। ▶▶ पढ़ें पेज 07 भी

## खबर संक्षेप

### लकड़ी काटते समय ब्लास्ट युवक की मौत, जांच जारी



**मुरैना।** सिविल लाइन थाने के जौरी इलाके में लकड़ी काटते समय हुए ब्लास्ट से एक 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। ब्लास्ट के समय युवक गंभीर रूप से घायल हुआ, परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर ग्वालियर निजी हॉस्पिटल ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सिविल पुलिस और एफएसएल टीम के द्वारा जांच शुरू कर मौके से कुछ अवशेष भी जब्त किए हैं।

### चौथी मंजिल से गिरा फिजियोथैरेपिस्ट, मौत



**जबलपुर।** यहां फिजियोथैरेपिस्ट की शनिवार सुबह चौथी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। घटना संजीवनी नगर थाना क्षेत्र के धनवंतरी नगर स्थित यश हाइट अपार्टमेंट की है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। शुरुआती जांच में पुलिस को बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या करने की आशंका है।

### स्टेयरिंग फेल होने से खाई में उतरी यात्री बस, 5 गंभीर



**खंडवा।** बुरहानपुर जिले के धुलकोट से शिवाबाबा होते हुए पंधाना आ रही एक यात्री बस शनिवार दोपहर जामनिया गांव के पास अनियंत्रित हो गई। हादसे में कुल 16 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 5 की हालत गंभीर हैं। घायलों को पंधाना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की वजह बस का स्टेयरिंग फेल होना हैं। जिससे कि बस रोड किनारे खाई में उतर गई।

सीएम डॉ. यादव ने रीवा जिले के गुढ़ में राज्य सरकार के संकल्प का किया ऐलान

# गुढ़ में 100 एकड़ में नए औद्योगिक क्षेत्र की सौगात, चित्रकूट धाम बनेगा 'भव्यतम'

*मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में बाबा महाकाल के महालोक, मंदसौर में भगवान श्रीपशुपतिनाथ लोक, ओरछा में राजा श्रीराम लोक और चित्रकूट धाम सहित 13 भव्य लोक आकार ले रहे हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को रीवा जिले में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने गुढ़ में 100 एकड़ क्षेत्र में नया औद्योगिक क्षेत्र बनाने की घोषणा की। बाबा भैरवनाथ मंदिर के नए भवन सहित 17 करोड़ 13 लाख लागत के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया। बाबा भैरवनाथ मंदिर प्रांगण में विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि दी जाएगी।

मंदिर प्रांगण में पुलिस चौकी और भैरवनाथ सरोवर का निर्माण होगा। गुढ़ में तीर्थयात्रियों के लिए विश्राम गृह, नई गोशाला बनाने के साथ ही स्व-सहायता समूह की महिलाओं को 2 करोड़ रुपए के हितलाभ वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रीवा जिले के गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के बाबा भैरवनाथ मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में बाबा महाकाल के महालोक, मंदसौर में भगवान श्रीपशुपतिनाथ लोक, ओरछा में राजा श्रीराम लोक और चित्रकूट धाम सहित 13 भव्य लोक आकार ले ▶▶ शेष पेज 4 पर

**विंध्य की धरती पर उद्योग लगाने के लिए आ रहे हैं देशभर के निवेशक**


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रीवा में विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुए

**गुढ़ के बाबा भैरवनाथ लोक और 17.13 करोड़ लागत के विकास कार्यों का किया लोकार्पण**

**भैरवनाथ मंदिर प्रांगण में बनेगी पुलिस चौकी, भैरवनाथ सरोवर, तीर्थ यात्री विश्राम गृह व नई गोशाला**

### नए औद्योगिक क्षेत्र में हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस औद्योगिक क्षेत्र में रीवांचल क्षेत्र के हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना के तहत डेयरी शुरू करने के लिए आवश्यक राशि के चेक हितग्राहियों को सौंपे। मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए ▶▶ शेष पेज 4 पर

### विंध्य क्षेत्र के लिए वरदान बनी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री के संकल्प के बल पर रीवा जैसे स्थान पर भी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित हुई। अब देशभर के निवेशक अपने उद्योग लगाने के लिए विंध्य की धरती पर आ रहे हैं। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। रीवा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### गुढ़ मंदिर में स्थापित है भगवान भैरवनाथ की अद्भुत प्रतिमा



विधायक नागेंद्र सिंह ने कहा कि गुढ़ के मंदिर में विराजमान भगवान भैरवनाथ की यह प्रतिमा अद्भुत है। मुख्यमंत्री के विशेष सहयोग से भैरवनाथ मंदिर परिसर में विकास कार्यों को मूर्त रूप देना संभव हो पाया है। गुढ़ विधानसभा के तहत गुढ़ के समीप ग्राम खामडीह में मप्र शासन की एलएडी योजना के तहत भैरव बाबा मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने पर भैरवनाथ लोक परिसर का भव्य लोकार्पण किया गया। इसकी कुल लागत 2 करोड़ ▶▶ शेष पेज 4 पर


इब्राहिम (मृतक)
लाल घेरे में बालकनी, जहां बच्चा मिला

**बड़ा सवाल : यह हादसा या आत्महत्या?**

# बारह साल के बच्चे से हुआ फायर, सिर के पार हुई गोली

**कक्षा तीसरी में पढ़ता था छात्र, कनपटी से आरपार हुई गोली दीवार में धंसी, फूफा की थी अवैध पिस्टल**

*ऐसा प्रतीत हो रहा है कि रील बनाने के दौरान अथवा खेल-खेल में इब्राहिम ने अपनी कनपटी पर पिस्टल लगाकर ट्रिगर दबा दिया होगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित छोला रोड जेपी नगर में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात 12 साल के बच्चे के सिर में गोली लग गई। फायर पास से होने के कारण गोली उसके सिर से आरपार होकर दीवार में जा धंसी।

परिजन उसे तत्काल हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि गोली बच्चे के फूफा की अवैध पिस्टल से चली है। जानकारी के अनुसार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### घर की सफाई में मिली जीजा की अवैध पिस्टल

पुलिस ने बताया कि इब्राहिम की मौत होने के काफी देर बाद पिता रिजवान खान ने घटना का सनसनीखेज खुलासा किया। अपने बयान दर्ज कराते हुए रिजवान ने बताया कि कुछ समय पहले करीब एक-डेढ़ माह तक उसका जीजा वाहिद नूर निवासी जहांगीराबाद, उसके घर में आकर रहा था। शुक्रवार 30 जनवरी को घर की सफाई के दौरान अलमारी से ▶▶ शेष पेज 4 पर

केदारनाथ धाम में मोबाइल पर बैन

# मंदिर परिसर में रील बनाई या फोटो खींची तो लगेगा जुर्माना

**रील बनाने वालों के कारण भक्तों को होती है परेशानी**

एजेंसी ▶▶ देहरादून

बाबा केदार के दर्शनों के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों को अब मंदिर के भीतर और परिसर में मोबाइल या कैमरा ले जाने की अनुमति नहीं होगी। यह कदम धाम की गरिमा


फाइल फोटो

बनाए रखने और श्रद्धालुओं को बिना किसी बाधा के दर्शन कराने के उद्देश्य से उठाया गया है। कई बार श्रद्धालु ▶▶ शेष पेज 4 पर

योगी के समर्थन में नौकरी छोड़ी थी

# जीएसटी अफसर प्रशांत सिंह ने इस्तीफा वापस ले लिया

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

सीएम योगी के समर्थन में इस्तीफा देने वाले जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह ने यूटर्न ले लिया है। डिप्टी कमिश्नर ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि


प्रशांत सिंह

**भाई पर लगाए कई तरह के आरोप**

वह बिना किसी दबाव के इस्तीफा वापस ले रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह उनका व्यक्तिगत निर्णय है। हालांकि, इस दौरान प्रशांत कुमार ने अपने भाई पर गंभीर आरोप लगाए। भाई पर आरोप लगाते हुए जीएसटी अफसर ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

# टी20 में भारत की न्यूजीलैंड पर धमाकेदार जीत



भारत ने 4-1 से जीती सीरीज, 46 रन से जीत

सूर्यकुमार यादव को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया

### ईशान के शतक और अर्शदीप की गेंदबाजी का कमाल

**तिरुवनंतपुरम।** भारत ने 5 मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में न्यूजीलैंड को तिरुवनंतपुरम में ईशान किशन की शतकीय पारी (103 रन) साथ ही अर्शदीप सिंह की घातक गेंदबाजी (5 विकेट) के दम पर 46 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ▶▶ शेष पेज 4 पर, ▶▶ पढ़ें पेज 13 भी

दिन में तापमान में कमी बनी रहेगी, जबकि रातें गर्म होंगी

# फरवरी की शुरूआत बारिश, बादल, ओले-कोहरे के साथ, आज कई जिलों में बारिश, घना कोहरा

**पूरे फरवरी में प्रदेश में सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद**


राजधानी का चेतक ब्रिज, शाम 5 :30 बजे का दृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में फरवरी माह की शुरूआत बदले मौसम के साथ होगी। फरवरी का पहला सप्ताह मिले-जुले मौसम के साथ बीतेगा। इस बीच कई जिलों में बारिश, बादल, कुछ जगह ओले और घने कोहरे का असर रहेगा। दिन में तापमान में कमी बनी रहेगी, जबकि रातें गर्म होंगी। शनिवार को भी भोपाल सहित कई जिलों में बादलों का असर रहा। कुछ जगह बारिश हुई, जबकि प्रदेशभर में रात के तापमान में औसतन दो डिग्री तक बढ़त रही ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आज यहां बारिश कोहरे का अलर्ट

शनिवार को दोपहर के समय नर्मदापुरम, पचमढ़ी, विदिशा, राजगढ़, शाजापुर में बिजली के साथ हल्की आंधी और गुना, राजगढ़, सागर, रायसेन तथा सांची में हल्की बारिश हुई है। मौसम केंद्र के अनुसार रविवार को विदिशा, राजगढ़, रतलाम, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, दमोह, सागर आदि जिलों में बौछारें पड़ने का अलर्ट है। कुछ जगह सोमवार तक ओले भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

पुलिस को सीसीटीवी कैमरे में दो युवकों के साथ अली दिखा था

गला घोंटकर की गई थी हत्या, आरोपी रेहान हिरासत में

# इंदौर में लापता 13 वर्षीय नाबालिग की निर्मम हत्या, पलंग में 'छिपाया' गया था उसका शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर के श्रीनगर कांकड़ इलाके में 13 साल के नाबालिग अली कादरी की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उसका शव घर से 30 मीटर दूर एक बिल्डिंग में पलंग के अंदर छिपा मिला। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। अली कादरी बीती शाम से लापता था।

परिवार वालों ने उसे बहुत खोजा पर वो नहीं मिला। इसके बाद गुमशुदगी का मामला थाने में दर्ज कराया गया। शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई और जांच शुरू की। पुलिस ने जांच के दौरान नाबालिग का शव एक बिल्डिंग से बरामद किया। एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि अली

**शव को कंबल से ढंक दिया उस पर दादी को सुला दिया**


अली कादरी (मृतक)



कादरी के परिजनों की ओर से शुक्रवार शाम शिकायत की गई थी। वो शाम करीब 7.30 बजे के बाद से लापता था। जांच शुरू की तो पुलिस को सीसीटीवी कैमरे में दो युवकों के साथ अली दिखा। फिर जांच का दायरा बढ़ाया गया तो पुलिस बिल्डिंग तक पहुंची। ये बिल्डिंग घर से महज 30 ▶▶ शेष पेज 4 पर

**नाबालिग को तलाशने पुलिसकर्मियों के साथ घूमा था आरोपी**

### आरोपियों ने हत्या क्यों की? इसकी पड़ताल

पुलिस ने इस मामले में रेहान नामक युवक को गिरफ्तार किया। सीसीटीवी फुटेज में अली, रेहान और अन्य युवक रिजवान के साथ जाते हुए दिखाई दिया था। आरोपियों ने पहले गला घोटा फिर सिर पर पत्थर मारकर अली की हत्या की और शव को छिपा दिया। आरोपियों ने हत्या क्यों की ? इसकी पड़ताल की जा रही है। शव को एक पलंग के अंदर छुपाकर रखा गया था। आरोपियो ने हत्या छत पर की और शव को वे नीचे लाए और पलंग में छिपाकर कंबल से ढंक दिया। पलंग पर दादी को सुला दिया। पुलिस के अनुसार अली कोचिंग के लिए घर से निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। रिपोर्ट के बाद पुलिस जब अली को खोजने श्रीदेवी अपार्टमेंट तक आई तो दूसरे रहवासियों की तरह आरोपी रेहान भी अपने फ्लैट से निकला और पुलिस के साथ घूमता रहा और अली को खोजता रहा।

# रीवा महाविद्यालय का नया अस्पताल भवन बनने पर 2400 से अधिक होगी बेड क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रीवा, विंध्य क्षेत्र के विकास के लिए ट्रेन के इंजन के समान है, जो संपूर्ण विंध्य को गति प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश सभी चुनौतियों को पार करते हुए सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। भारतीय छात्र मेडिकल की पढ़ाई करने के लिए यूक्रेन और उसके आसपास के देशों में जाते थे।

वहां जब युद्ध के हालात बने तो प्रधानमंत्री मोदी एक-एक भारतीय को स्वदेश वापस लेकर आए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को रीवा के श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय के विस्तारीकरण कार्य का भूमि-पूजन करने के बाद जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास कार्यों की गति निरंतर जारी है। रीवा में नया अस्पताल भवन बनने के बाद 2400 से अधिक बेड की क्षमता हो जाएगी। आजादी के बाद 55 वर्षों में प्रदेश में सिर्फ 5 मेडिकल कॉलेज थे। हमारी सरकार आने के बाद 2 साल में ही 6 शासकीय मेडिकल कॉलेज खुले हैं। प्रदेश के प्रमुख जिलों के साथ जनजातीय अंचलों में भी मेडिकल कॉलेज खोलने की पहल की गई है। बहुत जल्द मध्यप्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 50 हो जाएगी। रीवा के नए अस्पताल भवन में कार्डियोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और कैंसर के इलाज के लिए स्पेशल यूनिट बनेगी। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर में भी अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से कैंसर मरीजों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर में भी अत्याधुनिक मशीनों से कैंसर मरीजों को मिलेगा इलाज**

**चिकित्सा सुविधाओं के विकास में राज्य सरकार के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का महत्व एक समान**

### खास बातें

- मध्यप्रदेश में मेडिकल एजुकेशन के अंडर ग्रेजुएशन की सीटें बढ़कर हुई 5500
- हर साल 10 हजार डॉक्टर मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर देंगे सेवाएं



लोकार्पण करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव और डिप्टी सीएम शुक्ल।

### ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों का समान महत्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार के लिए ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों का समान महत्व है। विंध्य के सिंगरौली को भी मेडिकल कॉलेज की सौगात मिल गई है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार का ही परिणाम है कि अब मध्यप्रदेश में मेडिकल अंडर ग्रेजुएट के लिए सीटों की संख्या 5500 हो चुकी है। आगामी वर्षों में हर साल 10 हजार डॉक्टर मेडिकल की पढ़ाई पूर्ण कर निकलेंगे। प्रदेश में नर्सिंग और पैरा मेडिकल के लिए भी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। रीवा के श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय के विस्तारीकरण के लिए लगभग 350 करोड़ की लागत से विकास कार्यों का भूमि-पूजन हुआ है। इनमें 15 अलग-अलग विकास कार्य भी शामिल हैं।

### रीवा में 70 साल पुराना मेडिकल कॉलेज

उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री रीवा के विकास को गति प्रदान करने के लिए लगभग 350 करोड़ रुपए लागत के कार्यों का भूमि-पूजन कर रहे हैं। रीवा में 70 साल पुराना मेडिकल कॉलेज है। यहां मेडिकल कॉलेज में निरंतर एमबीबीएस सीटों की संख्या बढ़ाई जा रही है। भविष्य में यहां एक साल 200 विद्यार्थी मेडिकल की पढ़ाई कर सकेंगे। रीवा मेडिकल कॉलेज को नए इंफ्रॉस्ट्रक्चर की आवश्यकता है। राज्य सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रदेशभर में स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास कर रही है। प्रदेश में अब 19 शासकीय मेडिकल कॉलेज हो चुका हैं। प्रदेश में निजी मेडिकल कॉलेजों की संख्या 14 है। भविष्य में 6 नए मेडिकल कॉलेज आकार लेंगे। बहुत जल्द प्रदेश में कुल 33 मेडिकल कॉलेज संचालित होंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने आगामी 5 वर्षों में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 50 अधिक करने का लक्ष्य रखा है। ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की संख्या पर्याप्त हो जाएगी।



## मुख्यमंत्री ने कहा, किसान रथ निकालें, उड़द और मूंगफली के आधिकाधिक उत्पादन को दें प्रोत्साहन

# किसानों के कल्याण के लिए मिशन मोड में करें काम, किसानों का जीवन संवारना हमारा कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जो हम सबके अन्नदाता हैं, उनके दुख-दर्द की चिंता करना हमारा कर्तव्य है। किसानों का समग्र कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। यह सरकार के लिए एक मिशन है। सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया है। किसानों का जीवन संवारने और इनकी बेहतरी के लिए पूर्ण समर्पित भाव से मिशन मोड में कृषक कल्याण वर्ष का बेहद प्रभावकारी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेश के सभी कमिश्नर्स-कलेक्टर्स को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष के दौरान किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। किसान रथ चलाए जाएं। इनका शुभारंभ स्थानीय सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से ही कराएं। कृषक कल्याण वर्ष में किसानों से विभिन्न स्थानों पर को निरंतर संवाद करें। उन्हें ग्रीष्मकालीन मूंग के स्थान पर अधिकाधिक रकबे, मात्रा में मूंगफली और उड़द की फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

### मंडियों का करें भ्रमण, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन पर दें विशेष ध्यान

**कृषक कल्याण वर्ष का करें प्रभावी क्रियान्वयन, कृषि वर्ष की गतिविधियों की करें नियमित मॉनिटरिंग**


वीडियो कांफ्रेंसिंग में अधिकारियों को निर्देशित करते सीएम।

### कलेक्टर्स किसानों से लगातार करते रहें संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कलेक्टर्स किसानों से लगातार संवाद करते रहें। कृषक कल्याण वर्ष की तय गतिविधियों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। रोस्टर तैयार कर कृषि उपज मंडियों का सतत निरीक्षण करें और कृषि उत्पादों पर विपणन पर विशेष ध्यान देकर इनके मूल्य संवर्धन के लिए पूरी कमर्शियल चेन का निर्माण करें। प्रदेश की दुग्ध उत्पादन क्षमता में वृद्धि के लिए विभाग को नवाचार अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुपालकों को दुग्धोत्पादन बढ़ाने के सभी नए-नए तरीके और उपाय बताएं जाएं। प्रमुख सचिव पशुपालन ने बताया कि पशुपालकों के ज्ञान संवर्धन के लिए एक ऐप तैयार किया जा रहा है। यह ऐप पशुपालकों को बताएगा कि दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए किस प्रकार की गाय/भैंस को कैसा आहार खिलाना चाहिए। इससे पशुपालक सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे।

### फरवरी में डिण्डोरी में होगा कोदो-कुटकी बोनस वितरण कार्यक्रम

मार्च में राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन आयोजित होगा। सीएम ने कृषक कल्याण वर्ष में होने वाली मासिक गतिविधियों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि फरवरी के पहले सप्ताह में डिंडोरी जिले में कोदो-कुटकी का बोनस वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। 16 से अधिक जिलों में कोदो-कुटकी उत्पादन होता है। वर्ष 2025 में 2800 टन कोदो-कुटकी की शासकीय खरीदी की गई है। दूसरे सप्ताह में गुलाब महोत्सव आयोजित होगा। तीसरे सप्ताह में शत-प्रतिशत किसानों के आईडी पंजीयन तथा किसान उन्मुखी योजनाओं के एग्रीस्टैक से एकीकरण के लिए निमाड़ क्षेत्र के किसी जिले में राज्यस्तरीय एग्रीस्टैक एवं डिजिटल कृषि प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसी तरह इस माह के अंतिम सप्ताह में कृषि मंथन के नाम से अलग-अलग जिलों में दो बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### पराली जलाने पर लगाएं रोक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी कलेक्टर्स अपने-अपने जिले में पराली, नरवाई जलाने की घटनाओं पर सख्ती से अकुंश लगाएं। अपने-अपने जिले का नरवाई प्रबंधन प्लान बनाएं। खेतों से निकलने वाली पराली, भूसे का समुचित उपयोग होना चाहिए। फसलों के अवशेष से गोबर से कंपोजिट बायोगैस संयंत्रों की स्थापना की जाए। सभी कलेक्टर्स यह तय करें कि किसानों की ओर से खेत से निकली पराली और भूसा निकटतम छोटी-बड़ी गौशालाओं में ही पहुंचाया जाए। इससे गौवंश को लाभ मिलेगा।

### सराफा व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र किया जाएगा निदानः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से होलसेल सराफा व्यापार एवं मध्य प्रदेश प्रांतीय सराफा एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। इस अवसर पर सराफा व्यापारियों को भविष्य में आने वाली व्यावहारिक एवं कानूनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। प्रमुख रूप से धारा 411, व्यापारियों की आत्म-सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस, गिरवी से संबंधित नियम तथा सराफा व्यापार से जुड़ी जमीनी समस्याओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विषयों को गंभीरता से सुना एवं सराफा व्यापारियों की व्यावहारिक कठिनाइयों को समझते हुए यह आश्वासन दिया कि सराफा व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इन सभी विषयों पर शीघ्र ही सकारात्मक एवं व्यावहारिक निर्णय लेकर उन्हें क्रियान्वित कराया जाएगा, जिससे व्यापारियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से संजीव कुमार गर्ग गांधी (होलसेल सराफा अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश प्रांतीय सराफा एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष), अखिलेश मित्तल (सचिव, भोपाल सराफा एसोसिएशन), विजय वर्मा (सचिव, होलसेल सराफा एसोसिएशन), विवेक अग्रवाल, गौरव अग्रवाल (कार्यकारिणी सदस्य, भोपाल सराफा एसोसिएशन), आनंद सोनी (अध्यक्ष, अरेरा कॉलोनी सराफा एसोसिएशन) उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि राज्य सरकार द्वारा सराफा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए शीघ्र ही ठोस कदम उठाए जाएंगे, जिससे मध्य प्रदेश का सराफा व्यापार और अधिक सुरक्षित, संगठित एवं सशक्त बनेगा।


सराफा व्यापारियों से भेंट करते सीएम।

## कार्यशाला को संबोधित करते हुए बोले हेमंत

# वीबी जी-रामजी योजना को लेकर समाज में झूठ फैला रही कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को बैतूल भाजपा जिला कार्यालय में वीबी जी-रामजी योजना को लेकर जिला कार्यशाला को संबोधित किया। खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस योजना को लेकर समाज में झूठ फैला रही है। इस योजना का नाम पहले नरेगा था, बाद में कांग्रेस ने बदलकर महात्मा गांधी नरेगा किया था। कांग्रेस इस योजना के अलावा भी कई और राष्ट्रीय योजनाओं के नामों में पहले बदलाव कर चुकी है। पीएम वीबी जी-रामजी योजना के जरिए महात्मा गांधी जी के सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वीबी जी-रामजी योजना में पहले मजूरों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी थी, अब 125 दिन रोजगार की गारंटी है। रोजगार नहीं मिलने की स्थिति में बेरोजगारों को भत्ता देने का भी नए कानून में प्रावधान किया गया है। कार्यशाला को केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह एवं जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार ने भी संबोधित किया। कांग्रेस ने महात्मा गांधी के विचारां को कभी सम्मान नहीं किया  खण्डेलवाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने खादी और स्वदेशी का नारा दिया था।


हेमंत खंडेलवाल

## 12 सूत्रीय मांगों को लेकर विस का करेंगे घेराव

# स्वास्थ्य कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन कल से होगा आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लंबित मांगों को लेकर आक्रोशित प्रदेश भर के स्वास्थ्य कर्मचारी दो फरवरी से चरणबद्ध आंदोलन का शखनांद कर विधानसभा का घेराव करेंगे। समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने मुख्यमंत्री सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चेतावनी पत्र आंदोलन की सूचना दे दी है। सुरेंद्र सिंह कौरव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारी मानव सेवा करते है। महत्त्वपूर्ण विभाग होने के बाद भी विभाग की मनमानी के कारण मजबूरन आंदोलन की राह पर जाना पड़ता है।

### यह प्रमुख मांगें

- रात्रि कालीन आकस्मिक चिकित्सा भत्ता दिया जाएं।
- रेडियोग्राफर, डार्क रूम असिस्टेंट, अटेंडेंट को रेडिएशन जोखिम भत्ता मिले।
- ग्वालियर और रीवा मेडिकल कॉलेज की भांति समस्त मैडिकल कॉलेज के नर्सिंग ऑफिसर कर्मचारी को तीन एवं चार वेतन वृद्धि दी जाएं।
- अन्य राज्यों की भांति समस्त कैडरों के पद नाम परिवर्तन किया जाएं।
- आउटसोर्स एवं रोगी कल्याण समिति के कर्मचारियों के लिए ठोस नीति बनाई जाएं।

# आठ जिलों में खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

10 फरवरी से मध्यप्रदेश के फाइलेरिया प्रभावित आठ जिलों के 12 विकासखंडों में लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलाई जाएगी। बता दें कि प्रत्येक वर्ष 30 जनवरी को पूरे विश्व में एनटीडी दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का अभिप्राय यह है कि विश्व के सारे लोग एनटीडी (नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीजेज) के नियंत्रण और उन्मूलन के प्रति पूरी प्रतिबद्धता से जनांदोलन के रूप में कार्य करें। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु जायसवार ने बताया कि एनटीडी, लगभग 21 रोगों का एक समूह है, जो अभी भी नेग्लेक्टेड कही जाती हैं और विश्व में लगभग 1.7 अरब लोग कम से कम किसी एक नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज से प्रभावित क्षेत्र में रहते हैं।

# श्रमिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए श्रम कंट्रोल रूम सतत रूप से कार्यरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रम विभाग की ओर से प्रदेश के श्रमिकों एवं कर्मचारियों की श्रम संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से राज्य स्तरीय श्रम कंट्रोल रूम का संचालन किया जा रहा है।

श्रमिक अपनी शिकायतें टोल-फ्री नंबर 1800 233 8888 पर दर्ज करा सकते हैं। राज्य स्तरीय श्रम कंट्रोल रूम में 30 जनवरी तक कुल 115 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 86 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 29 शिकायतें वर्तमान में प्रक्रियाधीन हैं। प्रक्रियाधीन शिकायतों के शीघ्र निराकरण के लिये संबंधित जिलों एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। श्रम कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों में प्रमुख रूप से मजदूरी का भुगतान न्यूनतम वेतन अधिनियम से संबंधित शिकायतें, सेवा समाप्ति, निलंबन एवं सेवा शर्तों से संबंधित विवाद, कार्य समय, साप्ताहिक अवकाश एवं ओवरटाइम से संबंधित शिकायतें, महिला श्रमिकों, असंगठित क्षेत्र एवं संविदा श्रमिकों से संबंधित मुद्दे, श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित श्रम कल्याण मंडल, भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, इत्यादि से संबंधित मुद्दे तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित जानकारी एवं शिकायतें शामिल हैं।

# एमपी ट्रांसको के वेतन खाता धारकों के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र देगा बीमा, लोन सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने अपने कार्मिकों के लिए अन्य बैंको से वेतन प्राप्त करने के विकल्प में बढ़ोतरी करते हुए बैंक आफ महाराष्ट्र के साथ एक एमओयू में हस्ताक्षर किए हैं। इसके अंतर्गत बैंक ऑफ महाराष्ट्र अब सैलरी वेरियेंट के हिसाब से सैलरी सेविंग अकाउण्ट स्कीम बैंकिंग सेवाओं के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाएं प्रदान करेगा।

### बैंक से ये मिलेगी सुविधाएं

मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल महरोत्रा ने जानकारी दी कि इस समझौते के तहत बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एमपी ट्रांसको के खाता धारक कार्मिकों को नई विशेष हितकारी सुविधाएं, जिनमें सामान्य मृत्यु बीमा 10 लाख तक, हवाई दुर्घटना बीमा कवर, विभिन्न लोनों के प्रोसेसिंग फीस में छूट, चिकित्सा बीमा इत्यादि का लाभ प्रदान करेगा। इसके अलावा बिना शुल्क, डिजिटल उत्पादों से लैस सैलरी सेविंग अकाउंट स्कीम बैंकिंग सुविधा प्रदान करेगा एवं ऋण खातों में प्रोसेसिंग फीस छूट, बैंक ऑफ महाराष्ट्र रू-पे कार्ड की विभिन्न सुविधाएं डेबिट कार्ड, आदि सुविधायें बैंक ऑफ महाराष्ट्र में एमपी ट्रांसको के वेतन खाता धारक कार्मिकों के लिए उपलब्ध रहेंगी।

# जर्नलिस्ट हेल्थ केयर सोसाइटी के ब्रजेश राजपूत बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


भोपाल के पत्रकारों की सोसायटी फॉर जर्नलिस्ट हेल्थ केयर की शनिवार को हुई सालाना आमसभा में ब्रजेश राजपूत को सर्वसम्मति से संस्था का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में समिति की गतिविधियों, आर्थिक स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के एजेंडे में बीते वित्तीय वर्ष का लेखा-जोखा एवं उपलब्धियां, सदस्यता संबंधी ब्यौरा, सदस्य एवं गैर-सदस्यों को सहायता तथा मृत्यु प्रकरणों में परिजनों को दी गई सहायता का विवरण, सोसाइटी को प्राप्त अनुदान का लेखा-जोखा और नवीन कार्यकारिणी के गठन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। इसके अतिरिक्त अन्य विषयों पर अध्यक्ष की अनुमति से विचार किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने आगामी 15 दिनों में नई कार्यकारिणी बनाने की बात कही और संस्था के उद्देश्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया। बैठक में पूर्व कार्यकारिणी के कार्यों की सराहना करते हुए वरिष्ठ पत्रकार सुरेश महरोत्रा ने संस्था को प्रतिवर्ष दी जा रही आर्थिक सहायता के लिए साधुवाद दिया।



## जात-पात और छुआछूत से जकड़े समाज में प्रेम, समरसता और आध्यात्मिक समानता का दीप जलाया

# संत शिरोमणि गुरु रविदासः भक्ति, कर्मयोग और राष्ट्रीय एकता के अग्रदूत


लाल सिंह आर्य
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अनुसूचित जाति मोर्चा, भाजपा

भारतीय संत परंपरा में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का नाम केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं है; वे सामाजिक चेतना, समानता और मानव गरिमा के विराट प्रतीक हैं। उनकी वाणी का मूल संदेश यही था कि ईश्वर बाहरी आडंबरों में नहीं, बल्कि नर्मिल मन में निवास करते हैं मन ही पूजा, मन ही धूप के माध्यम से उन्होंने भक्ति को आंतरिक साधना से जोड़ा। संत रविदास जी एक ऐसे सांस्कृतिक संकल्प का प्रतिनिधत्वि करते हैं, जिसने समाज को झुकना नहीं, बल्कि मानवता के सूत्र में जोड़ना सिखाया। जात-पात और छुआछूत से जकड़े समाज में उन्होंने प्रेम, समरसता और आध्यात्मिक समानता का दीप जलाया। 15वीं शताब्दी में जन्मे संत रविदास जी ने उस दौर में आवाज उठाई जब सामाजिक विभाजन गहराई तक बैठ चुका था। उन्होंने अपने पदों और जीवन के उदाहरणों से स्पष्ट किया कि मनुष्य की पहचान जन्म से नहीं, बल्कि कर्म और गुणों से होती है। एकै माटी के सभ भांडे के माध्यम से उन्होंने समस्त मानवता की एकता का दर्शन दिया, वहीं जनम जात मत पूछिए, का जात अरू पात। रैदास पूत सब प्रभु के, कोए नहिं जात कुजात।। कहकर जातिगत अहंकार को सामाजिक विघटन का कारण बताया। उनके लिए भक्ति केवल पूजा-पाठ नहीं थी, बल्कि सेवा, शिक्षा और समाज सुधार भी उतने ही पवित्र कर्म थे। ज्ञान को उन्होंने वह शक्ति माना जो व्यक्ति को सही और गलत का विवेक देती है और परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करती है। संत रविदास जी के जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष था श्रम की प्रतिष्ठा। वे पनही बनाने का कार्य करते थे और उन्होंने अपने पैतृक पेशे को कभी छोटा नहीं समझा। उन्होंने कहा श्रम कऊ ईसर जानि कै, अर्थात परश्रिम ही ईश्वर का स्वरूप है। उनसे जुड़ी प्रसद्धि कथा, जिसमें वे गंगा स्नान पर जाने के बजाय अपने वचन का पालन करते हुए पनही तैयार करने को प्राथमिकता देते हैं, कर्म निष्ठा और सत्यनिष्ठा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। लोककथाओं के अनुसार, संत रविदास जी के बढ़ते प्रभाव से प्रभावित होकर दिल्ली के शासक सिकंदर लोदी ने उन्हें दरबार में बुलवाया। वहां उनसे धर्म परिवर्तन करने का दबाव डाला गया, परंतु संत रविदास जी अडिग रहे। उन्होंने कहां वेद धरम त्यागू नहीं जो गल चलै कटार।। उन्होंने शांत भाव से कहा कि सच्ची भक्ति हृदय की होती है, उसे डर या लालच से बदला नहीं जा सकता। संत रविदास जी के मन चंगा तो कठौती में गंगाहृ का संदेश यह बताता है कि पवित्रता स्थान में नहीं, मन में होती है। युवाओं के लिए उनका यह जीवनदर्शन आज भी प्रेरणास्रोत है—कर्म करते रहो, फल अवश्य मिलेगा। उनकी कल्पना का आदर्श समाज दुःख, भेदभाव और अभाव से मुक्त एक समतामूलक व्यवस्था का स्वप्न था। यह केवल आध्यात्मिक कल्पना नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की परिकल्पना थी, जहां सबको अन्न, सम्मान और समान अवसर मिले। आधुनिक समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समावेशी विकास और सबका साथ-सबका विकास की अवधारणा को इसी दृष्टि से जोड़ा गया है, जहां समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं और अवसर पहुंचाने की बात होती है। श्रमिकों, कारीगरों और वंचित वर्गों के सम्मान तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाली नीतियों को संत रविदास जी के श्रम-गौरव और अंत्योदय की भावना से प्रेरित माना जाता है कबीरदास जी ने संतों में संत रविदास जी को श्रेष्ठ बताया है, संत रविदास जी अत्यंत विनम्र, निष्कपट और सच्चे भक्ति मार्ग के साधक थे। वे जाति-भेद के विरुद्ध और प्रेम, समानता व मानवता के पक्षधर थे। कबीर और रविदास जी दोनों निगुर्ण भक्ति धारा के संत थे, इसलिए उनके विचारों में गहरी समानता मानी जाती है। ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिलै सबन को अन्न, छोट-बड़ो सब सम बसै, रैदास रहै प्रसन्न उनके सामाजिक दर्शन को और स्पष्ट करता है। वे केवल आध्यात्मिक मुक्ति की बात नहीं करते, बल्कि धरती पर ही एक न्यायपूर्ण व्यवस्था का स्वप्न देखते हैं। उनके लिए आदर्श राज वह है जहां किसी को भूख, अभाव या अपमान का सामना न करना पड़े। यहां अन्न जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं का प्रतीक है।, जबकि छोट-बड़ों सब सम सामाजिक समानता और जातिगत भेदभाव के अंत का संदेश देता है।

## राजधानी के स्कूलों की निगरानी के लिए गठित किया जाएगा महिला प्रकोष्ठ, किया जाएगा निरीक्षण

# स्कूलों में सैनेटरी पैड फ्री मिल रहे या नहीं अब इसकी निगरानी करेगा महिला प्रकोष्ठ

- सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का शिक्षकों-अभिभावक और स्कूल संचालकों ने किया स्वागत, कहा- व्यवस्था में होगा बड़ा बदलाव
- निः शुल्क सैनेटरी पैड उपलब्धता से स्कूलों में छात्राओं के नामांकन वृद्धि के साथ नियमित उपस्थिति भी होगी सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अलग खबर

सुप्रीम कोर्ट ने छात्राओं के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय सुनाते हुए देश के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सैनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा।

लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग वॉशरूम बनाने होंगे। जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे, उनकी मान्यता भी रद्द की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का छात्राओं, शिक्षकों, स्कूल संचालकों और अभिभावकों ने स्वागत किया है।

उनका मानना है कि इस निर्णय के बाद स्कूलों में इस व्यवस्था को लेकर बड़ा बदलाव होगा और छात्राओं के नामांकन पर भी इसका असर नजर आएगा। स्कूलों में छात्राओं के नामांकन की वृद्धि के साथ ही नियमित उपस्थिति भी सुनिश्चित हो सकेगी। राजधानी भोपाल में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसकी निगरानी और दिशा-निर्देशों के सख्ती से पालन के लिए एक महिला प्रकोष्ठ बनाया जाएगा।



शास. सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में नैपकिन वेंडिंग मशीन।

### शास. सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय

राजधानी स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय में नैपकिन वेंडिंग मशीन के साथ ही उपयोग करने के बाद नैपकिन को समुचित तरीके से डिस्पोज करने के लिए ईन्सीनरेटर मशीन भी लगाई है। फिलहाल नैपकिन वेंडिंग मशीन से नैपकिन लेने के लिए 5 रुपए का सिक्के का उपयोग करना होता है। हालांकि स्कूल प्रबंधन अब इसके निःशुल्क उपलब्ध कराने की व्यवस्था में जुट गया है।

### कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य



सुप्रीम कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य है। यह एक बेहतर निर्णय होने के साथ ही स्कूलों में बेटियों के नामांकन की वृद्धि की दिशा में कारगर साबित होगा। इससे बालिकाओं की नियमित उपस्थिति भी सुनिश्चित हो सकेगी।

**सुधाकर पाराशर**, प्राचार्य शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय

### निर्देशों का पालन करेंगे



सभी स्कूलों में बच्चियों के लिए यह व्यवस्था अनिवार्य रूप से निःशुल्क होनी चाहिए, जिससे गरीब बच्चियों को यह नैपकिन आसानी से मिल सकेगी। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय बहुत ही बेहतर निर्णय है। हम सभी निजी स्कूल कोर्ट के निर्देशों का पालन करने के साथ ही इस दिशा में जागरूकता के लिए भी बेहतर प्रयास करेंगे। इसके साथ स्कूलों में बच्चियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी।

**अजीत सिंह**, प्रदेश अध्यक्ष

### उपस्थिति बेहतर होगी



सुप्रीम कोर्ट का निर्णय बेटियों के हित में है और एक ऐतिहासिक फैसला है। इस निर्णय से बच्चियों की स्कूलों में उपस्थिति बेहतर होगी। इसके साथ ही जागरूकता की दिशा में भी यह निर्णय कारगर साबित होगा।

**सांतनु शर्मा**, संचालक

### बेहतर निर्णय



महिला प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा

सरकारी स्कूलों में 300 रूपए प्रति छात्रा के हिसाब से शासन द्वारा खाते में भेजे जाते हैं। भोपाल जिले में सरकारी स्कूलों की करीब 33 हजार 850 छात्राओं को प्रतिवर्ष इस राशि का भुगतान किया जा रहा है, जो कि लगभग 1 करोड़ 15 लाख 5 हजार रूपए है। इसके साथ निजी स्कूलों में इसकी अनिवार्यता को लेकर दिशा-निर्देश जारी करने के साथ इसकी निगरानी के लिए एक महिला प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा। ताकि न्यायालय के आदेश का पालन हो सके।

**एनके अहिरवार**, जिला शिक्षा अधिकारी, भोपाल

### निर्देशों का पालन होगा



स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस दिशा में लगातार बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। जहां-जहां कमी सामने आएगी, तत्काल निराकरण किया जाएगा। न्यायालय के निर्देशों का पालन होगा।

**डॉ. संजय गोयल**, प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा, मप्र शासन

### कोर्ट का फैसला सख्ती से पालन होना चाहिए

सर्वोच्च न्यायालय का फैसला देश की बेटियों के हित में है। हालांकि निचले स्तर पर इसका पालन कराने की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की है। इसका सख्ती के साथ पालन होना चाहिए। इसके साथ निजी स्कूलों में इसकी अनिवार्यता को लेकर दिशा-निर्देश जारी करना चाहिए। स्कूलों के समय-समय पर निरीक्षण के साथ ही निर्देशों का पालन नहीं करने वाले स्कूलों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। इस निर्णय से देशभर के स्कूलों में बच्चियों की नियमित उपस्थिति में वृद्धि होगी। यह एक बहुत ही बेहतर निर्णय है।

**प्रबोध पंडया**, महासचिव पालक महासंघ मप्र

### हर्षवर्धन नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर

राजधानी के हर्षवर्धन नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में छात्राओं के लिए सैनेटरी पैड बॉक्स की व्यवस्था की गई है। प्रबंधन के अनुसार, छात्राएं जरूरत के हिसाब से स्कूल में मौजूद शिक्षिकाओं और प्राचार्य से निःशुल्क सैनेटरी पैड ले सकती हैं। इसके साथ ही जल्द ही स्कूल में नैपकिन वेंडिंग मशीन भी लगाने की तैयारी है।



**उपस्थिति में होगा सुधारः** छात्राओं के हित में सुप्रीम का यह एक ऐतिहासिक निर्णय है। इस निर्णय से स्कूलों में व्यवस्थाएं बेहतर होंगी और छात्राओं की उपस्थिति में भी सुधार होगा। कोर्ट का निर्णय का सभी को पालन करना चाहिए।

**नम्रता तिवारी**, प्राचार्य सरस्वती विद्या मंदिर हर्षवर्धन नगर, भोपाल

### संस्कार भारती विद्यापीठ स्कूल



राजधानी के कटारा हिल्स क्षेत्र स्थित संस्कार भारती विद्यापीठ स्कूल में छात्राओं के लिए निःशुल्क सैनेटरी पैड की व्यवस्था की गई है। यहां छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था है। इसके अलावा एक अन्य शौचालय में भी बनाया गया है, जिसमें एक बॉक्स लगाया है। इस बॉक्स में सैनेटरी पैड के साथ ही लिक्विड हैंडवॉश की रखा गया है।



संपत्तिकर के बकायादार की संपत्ति को कुर्क करता निगम का अमला।

### संपत्ति कर के छह बकायादारों की संपत्ति पर निगम ने जड़े ताले

**भोपाल।** नगर निगम ने शहर के बडे बकायादारों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई तेज कर दी है। शनिवार को चार वार्डों में कार्रवाई करते हुए छह बकायादारों की संपत्ति कुक करते हुए तालाबंदी की। यह कार्रवाई जोन-4 के अमले ने वार्ड-16,17 व 20 में की गई। अमले ने मो रईस प्लाट नं. 56 मैकेनिकल मार्केट छोला रोड बकाया राशि 79 हजार 551 रुपए, नईम खान बाफना कॉलोनी पर 2 लाख 63 हजार 547 रूपए, जोगेन्द्र खन्ना बाफना कालोनी बकाया राशि 1 लाख 32 हजार 168 रूपए, सईदा खान बाफना कॉलोनी पर बकाया राशि 2 लाख 20 हजार 452 रूपए, मुशर्रफ बानो लैला बुर्ज रोड बकाया राशि 1 लाख 49 हजार 712 रूपए, मो. याकुब, मो. युसुफ, मो. इलियास यूनानी शफाखाना पर राशि 1 लाख 50 हजार 681 रूपए का भुगतान न करने पर संपत्ति पर तालाबंदी की कार्यवाई की। निगम की ओर से इन सभी को नोटिस देकर राशि जमा करने को कहा था, लेकिन भुगतान नहीं करने पर यह कार्रवाई की गई।

## पुराने शहर में बीते आठ दिनों से लगातार चल रही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

# बुधवारा में अतिक्रमण हटाने को लेकर हंगामा, व्यापारी ने अधिकारियों पर पैसे लेकर दुकानें लगाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की घनी आबादी के बीच अव्वस्थाओं से घिरे बुधवारा चौराहे पर शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने से नाराज एक व्यापारी ने पैसे लेकर दुकानें लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। उसने एक वीडियो भी जारी किया। इससे अधिकारी नाराज हो गए और तीखी बहस हुई।

इस दौरान खासी भीड़ एकत्र हो गई। अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र भदौरिया, महेश गौहर और अरविंद चौधरी से काफी देर तक बहस होती रही। महेश गौहर खासे नाराज हो गए, जबकि भदौरिया ने शासकीय कार्य में बाधा नहीं डालने का कहते हुए एफआईआर दर्ज करवाने की बात कही।

इसके बाद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई, जो दिनभर जारी रही। नगर निगम का अतिक्रमण विरोधी अमला लगातार आठवें दिन शनिवार को सुबह करीब 11 बजे अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया, महेश गौहर और अरविंद चौधरी के साथ बुधवारा में कार्रवाई के लिए पहुंचा था। अमले को देखते ही एक व्यक्ति ने कार्रवाई का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया और पैसे देकर दुकानें लगाने का आरोप लगाते हुए वीडियो वायरल किया। इस मामले को लेकर कुछ देर हंगामे की स्थिति बन गई।

### अधिकारी बोले- आरोप बेबुनियाद, मत करो व्यवधान, वरना केस दर्ज होगा

### अतिक्रमण अमले के साथ मौके पर पहुंचे थे तीन अधिकारी



मौके पर उपस्थित अधिकारी और लोग



व्यापारी को समझाइश देते अधिकारी।



कार्रवाई के दौरान व्यापारियों ने किया हंगामा।

### कार्रवाई रोकने लोग ऐसा करते हैंः भदौरिया

अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र भदौरिया ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान अक्सर लोग अर्नगल आरोप लगाते हैं ताकि कार्रवाई न हो। ऐसा कई बार होता है। बुधवारा क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा बेबुनियाद आरोप लगाए गए। कहासुनी के बीच उससे कहा गया कि शासकीय कार्य में व्यावधान मत करो, वरना एफआईआर दर्ज करवाएंगे। कुछ देर के बाद अतिक्रमण की कार्रवाई शुरू हुई, जो दिनभर चली।

### बुधवारा चौराहे पर सबसे ज्यादा अतिक्रमण

बुधवारा चौराहे पर सबसे ज्यादा अतिक्रमण की समस्या है। यहां दिनभर जाम के हालात रहते हैं। इतवारा से गिन्नौरी तक सेंट्रल वर्ज के दोनों ओर चार पहिया वाहन सालों से खड़े हो रहे हैं। इसके कारण रोड इतना संकरा हो गया है कि यातायात बाधित होता है। इसी के बीच ठेले, तीन पहिया और बैटरी ऑटो के अलावा दुकानों के बाहर तक अतिक्रमण बड़ी समस्या है। इसके कारण लोगों को परेशानी होती है।



## करोंद, नीलबड़ में कमर्शियल दुकानों की हायर रेट में रजिस्ट्री आवासीय में भी बढ़ेंगे दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन के लिए पंजीयन के अफसरों ने काम शुरु कर दिया है। जिले की 1580 लोकेशन पर रजिस्ट्रियों को खंगाला जा रहा है, जिसमें करोंद और नीलबड़ क्षेत्र में कई जगहों पर कमर्शियल दुकानों की रजिस्ट्री हायर रेट में हुई है। इन जगहों पर दाम बढ़ाए जा सकते हैं।

लांबाखेड़ा, नीलबड़, बैरसिया रोड, करोंद व कुछ अन्य ऐसे क्षेत्र हैं, जहां पिछले एक वर्ष में सबसे ज्यादा नामांतरण के आवेदन आए हैं। पंजीयन विभाग के अफसरों के अनुसार ऐसे ही कई क्षेत्रों की कई लोकेशनों पर रजिस्ट्री भी अधिक दरों पर हुईं हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों को नवविकसित क्षेत्र मानते हुए यहां की कई लोकेशनों पर 5 से 10 फीसदी रेट बढ़ाने की तैयारी है। ऐसे ही रायसेन रोड पर भी तेजी से विकास हो रहा है। जाटखेड़ी, मिसरोद, दानिश, कोलार में भी अच्छी खरीद फरोख्त हुई है, यहां जमीनें पहले से ही काफी महंगी हैं।

### मेट्रो के आसपास अधिग्रहण वाली जमीन छोड़ी

मेट्रो रेल प्रोजेक्ट जिन वार्डों में स्थित है वहां पर ट्रैक के दोनों तरफ 50 मीटर जगह छोड़कर कई लोकेशनों पर नई दरें प्रस्तावित की जाएंगी। जिससे करीब नौ वार्डों की जमीनों के रेट पर असर पड़ेगा। यहां भी बढ़त प्रस्तावित की जाएगी। शहरी और ग्रामीण एरिया में नए क्षेत्र भी कलेक्टर गाइडलाइन में शामिल किए जाएंगे।

### पॉलीगोन ड्रॉ में सामने आ रही विसंगति

एप आधारित कलेक्टर गाइडलाइन के लिए सब रजिस्ट्रार की तरफ से पॉलीगोन ड्रॉ तैयार किए गए हैं। नगर निगम के वार्ड स्तर पर तैयार किए जा रहे पॉलीगोन (एक ऐसा घेरा जिसमें प्लॉट की चारों दीवारें अंकित होती हैं) में कॉलोनी काटते समय की गईं विसंगतियां सामने आईं हैं।

## लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं को भेजे नोटिस, होगी सुनवाई

### 16 लाख 87 हजार 33 मतदाताओं में से 12 लाख 47 हजार 952 में तार्किक विसंगति

# दो लाख 27 हजार वोटर्स के उम्र, नाम, पिता और पति में अंतर, पेश करना पड़ेंगे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की सात विस बैरसिया, उत्तर, नरेला, दक्षिण पश्चिम, मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का दूसरा चरण का काम पूरा कर लिया गया है। अब 14 फरवरी तक नो मैपिंग वाले 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं की सुनवाई की जा रही है।

जिला निर्वाचन कार्यालय ने अचानक से लॉजिकल डिस्पेंसी वाले 2 लाख 27 हजार 317 नए मतदाताओं को नोटिस जारी कर दिए हैं। इन मतदाताओं के नाम, उम्र, पिता और पति के नाम में अंतर है। जिसको लेकर इन मतदाताओं को अब दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे। जिसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने 91 नए एईआरओ भी तैनात कर दिए हैं। इन मतदाताओं की सुनवाई भी 14 फरवरी तक पूरी की जानी है। जिले में अब 16 लाख 87 हजार 33 मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में शेष बचे हैं। जिनमें से 2 लाख 27 हजार 317 मतदाताओं को लॉजिकल डिस्पेंसी में रखा गया है। इन मतदाताओं की उम्र, नाम, पिता और पति के नाम में अंतर सामने आया है। हालांकि शुरुआत में 12 लाख 47 हजार 952 में तार्किक विसंगति सामने आई थी। अफसरों का दावा है कि अधिकतर में सुधार कर लिया गया है, जबकि शेष को नोटिस भेजे गए हैं।



**सुनवाई के लिए अलग से नियुक्त किए 91 एईआरओ**

### नो मैपिंग और लॉजिकल डिस्पेंसी की अलग-अलग होगी सुनवाई

जिले की सात विस में नो मैपिंग वाले 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं की सुनवाई एसडीएम दफ्तर, जनपद सीईओ और वार्ड कार्यालयों में की जा रही है। इसके लिए पहले ही 90 एईआरओ नियुक्त कर दिए गए थे। अब तक 49 हजार 965 मतदाताओं की सुनवाई की गई है। 14 फरवरी तक चलने वाली सुनवाई के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने 91 अतिरिक्त एईआरओ नियुक्त किए हैं। यह अफसर लॉजिकल डिस्पेंसी वाले 2 लाख 27 हजार 317 मतदाताओं की सुनवाई करेंगे।

### बीएलओ भी मौके पर कर सकेंगे वेरिफाई

लॉजिकल डिस्पेंसी वाले मतदाताओं को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। बीएलओ घर पर आकर भी दस्तावेज लेकर रिकार्ड को वेरिफाई कर सकता है। सुनवाई के लिए अलग से एईआरओ भी तैनात किए हैं।

**भुवन गुप्ता**, उपजिला निर्वाचन अधिकारी

*पुलिस ने आरोपी पर घोषित किया बीस हजार का इनाम*

## छात्राओं पर चाकू से हमला करने वाले सिरफिरे का नहीं लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित सोनागिरी में दो छात्राओं पर चाकू से हमला करने के बाद अयोध्या नरेला जोड़ पर शुक्रवार रात छात्रा को चाकू मारने वाले सिरफिरे का अब तक सुराग नहीं लगा है। सवा 10 बजे सिरफिरे ने पहली वारदात की थी। साढ़े 11 बजे वह नरेला जोड़ पर अंतिम वारदात करने के बाद वह फरार हो गया। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में आरोपी दिखा है, लेकिन मुंह पर कपड़ा बंधा होने के कारणउसकी पहचान नहीं कर सकी है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन थानों की पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम लगाई गई है, लेकिन आरोपी हाथ नहीं लगा। लिहाजा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों ने बीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। इनाम की घोषणा से उम्मीद है कि वह जल्द पकड़ा जाएगा।

### *इलाके में दहशत का माहौल*

*लगातार तीन युवतियों के साथ हुई चाकूबाजी की घटना से इलाके में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। पुलिस की टीम लगातार सर्चिंग कर रही है। आम दिन की तुलना में पिपलानी और अयोध्या नगर में युवतियां भी कम नजर आ रही है। हालांकि इसे ठंड से जोड़कर कहा जा रहा है कि ठंड अधिक होने के कारण सड़कों पर भीड़भाड़ कम है।*




# क्या कृषि नीति में बदलाव के बीज बो पाएगा बजट

**उम्मीद है कि एक फरवरी को आने वाला बजट इस बार खेती को सिर्फ कल्याणकारी योजना न मानकर, इसे एक उत्पादक और तकनीकी-सक्षम क्षेत्र के रूप में विकसित करेगा।**

*बजट 2026 भारत की कृषि नीति में बदलाव के बीज बो सकता है। यह ऐसा क्षेत्र है जो भारत–अमेरिका व्यापार वार्ताओं में एक प्रमुख विवाद बिंदु बनकर उभरा है। खेती के मुद्दे पर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलटवार करने का फैसला किया। 7 अगस्त को दिल्ली में ट्रंप द्वारा टैरिफ की घोषणा के एक दिन बाद, उन्होंने कहा कि भारत अपने किसानों, डेयरी क्षेत्र और मछुआरों के कल्याण से कभी समझौता नहीं करेगा। अब सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि सीतारमण अपने बही-खाते में भारत के अन्नदाताओं के लिए क्या खोलती हैं। क्या बजट 2026 केवल लेखा-जोखा संतुलित करेगा या घरेलू प्राथमिकताओं और वैश्विक व्यापार दबावों के बीच फंसे इस क्षेत्र के लिए किसी बड़े पुनर्संतुलन का संकेत देगा।*



## समय की आवश्यकता

2050 तक भारत की जनसंख्या 1.6 अरब तक पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही सतत विकास तथा एसडीजी लक्ष्यों के अनुरूप देश की कृषि निर्यात क्षमता को खोलना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। विशेषज्ञ इस चुनौती से निपटने के लिए 4पी दृष्टिकोण की जरूरत बताते हैं।

**प्रोड्यूज (उत्पादन):** अनुसंधान एवं विकास में निवेश के जरिए अधिक उत्पादन

**प्रोसेस (प्रसंस्करण):** मूल्य संवर्धन और अवसंरचना के माध्यम से अधिक उत्पादन मूल्य

**प्राइस (कीमत):** कुशल आपूर्ति श्रृंखला और बेहतर मूल्य प्राप्ति के जरिए अधिकतम मूल्य

**प्रोटेक्ट (संरक्षण):** दीर्घकालिक स्थिरता के लिए संसाधनों की लचीली और टिकाऊ सुरक्षा

कृषि क्षेत्र
सेंट्रल डेस्क

## प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाएं

2026 में भारत वैश्विक मंच पर दो प्रमुख उपलब्धियों के साथ प्रमुख भूमिका में होगा। संयुक्त राष्ट्र ने 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष घोषित किया है, जो कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और कृषि व ग्रामीण आजीविका में लैंगिक अंतर को पाटने की तत्काल आवश्यकता को मान्यता देता है। भारत अपनी अध्यक्षता में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जो अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने का अवसर देगा। आगामी केंद्रीय बजट महिला-नेतृत्व वाली कृषि पहलों के लिए संसाधन आवंटित कर व वैश्विक कृषि-खाद्य निर्यात में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने वाले कार्यक्रमों को सशक्त बनाएगा।

## अधिक धन की संभावना

पिछले केंद्रीय बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए आवंटन वित्त वर्ष 2025 में 1.52 लाख करोड़ और वित्त वर्ष 2026 में 1.37 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जबकि एमएसपी और इनपुट सब्सिडी सहित क्षेत्र पर वास्तविक प्रभावी व्यय 3.91 लाख करोड़ से अधिक रहा। अनुमान है कि इस क्षेत्र के लिए आवंटन में उत्तर की ओर बढ़त हो सकती है। अधिक आवंटन उभरते क्षेत्रों को प्रोत्साहन देगा और निर्यात लक्ष्यों, आत्मनिर्भरता, अनुसंधान एवं विकास तथा तकनीक-आधारित खेती को समर्थन प्रदान करेगा। यह बजट ऐसे समय में आ रहा है जब कृषि क्षेत्र सुस्ती के दौर से गुजर रहा है।

## परिवहन में सड़ते अरबों रुपये

मजबूत अनाज उत्पादन के बावजूद भारत में भंडारण और लॉजिस्टिक्स की कमी के कारण फल और सब्जियों जैसी वस्तुओं का 15% से 20% तक नुकसान हो जाता है। पीडीएस भी रिसाव, अवसंरचना की कमी और बर्बादी जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। यह कृषि उत्पादकता के लिए बड़ी बाधाएं हैं। आगामी बजट में फसल कटाई के बाद प्रबंधन हेतु कोल्ड चेन, आधुनिक गोदाम, प्रसंस्करण इकाइयां और डिजिटल आपूर्ति-श्रृंखला प्रबंधन जैसी कृषि अवसंरचना में निवेश तेज किया जाना चाहिए। मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) का विस्तार होना चाहिए। इसका उपयोग पहले से प्याज और दाल की कीमतों को स्थिर करने के लिए किया जा रहा है। अन्य सस्ती आवश्यक वस्तुओं जैसे दाल, आटा और चावल की उपलब्धता नेटवर्क को मजबूत करना, निम्न-आय वर्ग के लिए वहनीयता बनाए रखने में मदद करेगा।

## खाद्य सुरक्षा के लिए कदम

सरकार के राष्ट्रीय खाद्य तेल–तिलहन मिशन और आत्मनिर्भर दाल मिशन, आत्मनिर्भरता की स्पष्ट दिशा दर्शाते हैं। इसमें तिलहन के लिए 2030–31 तक 10,103 करोड़ रुपये का प्रावधान है। उत्पादन को 39 मिलियन टन से बढ़ाकर लगभग 70 मिलियन टन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें 40 लाख हेक्टेयर धान-परती भूमि को तिलहन के तहत लाने की योजना शामिल है। इसी प्रकार 1,000 करोड़ के समर्थन वाले दाल मिशन का लक्ष्य 2027 तक चयनित दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है, जिसके तहत 126 लाख क्विंटल प्रमाणित बीजों का वितरण और 88 लाख मुफ्त बीज किट उपलब्ध कराई जाएंगी। बजट में इन प्रयासों को और मजबूत करना चाहिए, खासकर इसलिए क्योंकि भारत अभी भी अपनी खाद्य तेल आवश्यकता का लगभग 60% आयात करता है और दालों का भी बड़ा हिस्सा बाहर से लाता है। खाद्य और पोषण सुरक्षा की शुरुआत खेतों से होती है। भारतीय कृषि में पैमाना भी है और स्थायित्व भी। बजट 2026 यह तय करेगा कि सरकार पुरानी लकीरों पर ही हल चलाती रहेगी या इस क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर बड़ी फसल काटने में मदद करेगी।




# कीटनाशक देश को खाद्य सुरक्षा देने में भी अहम फसल सुरक्षा के लिए स्पष्ट नियमों की दरकार

खाद्य सुरक्षा
सेंट्रल डेस्क

भारतीय कृषि एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी है। एक ओर देश आत्मविश्वास के साथ स्वयं को वैश्विक खाद्य महाशक्ति, दुनिया के लिए एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता और कृषि विनिर्माण के केंद्र के रूप में स्थापित करने की बात करता है। दूसरी ओर फसल सुरक्षा, किसानों की स्थिरता और खाद्य मूल्य संतुलन की रीढ़ से जुड़ा नीतिगत पारिस्थितिकी तंत्र सक्रिय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। जैसे-जैसे केंद्रीय बजट 2026 नजदीक आ रहा है, यह समय अधिक स्पष्टता, विश्वास और विज्ञान-आधारित निर्णय प्रक्रिया के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता का अवसर प्रदान करता है। पिछले वर्ष के दौरान फसल सुरक्षा पर सार्वजनिक विमर्श विशेष रूप से सक्रिय रहा है। कीटनाशकों पर अक्सर केवल जोखिम के दृष्टिकोण से चर्चा होती है, जबकि फसल हानि रोकने, किसानों की आय की रक्षा करने और खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने में उनकी भूमिका पर अपेक्षाकृत कम ध्यान दिया जाता है। यह असंतुलन ऐसे समय में सामने आता है जब भारतीय किसान हर वर्ष कीटों, रोगों और खरपतवारों के कारण 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की फसलें खो देते हैं। यह ऐसी हानि है जिसे खाद्य सुरक्षा और निर्यात नेतृत्व की आकांक्षा रखने वाला कोई भी देश अनदेखा नहीं कर सकता।

## सही संतुलन की जरूरत



प्रस्तावित कीटनाशक प्रबंधन विधेयक, 2025 का उद्देश्य भारत की नियामकीय रूपरेखा को आज की वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना है। निगरानी को मजबूत करने, अनुपालन में सुधार लाने और किसानों व उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का इरादा समयानुकूल और आवश्यक है। हालांकि, सभी बुनियादी सुधारों की तरह इसका वास्तविक प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि इन उद्देश्यों को व्यवहार में कितनी प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है। इस दृष्टि से प्रस्तावित कीटनाशक प्रबंधन विधेयक को ऐसे बजट का पूरक समर्थन मिल सकता है, जो नियामकीय क्षमता, आधुनिक परीक्षण अवसंरचना और कुशल मूल्यांकन समयसीमा को सुदृढ़ करे। ये कदम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि नई रूपरेखा सुरक्षित कृषि की ओर पुल का काम करे। इसलिए बजट से फसल सुरक्षा क्षेत्र एक मूलभूत आर्थिक वास्तविकता की स्पष्ट स्वीकृति चाहता है। असल में उपज की रक्षा करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना उसका उत्पादन करना। इसलिए फसल सुरक्षा उत्पाद उत्पादकता बनाए रखने में अनिवार्य भूमिका निभाते हैं। उन्हें आवश्यक कृषि इनपुट के रूप में मान्यता देना कृषि लचीलापन और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में उनके योगदान को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करेगा।

## किसान-केंद्रित सुधार होगा जीएसटी को तर्कसंगत बनाना

बजट की सबसे तात्कालिक अपेक्षाओं में से एक है फसल सुरक्षा उत्पादों पर जीएसटी को अधिकतम 5% तक तर्कसंगत बनाना, ताकि उन्हें अन्य उर्वरकों (बायोस्टिमुलेंट/जैविक उत्पादों) के समान स्तर पर लाया जा सके। ऐसा कदम किसानों पर लागत के दबाव को कम करेगा और उच्च गुणवत्ता वाले वैध उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाकर जिम्मेदार उपयोग को प्रोत्साहित करेगा। इस दृष्टि से यह रियायत से अधिक एक किसान-केंद्रित सुधार है, जो कृषि मूल्य श्रृंखला में उत्पादकता, सुरक्षा और अनुपालन को मजबूत करता है।

## विनिर्माण का अवसर

नए फसल सुरक्षा अणुओं के निर्माण के लिए लक्षित प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) ढांचा वैश्विक स्तर के निवेश आकर्षित करने, घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को गहरा करने और भारत को अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं में अधिक मजबूती से एकीकृत करने में मदद कर सकता है। यह केवल आयात प्रतिस्थापन का मामला नहीं, बल्कि वैश्विक बाजारों के लिए भारत को एक विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी उत्पादक के रूप में स्थापित करने का अवसर है।

## नवाचार को वित्तीय समर्थन

फसल सुरक्षा नवाचार विज्ञान-प्रधान, पूंजी-आधारित और स्वाभाविक रूप से दीर्घकालिक प्रक्रिया है। एक नए अणु के विकास में एक दशक से अधिक समय लग सकता है, जिसके लिए सतत निवेश और नियामकीय निश्चितता आवश्यक है। यद्यपि भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को मान्यता देने में प्रगति की है, फिर भी कृषि अनुसंधान एवं विकास के लिए वित्तीय समर्थन को और मजबूत करने की गुंजाइश है। भारत फसल सुरक्षा को किसान लचीलापन, निर्यात वृद्धि और खाद्य सुरक्षा के लिए एक रणनीतिक साधन के रूप में सुदृढ़ कर सकता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि वित्तीय और नियामकीय ढाँचे राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा के अनुरूप आगे बढ़ें। लिया गया निर्णय न केवल उद्योग के परिणामों को प्रभावित करेगा, बल्कि भारत की कृषि अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक स्थिरता और प्रतिस्पर्धात्मकता को भी आकार देगा।



# इंश्योरेंस सेक्टर्स को भी चाहिए बड़ी राहत

बीमा
सेंट्रल डेस्क

इंश्योरेंस सेक्टर को बजट 2026 से काफी उम्मीदें हैं। बढ़ती मेडिकल लागत, कम इंश्योरेंस कवरेज और महंगे प्रीमियम को देखते हुए इस सेक्टर को बजट से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद भी की जा रही है। इंश्योरेंस सेक्टर को बजट से कई उम्मीदें होती हैं, खासकर टैक्स छूट और पॉलिसीधारकों के लिए सुविधाओं में वृद्धि की ऐसे में आइए जानते हैं इस बजट में इंश्योरेंस सेक्टर के लिए क्या कुछ खास पेश हो सकता है। एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण केंद्रीय बजट 2026 पेश करने वाली है। ऐसे में अब देखना यह है कि बजट 2026 में वित्त मंत्री क्या क्या ऐलान करती हैं और इन ऐलानों से आम लोगों और अलग अलग सेक्टर्स को क्या क्या लाभ मिलता है। बात करें इंश्योरेंस सेक्टर की तो इंश्योरेंस सेक्टर को बजट 2026 से काफी उम्मीदें हैं। बढ़ती मेडिकल लागत, कम इंश्योरेंस कवरेज और महंगे प्रीमियम को देखते हुए इस सेक्टर को बजट से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद भी की जा रही है।

■ वित्त मंत्री एक फरवरी को कर सकती हैं बड़े ऐलान

## सेक्शन 80डी की टैक्स सीमा

इलाज और मेडिकल खर्च लगातार तेजी से बढ़ रहे हैं। बावजूद इसके इनकम टैक्स एक्ट की धारा 80डी के तहत हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर मिलने वाली 25,000 रुपये की टैक्स कटौती सीमा कई सालों से बिना बदलाव के बनी हुई है। ऐसे में इस समय में यह सीमा आम लोगों को पर्याप्त राहत नहीं देती है। ऐसे में अब उम्मीद है कि सरकार इस बजट में इस सीमा को 25,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर सकती है।

## टर्म इंश्योरेंस पर फोकस

भारत में आज भी बड़ी संख्या में लोगों के पास पर्याप्त लाइफ इंश्योरेंस सुरक्षा कवर नहीं है। रिपोर्ट्स के अनुसार, देश में करीब 17 ट्रिलियन डॉलर का मॉर्टलिटी प्रोटेक्शन गैप मौजूद है यानी लोगों को जितनी जीवन बीमा सुरक्षा की जरूरत है, उसके मुकाबले लगभग 83 प्रतिशत जरूरतें अब भी पूरी नहीं हो पाई हैं। ऐसे में सरकार को टर्म इंश्योरेंस को प्रोत्साहन देना चाहिए। इसके लिए हेल्थ इंश्योरेंस पर टैक्स छूट, टर्म इंश्योरेंस प्रीमियम पर अलग टैक्स छूट मिलनी चाहिए।

## जीएसटी और इंश्योरेंस प्रीमियम

इंश्योरेंस सेक्टर लंबे समय से जीएसटी से जुड़ी राहत की मांग कर रहा है. बीमा कंपनियां केवल जीएसटी से छूट नहीं, बल्कि पूरे सेक्टर को जीरो-रेटेड दर्जा दिए जाने की मांग कर रही हैं। अगर इंश्योरेंस को जीरो-रेटेड किया जाता है, तो कंपनियां अपने रोजमर्रा के खर्चों पर चुकाए गए टैक्स का इनपुट टैक्स क्रेडिट ले सकेंगी। इससे यह अतिरिक्त टैक्स बोझ प्रीमियम में नहीं जोड़ा जाएगा और ग्राहकों को कम प्रीमियम देना पड़ेगा।

## यह भी चाहिए

- **टैक्स छूट:** इंश्योरेंस पॉलिसियों पर टैक्स छूट की सीमा बढ़ाने की मांग।
- **पॉलिसीधारकों के लिए सुविधाएं :** पॉलिसीधारकों के लिए क्लेम सेटलमेंट प्रक्रिया को सरल बनाने और अधिक सुविधाएं प्रदान करने की उम्मीद।
- **इंश्योरेंस पेनेट्रेशन बढ़ाना :** इंश्योरेंस सेवाओं को अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार से समर्थन की उम्मीद।
- **नियमों में बदलाव :** इंश्योरेंस सेक्टर को अधिक लेबल प्लेयरों को आकर्षित करने और विकास को बढ़ावा देने के लिए नियमों में बदलाव की उम्मीद।

**यह भी जानिये**

# किस वित्त मंत्री ने पेश किए कितने बजट

भारत में हर साल 1 फरवरी के केंद्रीय बजट पेश किया जाता है। यह बजट भारत के वित्त मंत्री द्वारा पेश किया जाता है। हर साल की तरह इस साल भी केंद्रीय बजट 2026 आने वाली 1 फरवरी को भारत, की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया जाएगा। 1947 में आजादी के बाद से अब तक भारत के कई वित्त मंत्रियों ने संसद में बजट पेश किए हैं। कुछ वित्त मंत्री थोड़े समय के लिए रहे और कम बजट पेश किए। वहीं, कुछ वित्त मंत्री लंबे समय के लिए रहें और उन्होनें कई बजट पेश किए। आज हम आपको इसी के बारे में बताने वाले हैं। हम आपको बताएंगे कि 1947 में आजादी के बाद से भारत के किन वित्त मंत्रियों ने कितने बजट पेश किए। आइए जानते हैं पूरी जानकारी।



## आजादी के बाद पहला बजट

- आर. के. शनमुखम चेट्टी आजादी के बाद भारत के पहले वित्त मंत्री थे. उन्होने 26 नवंबर 1947 में स्वतंत्र भारत का पहला बजट पेश किया था। आर. के. शनमुखम चेट्टी एक वकील और इकोनॉमिस्ट भी थे।
- भारत के सबसे ज्यादा बजट पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने पेश किए हैं. उन्होंने कुल 10 बजट पेश किए हैं। हालांकि, यह 10 बजट उन्होंने लगातार पेश नहीं किए। उन्होंने पहले 1959 से 1964 के बीच 6 बजट पेश किए और 1967 से 1969 के बीच 4 बजट पेश किए।
- पी चिदंबरम भारत के पूर्व वित्त मंत्री रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कुल 9 बजट पेश किए। उन्होंने अपना पहला बजट 1996 में पेश किया था. वहीं साल 2004 से 2008 के बीच उन्होंने 5 बजट पेश किए. बाद में वह साल 2009 में एक बार फिर वित्त मंत्री बनें और उन्होंने साल 2013 से 2014 के बीच बजट पेश किए।
- पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने भी भारत में बजट पेश किए हैं। उन्होंने पहले वित्त मंत्री के रूप में भी कार्यकाल संभाला था। इस दौरान उन्होंने कुल 8 बजट पेश किए थे। उन्होंने पहले 3 बजट साल 1982 से 1984 के बीच पेश किए। वहीं साल 2009 से 2011 के बीच उन्होंने 5 बजट पेश किए।
- निर्मला सीतारमण भारत की वर्तमान वित्त मंत्री है और वह साल 2019 से इस पद पर है। अब तक वहां 8 बजट पेश कर चुकी हैं और आने वाली 1 फरवरी को वह 9वां बजट पेश करने वाली हैं।

## बजट से कंपनियों को बड़ी उम्मीद, अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने का खाका तैयार

**इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी और एमएसएमई पर भी ध्यान दे केंद्र सरकार**

# बजट में इन सेक्टर्स पर फोकस बढ़ेगा तो बदलेगी ग्रोथ की तस्वीर लॉजिस्टिक कॉस्ट घटेगी, निवेश बढ़ेगा और रोजगार पैदा होंगे

इन्फ्रा
सेंट्रल डेस्क

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी। इस बजट से भारतीय कंपनियों को कई बड़ी उम्मीदें हैं। उद्योगों से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि केंद्र सरकार को इस बार बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, मैन्युफैक्चरिंग में वैल्यू एडिशन बढ़ाने, ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने और एमएसएमई सेक्टर को सस्ता और आसान कर्ज दिलाने पर खास फोकस करना चाहिए, ताकि लॉजिस्टिक कॉस्ट घटे और बिजनेस की रफ्तार बनी रहे। इंडस्ट्री के एक्सपर्ट्स का कहना है कि मौजूदा वैश्विक हालात में ग्रोथ बनाए रखने के लिए शॉर्ट टर्म राहत से ज्यादा जरूरी है कि अर्थव्यवस्था की बुनियाद को मजबूत किया जाए। कंपनियों का भरोसा बढ़ेगा व लंबे समय में देश की प्रतिस्पर्धा क्षमता भी बेहतर होगी।

## ग्लोबल तनाव बढ़ा रहे चुनौतियां

अमेरिका के बढ़ते टैरिफ, लगातार चल रहे जियो-पॉलिटिक्स तनाव और सप्लाई चेन में बदलावों की वजह से कंपनियों के लिए अब लागत को काबू में रखना, नीति की स्थिरता और प्रोजेक्ट्स को समय पर पूरा करना बहुत अहम हो गया है। यही वजह है कि निवेश और व्यापार से जुड़े फैसले पहले से ज्यादा सोच-समझकर लिए जा रहे हैं।




## भारत की स्थिति बेहतर

दुनिया भर में कंपनियों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था पहले की तुलना में मजबूत स्थिति में है। इसकी वजह सरकार का पब्लिक इन्वेस्टमेंट पर लगातार फोकस, टैक्स सुधार और कंपनियों की बेहतर बैलेंस शीट है। अब चुनौती यह है कि इस मजबूती को लंबे समय तक टिकाऊ ग्रोथ में बदला जाए और मैन्युफैक्चरिंग व एक्सपोर्ट को और मजबूत किया जाए।

## कम हुई लॉजिस्टिक कॉस्ट

पिछले एक दशक में सरकार ने सड़क, रेलवे और इंफ्रास्ट्रक्चर में लगातार निवेश बढ़ाया है, जिससे कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। वित्तवर्ष 18 से वित्तवर्ष 26 के बीच इंफ्रास्ट्रक्चर पर बजट सपोर्ट करीब 12% सीएजीआर से बढ़ा है। इसका असर यह हुआ है कि देश की लॉजिस्टिक कॉस्ट घटकर अब करीब 7.97% रह गई है। चूंकि रेलवे सामान ढोने का सबसे सस्ता जरिया है, इसलिए बजट में रेलवे की क्षमता बढ़ाने और प्राइवेट सेक्टर के लिए कार्गो सुविधा बढ़ाने पर जोर जारी रहना चाहिए। इसके साथ ही सड़कों पर कैपेक्स बनाए रखते हुए बीओटी मॉडल के जरिए निजी निवेश को भी बढ़ावा देना जरूरी है।

## मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करने की जरूरत

भारत में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान जीडीपी में अभी करीब 17% है, जबकि सरकार का लक्ष्य इसे 25% तक ले जाना है। पीएलआई स्कीम (1.9 लाख करोड़, 14 सेक्टर) से कुछ फायदा जरूर हुआ है, लेकिन अब भी लोकल मैन्युफैक्चरिंग, लागत और एग्जिक्यूशन से जुड़ी कई चुनौतियां बनी हुई हैं। इसलिए बजट में रिसर्च एंड डेवलपमेंट, टेक्निकल स्किल और इनोवेशन पर टैक्स छूट या इंसेंटिव देने की जरूरत है, खासतौर पर इलेक्ट्रॉनिक्स, ईवी, डेटा सेंटर, एनर्जी स्टोरेज और सोलर जैसे सेक्टरों में।

## ग्रीन एनर्जी पर भरोसेमंद पॉलिसी जरूरी

भारत ने 2030 तक जीडीपी की एमिशन इंटेंसिटी 45% घटाने, 500 जीडब्ल्यू नॉन-फॉसिल पावर कैपेसिटी हासिल करने और 2070 तक नेट-जीरो बनने का लक्ष्य रखा है। अब कंपनियों को जरूरत है स्पष्ट पॉलिसी और लॉन्ग टर्म फंडिंग की, ताकि वे भरोसे के साथ ग्रीन प्रोजेक्ट्स में निवेश कर सकें। बजट से उम्मीद है कि ग्रीन इन्वेस्टमेंट के लिए बेहतर फाइनेंसिंग सिस्टम बने, क्लीन एनर्जी क्लस्टर विकसित हों और प्रोजेक्ट्स को तेजी से लागू किया जा सके।

## एमएसएमई को सस्ता और आसान लोन मिलना जरूरी

एमएसएमई सेक्टर देश के जीडीपी का करीब 30% और एक्सपोर्ट का 45% योगदान देता है, लेकिन इन्हें अब भी महंगा कर्ज और पेमेंट डिले जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बजट में ऐसे कदम जरूरी हैं, जिससे एमएसएमई को तेजी से और कम ब्याज पर लोन मिल सके। इसके साथ ही मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि प्रोजेक्ट्स की लागत अब पहले से कहीं ज्यादा हो चुकी है।

इन क्षेत्रों को भी चाहिए बूस्ट

## फार्मा और मेडटेक को लेकर बड़ी उम्मीद

बजट 2026 में सरकार को फार्मा और मेडिकल डिवाइस सेक्टर में आत्मनिर्भरता पर जोर देना चाहिए। उनका सुझाव है कि मेडिकल डिवाइस सेक्टर के लिए 10,000 करोड़ रुपये का पीएलआई पैकेज दिया जाना चाहिए, जिससे ऑन्कोलॉजी, इमेजिंग और इम्प्लांट जैसे सेगमेंट में घरेलू मैन्युफैक्चरिंग बढ़े। जीवन कसारा के मुताबिक, अगर यह पीएलआई सपोर्ट मिलता है, तो भारत की मेडिकल डिवाइसेज में 70% तक की आयात निर्भरता घट सकती है और 2030 तक देश में 1.2 लाख करोड़ रुपये का घरेलू उत्पादन खड़ा किया जा सकता है।

**भारत में वायुमार्गीय यात्रा अप्रत्याशित रूप में असुरक्षित हुई है, इसमें संदेह नहीं है। प्रतिवर्ष कोई न कोई विमान दुर्घटना हो रही है, जो मानव को आधुनिकता तथा विज्ञान के अभिशाप से निरंतर परिचित करा रही है। बढ़ती आबादी, मध्यम वर्ग का विस्तार, व्यापार और पर्यटन में वृद्धि तथा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी की बढ़ती मांग ने हवाई यात्रा को अब केवल लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बना दिया है। वहीं, देखने में आता है कि राजनीतिक दबाव या समय की कमी के कारण विमान चालक प्रतिकूल मौसम में भी उड़ान भरने का जोखिम उठाते हैं, जबकि मौसम की प्रतिकूलता की स्थिति में राजनीतिक दबाव की तुलना में उड्डयन मानकों का कठोरतापूर्वक पालन सुनिश्चित होना अधिक महत्वपूर्ण होना चाहिए। कह सकते हैं कि एविएशन सेक्टर में एक तरफ विकास की अपार संभावनाएं हैं तो दूसरी तरफ चुनौतियां भी मौजूद हैं। इसके लिए सरकार को इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी के साथ-साथ सिस्टम और सुरक्षा को भी मजबूत बनाना होगा, ताकि विमान हादसों पर यथासंभव रोक लगाई जा सके। दीर्घकालिक नीति, स्थिर निवेश, कौशल विकास, तकनीकी नवाचार और पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण अपनाकर ही इस क्षेत्र को वास्तव में सशक्त बनाया जा सकता है। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# चुनौतियों से घिरीं वायुमार्गीय यात्राएं



**विश्लेषण**

विकेश कुमार बडोला

वरिष्ठ पत्रकार

**हाल ही में हुई विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार की असामयिक मृत्यु ने देश में वीआईपी वायु यात्रा और वायु मार्गों के सुरक्षा प्रबंधन पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। भारत जैसे विशाल तथा सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में राजनीतिक गतिविधियों और शासन के सुचारू संचालन के लिए आज विमान यात्रा एक आवश्यकता बन चुकी है, किंतु आवश्यकता के बढ़ने पर भी अधि संख्या में होने वाली विमान यात्राओं की शत-प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो सकी है।**

विमानों के माध्यम से वायुमार्गीय यात्रा अप्रत्याशित रूप में असुरक्षित हुई है, इसमें संदेह नहीं है। प्रतिवर्ष कोई न कोई विमान दुर्घटना हो ही रही है, जो मानव को आधुनिकता तथा विज्ञान के अभिशाप से निरंतर परिचित करा रही है। सीडीएस विपिन रावत का हेलिकॉप्टर, गुजरात में बोइंग विमान और अब महाराष्ट्र में अजित पवार का निजी विमान, सभी भयंकर रूप में दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। उप-मुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में असामयिक मृत्यु ने देश में वीआईपी वायु यात्रा और वायु मार्गों के सुरक्षा प्रबंधन पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। भारत जैसे विशाल तथा सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में राजनीतिक गतिविधियों और शासन के सुचारू संचालन के लिए आज विमान यात्रा एक आवश्यकता बन चुकी है, किंतु आवश्यकता के बढ़ने पर भी अधि संख्या में होने वाली विमान यात्राओं की शत-प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो सकी है।

## हवाई पट्टियों का समुचित प्रबंधन

नवीन विमान दुर्घटना ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। यह घटना केवल एक व्यक्तिगत क्षति नहीं है, बल्कि इसने हमारे देश के विमानन सुरक्षा नवाचार तथा विशेष रूप में लघु नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हवाई पट्टियों के समुचित प्रबंधन पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। अजित पवार की मृत्यु ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वायुमार्गीय वीआईपी आवागमन की समयावधि में सुरक्षा के उच्चतम मानकों में थोड़ी सी भी चूक प्राणघाती सिद्ध हो सकती है। अभी भारत में कई ऐसी हवाई पट्टियां हैं जो जनपदीय प्रशासन के अधीन हैं, जहां नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के निर्दिष्ट मानकों का पूर्ण पालन प्रायः चुनौतीपूर्ण होता है।

इस स्थिति में हवाई पट्टियों का समुचित संचालन अत्यावश्यक हो जाता है, और ऐसा होने पर ही वायुमार्ग का आवागमन सुरक्षा की परिधि में हो सकता है। विमान दुर्घटनाओं की त्रासदी के आलोक में, वीआईपी आवागमन को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित करने के लिए अनेक कार्य करने होंगे। इसके लिए सर्वप्रथम विमानन के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण आवश्यक है।

## नेविगेशन की सुविधाएं नगण्य

देश में अधिसंख्य अस्थायी अथवा लघु आकार की हवाई पट्टियों पर रात्रि में विमान को उतारने की सुविधाएं व प्रबंधकीय व्यवस्थाएं अपर्याप्त हैं। प्रतिकूल वातावरण में नेविगेशन की सुविधाएं नगण्य हैं। जो सुविधाएं हैं, वे भी पुरानी हैं। इस दिशा में जो भी सुधार किए जाने हैं, वे तत्काल प्रभाव से युद्ध स्तर पर किए जाने चाहिए। इसके अंतर्गत सभी सक्रिय हवाई पट्टियों पर सटीक दृष्टिकोण पथसंकेतक लगाये जाएं। आधुनिक प्रकाश प्रणाली स्थापित की जाएं। रनवे की सतह और उसकी लंबाई का नियमित रूप में सुरक्षा परीक्षण अनिवार्य हो। मौसम संबंधी पूर्वानुमान प्रणाली को दुर्घटनाओं की चुनौतियों के अनुसार सुदृढ़ किया जाना चाहिए। पहाड़ी या तटीय क्षेत्रों में, जहां मौसम क्षण-प्रतिक्षण परिवर्तित होता रहता है, वहां के लिए विशिष्ट पूर्वानुमान प्रणालियां सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वित हों। उड़ानों के लिए केवल सामान्य मौसमीय जानकारी पर निर्भर रहने की तुलना में, हवाई पट्टियों पर प्रतिक्षण की मौसमीय जानकारी देने वाले स्वचालित मौसम सूचना प्रणालियां स्थापित की जाएं। विमान चालकों को उड़ान भरने से ठीक पहले मौसम की उपयुक्त जानकारी सुनिश्चित की जाए।

## उड्डयन मानकों का पालन

प्रायः देखने में आता है कि राजनीतिक दबाव या समय की कमी के कारण विमान चालक प्रतिकूल मौसम में भी उड़ान भरने का जोखिम उठाते हैं। जबकि मौसम की प्रतिकूलता की स्थिति में राजनीतिक दबाव की तुलना में उड्डयन मानकों का कठोरतापूर्वक पालन सुनिश्चित होना अधिक महत्वपूर्ण होगा। वीआईपी आवागमन का अंतिम निर्णय विमान चालक के स्तर पर होना चाहिए। वहीं निश्चित करें कि उड़ान भरी जानी है अथवा स्थगित करनी है। यदि विमान चालक मौसम या तकनीकी कारणों से उड़ान भरने से मना करता है, तो बिना किसी प्रशासनिक दबाव के उसे स्वीकार किया जाना चाहिए। इसके लिए सुरक्षा संबंधी अतिरिक्त समय-निर्धारण की कार्यसंस्कृति विकसित की जाए, जिसमें निर्धारण हेतु निर्णायक की भूमिका में विमान चालक ही हो। उड्डयन संबंधी जो भी मानक संचालन प्रक्रिया निर्धारित है, उसका हर परिस्थिति में कठोरतापूर्वक पालन हो। वैसे तो नागरिक उड्डयन महानिदेशक के पास वीआईपी आवागमन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश होते हैं, किंतु धरातल पर इनका पालन नहीं होता। देखा गया है कि राजनीतिक मनमर्जी ऐसे दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने देती। इस स्थिति पर उड्डयन संबंधी नियमों का कठोर नियंत्रण सुनिश्चित होना चाहिए।

## ईंधन गुणवत्ता की सघन जांच

उड़ान से पूर्व विमानों की तकनीकी उपयुक्तता का प्रमाणपत्र तथा ईंधन की गुणवत्ता की द्विस्तरीय सघन जांच होनी चाहिए। विमान को भूमि पर उतारने तथा उड़ान की समयावधि में विमान स्थल के कर्मचारियों और अग्निशमन संसाधनों की उपलब्धता अत्यंत अनिवार्य हो। विमान चालकों का प्रशिक्षण यदि गुणवत्तापूर्ण होगा तथा यदि उनके अधि कार्यघंटों को ध्यान में रख समुचित विश्राम देने का प्रबंधन नियमित होगा, तो भी दुर्घटनाओं की संभावनायें कम होंगी।

## चालकों को हो विशेष अनुभव

देखा जाता है कि प्रायः एक ही चालक दल निरंतर कई यात्राओं में उड़ान व्यस्त होता है। यह स्थिति तत्काल प्रभाव से बदली जानी चाहिए। वीआईपी उड़ानों के लिए चालकों का विशेष अनुभव भी निर्धारित होना चाहिए। उन्नत संचार तकनीकों की भी वायुमार्गीय विमान यात्रा को सुरक्षित करने में व्यापक भूमिका हो सकती है।

इसके साथ ही, ध्यान रहे कि जिनके पास इनके संचालन का कार्यदायित्व हो, वे कार्य के प्रति निष्ठापूर्वक होकर समर्पित रहें।



# संभावनाओं के साथ चुनौतियां भी कम नहीं



**दृष्टिकोण**

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ पत्रकार

भारत का एविएशन सेक्टर दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। पिछले कुछ सालों में हवाई यात्रा करने वाले लोगों की संख्या बहुत बढ़ी है, लेकिन विमानों की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। इस साल एविएशन सेक्टर का भविष्य मिश्रित दिखाई देता है। एक तरफ विकास की संभावनाएं हैं, दूसरी तरफ चुनौतियां - जैसे विमान और पायलटों की कमी तथा वित्तीय नुकसान। सबसे पहले, विमानों की कमी की वजह समझते हैं। भारत में एयरलाइंस जैसे इंडिगो, एयर इंडिया और स्पाइसजेट तेजी से फैल रही हैं। विमान बनाने वाली कंपनियां जैसे बोइंग और एयरबस समय पर विमान नहीं दे पा रही हैं। सप्लाई चेन की समस्या, कच्चे माल की कमी और मजदूरों की कमी से उत्पादन प्रभावित हो रहा है। जानकारों का मानना है, 2026 में घरेलू हवाई यात्री ट्रैफिक में सिर्फ 0-3% की बढ़ोतरी हो सकती है। वैश्विक स्तर पर देखें तो अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) की रिपोर्ट कहती है कि 2026 में हवाई यात्री ट्रैफिक में 4.9% की बढ़ोतरी होगी। भारत इसमें बड़ा योगदान देगा, क्योंकि यहां अर्थव्यवस्था मजबूत है और मध्यम वर्ग बढ़ रहा है। 2026 में एविएशन सेक्टर कैसा रहेगा? सकारात्मक पक्ष से शुरू करें। बोइंग ने घोषणा की है कि 2026 में भारतीय एयरलाइंस को 25 नए विमान दिए जाएंगे। यह क्षमता बढ़ाएगा और कनेक्टिविटी बेहतर होगी। कुल मिलाकर, भारत का फ्लीट 2026 में 100 से ज्यादा विमानों से बढ़ सकता है। एयरबस का अनुमान है कि 2035 तक भारत का कमर्शियल फ्लीट तीन गुना होकर 2250 विमानों तक पहुंच जाएगा। अभी यह 850 के आसपास है। यूनियन बजट में एविएशन पर फोकस है। इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार, एयरपोर्ट क्षमता बढ़ाना और सुरक्षा पर जोर दिया जा रहा है। विंग्स इंडिया 2026 जैसे इवेंट में नए सौदे और निवेश की बात हो रही है। बोइंग का कहना है कि 2044 तक भारत और दक्षिण एशिया को 3300 नए विमानों की जरूरत होगी, जिसमें 90% सिंगल-आइसल जेट होंगे। इससे रोजगार बढ़ेगा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। विमानों की कमी से एयरलाइंस ग्रोथ नहीं कर पा रही हैं। जानकारी के अनुसार, 2026 में वैश्विक स्तर पर 120 बिलियन डॉलर के नए विमान डिलीवर होंगे। भारत में पायलटों की कमी एक बड़ी समस्या है।

***बोइंग का कहना है कि 2044 तक भारत और दक्षिण एशिया को 3300 नए विमानों की जरूरत होगी, जिसमें 90% सिंगल-आइजल जेट होंगे। इससे रोजगार बढ़ेगा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। विमानों की कमी से एयरलाइंस ग्रोथ नहीं कर पा रही हैं।***

बिजनेस एविएशन में पायलट शॉर्टेज और मेंटेनेंस की दिक्कतें हैं। 2035 तक 35,000 पायलटों की जरूरत होगी, अभी सिर्फ 12,000 हैं। टेक्निकल स्टाफ भी तीन गुना बढ़ाना पड़ेगा। अब बात सुधार की। एविएशन सेक्टर में सुधार के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहले, सरकार को इंफ्रास्ट्रक्चर पर और निवेश करना चाहिए। इकोनॉमिक सर्वे 2025-26 में कहा गया है कि एविएशन, पोर्ट्स और शिपिंग में मजबूत ग्रोथ होगी, और जीडीपी ग्रोथ 7% तक पहुंच सकती है। 10 सालों में 200 एयरपोर्ट हो सकते हैं, अभी 150 हैं। मेक इन इंडिया के तहत विमान पार्ट्स बनाने वाली फैक्टरियां लगाएं। बोइंग और एयरबस से ज्यादा पार्टनरशिप करें। पायलट ट्रेनिंग के लिए नए संस्थान खोलें। मेंटेनेंस के लिए स्पेयर पार्ट्स की लोकल सप्लाई चेन बनाएं। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करें, जैसे एआई से उड़ान शेड्यूल ऑप्टिमाइज करें और साइबर सिक्योरिटी मजबूत करें। एयरलाइंस को फाइनेंशियल सपोर्ट दें, जैसे टैक्स छूट। सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) पर फोकस करें ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे। 2025 में हुई दुर्घटनाओं से सीखें और ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाएं। कुल मिलाकर, अगर ये सुधार किए गए तो 2027 में ट्रैफिक 6-8% बढ़ सकता है। इस बाबत ईमानदारी से प्रयास किए जाने जरूरी हैं। बेशक, 2026 में भारत का एविएशन सेक्टर चुनौतियों से भरा रहेगा, लेकिन विकास की राह पर है। विमानों की कमी से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। अधिकतर एयरलाइंसों का अपने मुसाफिरों को लेकर रवैया कोई बहुत सही तरह का नहीं रहता। राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ही अराजकता फैली रहती है। मुसाफिरों को यहां से वहां धक्के खाने पड़ते हैं। अगर सरकार, एयरलाइंस और मैन्युफैक्चरर्स मिलकर काम करें तो भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट बन सकता है। यह न सिर्फ अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा बल्कि लाखों लोगों को रोजगार देगा।

# हवाई आधारभूत संरचना में मजबूती लाना जरूरी



**मुद्दा**

वरिष्ठ पत्रकार

योगेश कुमार सोनी

बीती 28 जनवरी को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का विमान हादसे में निधन हो गया। इस घटना से पूरे राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार विजिबिलिटी कम होने की वजह से बारामती में रनवे नहीं दिखा और लैंडिंग की कोशिश नाकाम हो गई थी, इसलिए यह हादसा हुआ। इस घटना के बाद से सवाल उठ रहे हैं कि विमान दुर्घटना की जांच को लेकर भारत में इसके लिए कितना इंफ्रास्ट्रक्चर है? और यह सच संपूर्ण रूप से बाहर आ पाता है या नहीं कि दुर्घटना किस वजह से हुई? कमर्शियल से लेकर प्राइवेट प्लेन तक दुर्घटनाओं की चपेट में आ रहे हैं। जबकि भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में प्लेन का सफर सबसे ज्यादा जोखिम भरा माना जाता है। चूंकि यदि छोटी सी भी घटना या प्लेन में कोई कमी हो जाए तो निश्चित तौर पर मौत तय है और इसलिए प्लेन की पूरी तरह से जांच होनी अनिवार्य होती है। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना यह है कि जिस स्तर पर भारत की जनसंख्या बढ़ी और हर तरह के विमान में बढ़ोतरी हुई, उस स्तर पर सिस्टम अपडेट व अपग्रेड नहीं हुआ। आंकड़ों के अनुसार पिछले पांच साल में भारत में कुल 53 हवाई हादसे हुए हैं। इन हादसों में कुल 320 से ज़्यादा लोगों की जान गई है। जबकि करीब 180 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

वहीं, साल 1947 से लेकर अब तक हुए हादसों में 2,000 से अधिक लोगों की जान गई है। भारत में कुल 487 हवाई अड्डे और हवाई पट्टियां हैं जिनमें से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण 137 का प्रबंधन करता है इनमें 34 अंतरराष्ट्रीय और कई घरेलू हवाई अड्डे शामिल हैं और भारत में लगभग 148 परिचालन हवाई अड्डे हैं, जो यात्रियों को कनेक्टिविटी प्रदान करते हैं। यह कमर्शियल व प्राइवेट दोनों के लिए हैं। देश में लगभग हर वर्ष एक बड़ा विमान हादसा हो रहा है। इससे तंत्र प्रणाली को सबक लेना चाहिए, चूंकि केवल बजट पारित करने के अलावा हाई टेक सिस्टम के साथ अपडेट होने की जरूरत है। विशेषज्ञों के अनुसार खासतौर पर टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान मौसम का असर सबसे घातक साबित होता है। मौसम सीधे तौर पर विमान की विजिबिलिटी बैलेंस, इंजन कैपेसिटी और पायलट के निर्णय को प्रभावित करता है। खराब मौसम में एक छोटी-सी चूक भी बड़ी दुर्घटना में बदल सकती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार किसी भी फ्लाइट के कुल समय का केवल 5 से 6 प्रतिशत हिस्सा टेकऑफ और लैंडिंग में लगता है लेकिन 70 प्रतिशत से ज्यादा हवाई हादसे इसी चरण में होते हैं और इसके लिए हम किसी भी रूप में अपडेट नहीं हो पाते। यही कारण है कि हम विमान के हादसे की सही से जांच नहीं कर पाते। इसकी वजह से अधिकतर मामलों में सच सामने आ ही नहीं पाता।

***विशेषज्ञों का मानना यह है कि जिस स्तर पर भारत की जनसंख्या बढ़ी और हर तरह के विमान में बढ़ोतरी हुई, उस स्तर पर सिस्टम अपडेट व अपग्रेड नहीं हुआ।***

हमारा इंफ्रा उतना मजबूत नहीं है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय मुख्य काम हवाई अड्डों की योजना, सुरक्षा, विमान नियम बनाना और हवाई यातायात सेवाओं की देखरेख करना है, लेकिन इतने बड़े मंत्रालय के पास अधिकतर अपने कार्य से संबंधित उत्तर नहीं होता तो इसमें आम आदमी को सही उत्तर कहां से मिलेगा। यदि भारत में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़े तो उसके लिए हमारे पास अधिकतर रूट पर बहुत ज्यादा विकल्प नहीं है और स्थिति तो यह भी है कि बड़े-बड़े एयरपोर्ट के पास तक कॉलोनियां बसी हुई हैं। हम हादसों से पहले कभी जागते नहीं और कुछ दिन मात्र अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर फिर से पुराने ढर्रे पर चल पड़ते हैं। बहरहाल, कोई भी सरकार नहीं चाहती कि इस तरह के हादसे हों, लेकिन यदि किसी घटना की आशंका जिस वजह से ज्यादा हो, उस पर गंभीरता दिखाना सरकार का कर्तव्य माना जाता है। उड्डयन तंत्र प्रणाली को लेकर भी अब सजग होना अनिवार्य है। हमारे देश में हर रोज लगभग 6 लाख लोग हवाई सफर करते हैं। हवा में यात्रा करना भरोसा होता है सिस्टम पर, चूंकि एक विमान में 600 तक लोगों के बैठने की क्षमता होती है और उसके संचालित करने के लिए टीम होती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बीते दशक भर में हमारे देश में सड़कों पर बहुत बड़े स्तर पर काम हुआ है और हम इसी तरह की उम्मीद हवाई यात्रा की तंत्र प्रणाली के लिए करते हैं ,चूंकि अब हवाई सफर करने वालों की संख्या हर रोज बढ़ रही है।

# कनेक्टिविटी के साथ-साथ सिस्टम पर भी ध्यान दे सरकार



**व्यवस्था**

रवि शंकर

स्वतंत्र पत्रकार

भारतीय एविएशन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन क्रैश, साइबर अटैक, तकनीकी खराबियों और उड़ानों में अव्यवस्था ने सुरक्षा पर सवाल खड़े किए हैं। बजट 2026 से उम्मीद है कि सरकार कनेक्टिविटी के साथ-साथ सिस्टम और सुरक्षा को भी मजबूत करेगी।

भारतीय एविएशन के लिए बीता हुआ साल बेहद मुश्किल साल रहा। एयर इंडिया का एक जानलेवा हादसा, एयरलाइंस और एयरपोर्ट सिस्टम पर साइबर अटैक, लगातार टेक्निकल खराबियां और दिसंबर में इंडिगो की बड़ी गड़बड़ी ने दिखा दिया कि सिस्टम कितना नाजुक हो गया है। इंडियन एविएशन सेक्टर आज जिस स्थिति में खड़ा है, उसे देखकर यह स्पष्ट हो जाता है कि भारत की आसमान में उड़ान भरने की महत्वाकांक्षा और उसकी जमीनी हकीकत के बीच बेहद गहरा अंतर है। बीते दशक में भारत ने एविएशन के बुनियादी ढांचे, एयरपोर्ट्स, क्षेत्रीय संपर्क और यात्रियों की संख्या के लिहाज से अभूतपूर्व बढ़ोतरी दर्ज की है, लेकिन एयरलाइंस के ऑपरेशन्स, फाइनेंशियल स्टेबिलिटी और कम्पेटिटिव एनवायरमेंट के मोर्चे पर तीव्र संकट से गुजर रहे है। सवाल अहम है कि क्या भारत की एविएशन इंडस्ट्री जितनी तेजी से बढ़ रही है, उतनी ही तेजी से उसे सुरक्षित रखने वाले सिस्टम भी मजबूत हो रहे हैं? पहले चर्चा सिर्फ विस्तार (एक्सपेंशन) की होती थी, अब बात दबाव और जोखिम की होने लगी है।

यह विरोधाभास जितना चौंकाने वाला है, उतना ही चिंताजनक भी। भारत में एविएशन सेक्टर में विकास की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन यह विकास टिकाऊ तभी होगा, जब मार्केट स्ट्रक्चर हेल्दी हो, नीतियां संतुलित हों और रेगुलेशन स्ट्रॉन्ग हो। आज की स्थिति में इंडिगो जैसी कंपनियों की मोनोपोली जितनी यात्रियों के लिए हानिकारक है, उतनी ही उद्योग के लॉन्ग टर्म फ्यूचर के लिए भी। भारतीय एविएशन सेक्टर को गौर से देखें तो यह दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता एविएशन मार्केट है, जो अभी मुख्यतः इंडिगो और एयर इंडिया पर ही टिका है। भारी संख्या में फ्लाइट पैसेंजर होने के बावजूद दूसरी कोई एयरलाइंस इस इंडस्ट्री में प्रभावी नहीं है। एविएशन एक्सपर्ट के मुताबिक, यह कोई सामान्य समस्या नहीं है, बल्कि खराब पॉलिसी का नतीजा है। पिछले 20 सालों में जब भी जेट



**आज की स्थिति में इंडिगो जैसी विमान कंपनियों की मोनोपोली जितनी यात्रियों के लिए हानिकारक है, उतनी ही उद्योग के लॉन्ग टर्म फ्यूचर के लिए भी है।**

एयरवेज या किंगफिशर जैसी बड़ी एयरलाइंस डूबीं, तो उस समय भी सरकार की ओर से इन कंपनियों को बचाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अगर सरकार समय से कदम उठाती तो संभवतः आज हजारों नौकरियां सुरक्षित और हमारी हवाई क्षमता बेहतर होती। सरकार एविएशन सेक्टर में किसी भी तरह के नए निवेश को आकर्षित करने में विफल रही है। आज, सरकार की बहुप्रचारित 'उड़ान' योजना का हश्र देखिए। दावा था 2,500 रुपये में हवाई यात्रा का, लेकिन दिसंबर 2025 में सरकार खुद 1500 किमी से कम की उड़ानों के लिए 18,000 रुपये तक की कैपिंग (सीमा) लगा रही है। एकाधिकार की प्रवृत्ति को रोकने के लिए और अधिक एयरलाइंस की सख्त जरूरत है। वर्तमान में, भारतीय घरेलू विमानन बाजार पर मुख्य रूप से दो बड़े समूहों का वर्चस्व है, जिससे प्रतिस्पर्धा का संतुलन बिगड़ गया है। बाजार का लगभग 90 फीसदी हिस्सा केवल इन दो समूहों (इंडिगो और टाटा) के नियंत्रण में है। भारत में और एयरलाइंस की सख्त आवश्यकता है। नई एयरलाइंस न केवल किराया कम करने में मदद करेंगी, बल्कि परिचालन संकट के समय बाजार को स्थिरता भी प्रदान करेंगी। भारत का एविएशन उद्योग सालाना 10 से 12 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, यह दुनिया में सबसे तेज़ ग्रोथ है। उस हिसाब से नए निवेश को आकर्षित करना चाहिए। मौजूदा हालात से बचने के लिए सरकार को अपना लागत ढांचा तर्कसंगत बनाना चाहिए। अभी बेइंतहां टैक्स है, एयरपोर्ट ऑपरेटर्स यात्रियों से तरह-तरह के शुल्क ले रहे हैं। जीएसटी आदि के नाम पर भी तरह तरह के टैक्स हैं। इन सारी वजहों से इस सेक्टर पर नए निवेश नहीं आ पा रहे हैं।

दूसरी सलाह है, बाजार हिस्सेदारी की सीमा तय की जानी चाहिए और 30 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी की इजाज़त नहीं दी जानी चाहिए। भारत यदि विश्व का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट बनना चाहता है तो उसे नीतियों को विस्तार से परे जाकर गहराई में सुधारना होगा। सबसे पहला उपाय होना चाहिए, एटीएफ को जीएसटी में लाना, दूसरा डीजीसीए को अधिक स्वायत्त, सशक्त और उत्तरदायी संस्था बनाया जाए, तीसरा यात्रियों को यूरोपीय मॉडल की तरह मुआवजे का कानूनी अधिकार मिले और चौथा नए खिलाड़ियों के प्रवेश को सरल बनाया जाना चाहिए, ताकि प्रतिस्पर्धा बनी रहे। भारत का एविएशन सेक्टर आज आईसीयू में है। हमने 'प्रतिस्पर्धा' को मारकर 'एकाधिकार' को चुना है। 2009 के 'राष्ट्रीय परिवहन विकास नीति समिति' ने जिस वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का सपना देखा था, उसे आज 'सेल्फी पॉइंट्स' और महंगे एयरपोर्ट बर्गर में बदल दिया गया है।

# एविएशन सेक्टर : थोड़ा है और थोड़े की जरूरत है



**विस्तार**

सुशील देव

स्वतंत्र पत्रकार

निश्चित तौर पर भारत का एविएशन सेक्टर यानी उड्डयन क्षेत्र बीते एक दशक में तेजी से विकसित हुआ है। बढ़ती आबादी, मध्यम वर्ग का विस्तार, व्यापार और पर्यटन में वृद्धि तथा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी की बढ़ती मांग ने हवाई यात्रा को अब केवल लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बना दिया है। आज हवाई सफर समाज के हर वर्ग की पहुंच में आता दिखाई दे रहा है।

यह बदलाव भारत की बदलती आर्थिक और सामाजिक तस्वीर को भी दर्शाता है। हाल के वर्षों में केंद्र सरकार ने देशभर में हवाई अड्डों के बुनियादी ढांचे के विस्तार पर विशेष जोर दिया है। पटना, दतिया, सतना, अमरावती, तूतीकोरिन, पूर्णिया, नवी मुंबई और गुवाहाटी जैसे शहरों में नए एयरपोर्ट और आधुनिक टर्मिनल सुविधाओं का विकास किया गया है। इससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत हुई है और बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा तमिलनाडु जैसे राज्यों में आर्थिक गतिविधियों को गति मिली है। सरकार और निजी क्षेत्र की साझेदारी ने इस सेक्टर को नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ाया है। इसके बावजूद यह कहना जल्दबाजी होगी कि हम पूरी तरह संतुष्ट स्थिति में पहुंच चुके हैं। इस क्षेत्र में अभी कई बुनियादी जरूरतें और कमियां मौजूद हैं। सीनियर एविएशन कंसल्टेंट जी. एस. बाबा के अनुसार, हम प्रगति के रास्ते पर जरूर हैं और संभावनाएं भी बहुत हैं, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। सबसे पहले विमानों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसके साथ पायलटों के प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता और रखरखाव ढांचे को मजबूत करना भी उतना ही आवश्यक है। सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल की दिशा में तेज प्रगति भी समय की मांग है। विमानों की उपलब्धता के संदर्भ में भी बड़ा अंतर दिखाई देता है। वर्तमान जरूरतों और भविष्य की मांग को देखते हुए बेड़े के विस्तार की आवश्यकता है। ऐसे में 'मेक इन इंडिया' के तहत विमान निर्माण और एयरोस्पेस विनिर्माण को बढ़ावा देने के प्रयास सकारात्मक संकेत देते हैं। पायलट प्रशिक्षण और तकनीकी कौशल विकास के लिए समर्पित समझौते (एमओयू) और प्रशिक्षण ढांचे का विस्तार भी उत्साहजनक कदम है। साथ ही भारत में एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल) सुविधाओं का विकास इस क्षेत्र को



**दीर्घकालिक नीति, स्थिर निवेश, कौशल विकास, तकनीकी नवाचार और पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण अपनाकर ही इस क्षेत्र को वास्तव में सशक्त बनाया जा**

आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर इस सेक्टर की रीढ़ है। यदि हम घरेलू यातायात को बेहतर ढंग से विकसित और व्यवस्थित कर लें, तो आत्मनिर्भर एविएशन प्रणाली बनाना कठिन नहीं होगा।सरकार द्वारा छोटे एयरपोर्ट के विकास और छोटे विमानों के संचालन को बढ़ावा देना एक प्रभावी रणनीति साबित हो सकती है। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना 'उड़ान' के माध्यम से टू-टियर और थ्री-टियर शहरों को जोड़ने का प्रयास सराहनीय है। इससे न केवल यात्रियों को सुविधा मिलती है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल और पर्यावरण-अनुकूल नीतियों पर काम भी भविष्य की जरूरतों के अनुरूप है।हालांकि चुनौतियां भी कम नहीं हैं। कई एयरलाइंस आर्थिक दबाव का सामना कर चुकी हैं। ईंधन की ऊंची कीमतें, जटिल टैक्स ढांचा, सीमित एयरपोर्ट स्लॉट, परिचालन लागत और प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी विकास की गति को प्रभावित करती है। छोटे हवाई अड्डों की व्यावसायिक व्यवहार्यता भी एक गंभीर प्रश्न है, वहां इंफ्रास्ट्रक्चर तो बन जाता है, पर यात्री संख्या और उड़ानों की निरंतरता सुनिश्चित करना चुनौती बना रहता है। सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन भी इस क्षेत्र की अनिवार्य जरूरतें हैं। बढ़ते हवाई यातायात के साथ सुरक्षा मानकों को और सख्त करना होगा। एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट, विमान रखरखाव और तकनीकी निगरानी को विश्वस्तरीय बनाना आवश्यक है। साथ ही कार्बन उत्सर्जन कम करने और हरित ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। यह भी जरूरी है कि एविएशन सेक्टर केवल महानगरों तक सीमित न रहे। उत्तर-पूर्व, पहाड़ी और दूरदराज क्षेत्रों में हवाई संपर्क जीवनरेखा का काम कर सकता है। मेडिकल इमरजेंसी, आपदा प्रबंधन और आवश्यक सेवाओं के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए नीतियों में लाभ के साथ सामाजिक उपयोगिता को भी बराबर महत्व मिलना चाहिए। भारत जैसा विशाल और उभरती अर्थव्यवस्था वाला देश अभी एविएशन संभावनाओं का केवल एक छोटा हिस्सा ही उपयोग कर पाया है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत का एविएशन सेक्टर सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन यात्रा अभी अधूरी है। दीर्घकालिक नीति, स्थिर निवेश, कौशल विकास, तकनीकी नवाचार और पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण अपनाकर ही इस क्षेत्र को वास्तव में सशक्त बनाया जा सकता है।



## अमेरिका में जेफरी एपस्टीन से जुड़े दस्तावेज जारी

# फाइल्स में सामने आया फिल्म निदेशक मीरा नायर का नाम, सूची में बिल गेट्स भी शामिल

### अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने शुक्रवार को एपस्टीन केस से जुड़े 30 लाख से ज्यादा पेजों के दस्तावेज जारी किए हैं, जिसमें 2,000 वीडियो और 1,80,000 तस्वीरें शामिल हैं

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

अमेरिका में जेफरी एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों ने एक बार फिर तहलका मचा दिया है। अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने शुक्रवार को एपस्टीन केस से जुड़े 30 लाख से ज्यादा पेजों के दस्तावेज जारी किए हैं, जिसमें 2,000 वीडियो और 1,80,000 तस्वीरें शामिल हैं। इन नए दस्तावेजों में न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी की मां और फिल्म निदेशक मीरा नायर का नाम भी सामने आया है। दस्तावेजों में दावा किया गया है कि मीरा नायर ने 2009 में अपनी फिल्म 'एमेलिया' के लिए आयोजित एक आफ्टर-पार्टी में शिरकत की थी।

मीरा नायर न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी की मां

मीरा की फिल्म की पार्टी यौन तस्करी की दोषी मैक्सवेल के यहां


फिल्म निदेशक मीरा नायर बेटे जोहरान ममदानी के साथ

### ईमेल से हुआ पार्टी का खुलासा

*यह जानकारी 21 अक्टूबर 2009 के एक ईमेल से सामने आई है। यह ईमेल अमेरिकी पब्लिसिटी मैनेजर पेगी सीगल ने जेफरी एपस्टीन को भेजा था। ईमेल पार्टी के ठीक बाद सुबह के समय भेजा गया था। इसमें पेगी सीगल ने लिखा है कि वह गिस्लीन मैक्सवेल (एपस्टीन की गर्लफ्रेंड और अपराधी) के मैनहट्टन टाउनहाउस से एक आफ्टर-पार्टी से लौटी हैं। पार्टी में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस और मीरा नायर समेत कई बड़े नाम मौजूद थे।*

### करोड़पति था जेफ्री एपस्टीन

जेफ्री एपस्टीन न्यूयॉर्क का करोड़पति फाइनेंसर था। उसकी बड़े नेताओं और सेलिब्रिटीज से दोस्ती थी। उस पर 2005 में नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगा। 2008 में उसे नाबालिग से सेक्स की मांग करने का दोषी ठहराया गया। उसे 13 महीने की जेल हुई। 2019 में जेफ्री को सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। लेकिन मुकदमे से पहले ही उसने जेल में आत्महत्या कर ली।

## पीएम मोदी का जिक्र करने पर भड़का भारत

### विदेश मंत्रालय की दो टूक, 'घटिया बकवास, खारिज करें'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

एपस्टीन फाइल्स में पीएम नरेंद्र मोदी के नाम का उल्लेख किए जाने पर शनिवार को विदेश मंत्रालय ने बेहद कड़े अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। जिसमें मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान जारी कर कहा कि हमें तथाकथित एपस्टीन फाइल्स से संबंधित एक ईमेल संदेश के जरिए रिपोर्ट मिली है। जिसमें पीएम और उनके इजराइल दौरे का उल्लेख किया गया है। वर्ष 2017 में की गई पीएम मोदी की आधिकारिक इजराइल यात्रा के तथ्य के अलावा इस रिपोर्ट में कही गई बाकी सभी बातें एक दोषी अपराधी (जेफ्री एपस्टीन) की घटिया बकवास के अलावा और कुछ भी नहीं हैं। ऐसे में इन्हें साफ तौर पर नजरअंदाज करते हुए बिना किसी देरी के तुरंत खारिज कर दिया जाना चाहिए।

### बिल गेट्स को लेकर चौंकाने वाला दावा

*एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेजों में माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स को लेकर भी सनसनीखेज खुलासा किए गए हैं। फाइलों में शामिल कुछ ईमेल ड्राफ्ट्स में आरोप लगाया गया है कि बिल गेट्स ने रूसी महिलाओं के साथ संबंध बनाए और कथित तौर पर यौन संचारित रोग (एसटीडी) हो गया था और उन्होंने तत्कालीन पत्नी मेलिंडा गेट्स को गुप्त रूप से एंटीबायोटिक्स देने की कोशिश की थी। ये दावे एपस्टीन की ओर से साल 2013 में खुद को लिखे गए ईमेल में सामने आए हैं। हालांकि गेट्स ने इन अपुष्ट दावों का खंडन करते हुए इसे एपस्टीन की हताशा बताया।*

---

## पश्चिम-एशिया में जारी संघर्ष से अरब के साथ-साथ प्रभावित हुआ भारत

# आतंकवाद के खिलाफ 'शून्य सहिष्णुता' एक अटल वैश्विक नियम के रूप में अपनाई जाए

***राजधानी में आयोजित की गई भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक को संबोधित करते हुए बोले डॉ. जयशंकर***

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में शनिवार को भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी उच्च-स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ सह-अध्यक्षता करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक ओर वर्तमान समय में पश्चिम-एशिया से लेकर मध्य-पूर्व में जारी संघर्षों की वजह से बने हुए चिंताजनक माहौल पर भारत का पक्ष रखा। वहीं, दूसरी ओर उन्होंने आतंकवाद के रूप में दुनिया के सामने खड़ी इस सदी की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय चुनौती का उल्लेख करते हुए पुरजोर अंदाज में कहा कि इसका मुकाबला करने के लिए शून्य सहिष्णुता यानी जीरो टॉलरेंस को बिना किसी समझौते के साथ एक अटल वैश्विक नियम के रूप में अपनाया जाना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि ऐसा तब जब हम इस समस्या से दो-दो हाथ करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत बनाने पर लगातार जोर दे रहे हैं। दोनों क्षेत्रों में सभी प्रकारों-अभिव्यक्तियों के साथ आतंकवाद (सीमा-पार आतंकवाद शामिल) पूरी तरह से अस्वीकार्य है। क्योंकि यह वैश्विक संबंधों और कूटनीति के मूलभूत सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। आतंकवाद द्वारा निशाना बनाए जाने वाले समाजों को इसका विरोध करने का पूरा अधिकार है। भारत ने भी पूरी सूझबूझ के साथ अपने इसी अधिकार का इस्तेमाल किया है। गौरतलब है कि बैठक से पहले अरब देशों के विदेश मंत्रियों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की थी।


विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

### घटनाओं के केंद्र में गाजा का मुद्दा

उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में इन तमाम घटनाओं का क्षेत्र और उससे बाहर भी बड़े पैमाने पर प्रभाव पड़ रहा है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान खासतौर पर गाजा में बने हुए हालात पर केंद्रित है। हममें से कई पिछले साल अक्टूबर-2025 में शर्म-अल-शेख में हुए शांति सम्मेलन में शामिल हुए थे। जो इसके अगले नवंबर महीने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्ताव-2803 के रूप में सामने आया। क्षेत्र में व्यापक योजना के साथ आगे बढ़ते हुए गाजा में जारी संघर्ष की समाप्ति आज के समय की विस्तृत रूप में साझा की गई प्राथमिकताओं में से एक है।

### अरब देशों संग प्रभावित हुए संबंध

उन्होंने कहा कि हम एक ऐसे समय में मिल रहे हैं। जब वैश्विक परिदृश्य में कई वजहों से बदलाव देखने को मिल रहे हैं। जिसमें राजनीतिक, आर्थिक, तकनीकी और जनसांख्यिकीय बदलाव मुख्य हैं। यहां ध्यान देने वाला तथ्य यह है कि बदलावों की झलक पश्चिम-एशिया और मध्य-पूर्व में बाकी दुनिया के मुकाबले ज्यादा प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिल रही है। जहां भूभाग पर बीते एक साल में बड़े पैमाने से बदलाव जारी हैं और उनसे हम सभी प्रभावित हैं। भारत, क्षेत्र से निकटता की वजह से प्रभावित हो रहा है। साथ ही काफी हद तक इसका भारत के अरब देशों के साथ संबंधों पर भी असर पड़ा है।

### सूडान, यमन के संघर्षों पर दिया जोर

जयशंकर ने कहा कि क्षेत्र में कई अन्य परिस्थितियां भी हैं। जिन्हें सामूहिक रूप से हमें ध्यान देना चाहिए। इसमें सूडान का संघर्ष जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है। इसके बाद यमन में जारी तनाव ने सुरक्षित समुद्री आवाजाही को अतिरिक्त रूप से प्रभावित किया है। लेबनान को लेकर भी चिंता बनी हुई है।

### खाद्य सुरक्षा पर चाहिए मजबूत सहयोग

भारत की अरब देशों के साथ मजबूत साझेदारी है। कई देशों के साथ यह सामरिक स्तर तक भी जा पहुंची है। भारत की साझेदारी की जड़ें इतिहास से जुड़ी हैं, जिसमें हमारे बीच सेवाओं, लोगों और विचारों का आदान-प्रदान होता था। परंपरागत जगत में ये भागीदारी कई सहयोगियों के साथ विविध रूपों में आगे बढ़ रही है। समूचे क्षेत्र में aभारत से स्थानांतरित होकर पहुंचा बड़ा समुदाय भी रहता है। ऊर्जा के भंडारों के साथ भारत के बड़े व्यापार भी संबंध हैं।

### 2026-28 के एजेंडे में मददगार

उन्होंने इस बैठक को दोनों पक्षों की सकारात्मक भावनाओं को प्रायोगिक रूप से आकार देने वाला एक मंच करार दिया। साथ ही कहा, ये 2026-28 के सहयोग के एजेंडे का आकलन करने का अवसर भी प्रदान करता है। जिसमें ऊर्जा, पर्यावरण, कृषि, पर्यटन, मानव संसाधन विकास, संस्कृति और शिक्षा के अलावा अन्य क्षेत्र शामिल हैं। भारत अरब देशों के साथ पारंपरिक रूप से सहयोग के और अधिक आयामों जैसे डिजिटल, स्पेस, स्टार्टअप, इनोवेशन भी अहम हैं। साथ ही हम आतंकवाद से मुकाबले व संसदीय आदान-प्रदान को लेकर भी साथ काम करने के लिए तैयार हैं। इसी के तहत शुक्रवार को हमने इंडिया- अरब चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्री एंड एग्रीकल्चर भी लांच किया है। ये गतिविधियां, कदम द्विपक्षीय क्षेत्र में हमारे सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करेंगी। बीते दशक में भारत ने तकनीक आधारित आमजन पर केंद्रित कई तकनीक विकसित की हैं। भारत का विश्वास है कि अच्छी आदतों और अनुभवों को आपस में बांटने से हमें सामूहिक रूप से लाभ होगा।


पीएम मोदी से अरब लीग के विदेश मंत्रियों की मुलाकात

## अरब देशों के विदेश मंत्रियों से हुई मुलाकात में बोले पीएम मोदी

# फिलिस्तीनियों के लिए समर्थन और गाजा 'शांति' योजना का स्वागत है

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत, फिलिस्तीन के लोगों को लगातार समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। गाजा शांति योजना समेत शांति के लिए जारी तमाम प्रयासों का स्वागत करता है।

यह जानकारी पीएम ने 31 जनवरी को राजधानी में हुई भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी उच्च-स्तरीय बैठक से पहले समूह के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान दी है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम ने इस मुलाकात में अरब देशों द्वारा पश्चिम-एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता के प्रयासों को लेकर निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की है।

### एक दशक पहले हुई थी पहली बैठक

भारत की अरब दुनिया के देशों के साथ उक्त फोरम के तहत पहली बैठक वर्ष 2016 में बहरीन में हुई थी। जिसमें अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, मीडिया, शिक्षा और संस्कृति जैसे सहयोग से जुड़े प्राथमिकता वाले पांच क्षेत्रों पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गया था। अब इस दूसरी बैठक की खास बात यह है कि इसका आयोजन भारत में किया जा रहा है। जिसकी भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) संयुक्त रूप से सह-अध्यक्षता कर रहे हैं।

### सहयोग को और अधिक गहरा बनाएंगे

पीएम ने मुलाकात के दौरान भारत-अरब साझेदारी को लेकर देश के विजन को रेखांकित करते हुए भविष्य में सहयोग को गहराई प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्धता जताई। जिसमें व्यापार, निवेश, ऊर्जा, तकनीक, स्वास्थ्य के साथ ही प्राथमिकता और दोनों पक्षों के आम लोगों के साझा हितों से जुड़े हुए अन्य क्षेत्र मुख्य रूप से शामिल हैं।

---

## खबर संक्षेप

### किश्तवाड़ में मुठभेड़ जारी, 3 जवान घायल

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के डोलगाम इलाके



में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ के दौरान 3 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए उधमपुर के मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स शामिल है।

### दिल्ली के दंगे का आरोपी फैजान अदालत से बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों



के दौरान दंगे और आगजनी के आरोपी फैजान को बरी कर दिया। अदालत ने अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर असंगतियों का हवाला देते हुए कहा कि एकमात्र पहचान करने वाले गवाह की गवाही पर भरोसा करना सुरक्षित नहीं होगा।

### कांगो की खदान धंसकी 200 लोगों की मौत

**कांगो।** अफ्रीकी देश कांगो रिपब्लिकन के पूर्वी हिस्से में रुबाया



कोल्टैन खदान में लैंडस्लाइड हो गया है, जिसमें 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा बुधवार को हुआ, जब बारिश के मौसम में जमीन कमजोर हो गई और खदान ढह गई। गवर्नर के प्रवक्ता लुबुम्बा कंबेरे मुयिसा ने बताया कि इस लैंडस्लाइड में 200 से अधिक लोग मारे गए।

## भारत में इजराइल के राजदूत रियूवेन अजार ने की पुष्टि

# जल्द ही दोनों देशों के बीच होगा एफटीए, नियमों पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में इजराइल के राजदूत रियूवेन अजार ने दोनों देशों के बीच के मजबूत संबंध का जिक्र करते हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर जल्द समझौता होने की उम्मीद जताई है। इजराइली राजदूत ने जल्द व्यापार समझौता होने की पुष्टि करते हुए कहा कि इजराइल और भारत ने एफटीए पर बातचीत के लिए नियमों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि फरवरी महीने में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल तेल अवीव की यात्रा करने वाला है। इस दौरान फ्री ट्रेड डील पर बातचीत की जाएगी। उन्होंने कहा की शुरूआती बातचीत आसान मुद्दों पर की जाएगी और उसके बाद ज्यादा जटिल मुद्दों पर एक राय बनाने के लिए बातचीत की जाएगी। इजराइली राजदूत ने उम्मीद जताई है कि व्यापार डील पर इसी साल समझौता होने की पूरी उम्मीद है।


इजराइल के राजदूत रियूवेन अजार

### आईएमईसी बेहद अहम

इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) पर बात करते हुए इजराइली राजदूत ने कहा कि यह बेहद अहम है। हम ट्रेड को आसान बनाने और सामान की लागत कम करने के लिए लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में इजराइल जोर दे रहा है। इजराइल में हमारी एक टास्क फोर्स है जो लॉजिस्टिक्स से निपटने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने पर काम कर रही है, क्योंकि हम ट्रेड को आसान बनाना चाहते हैं। हम सामान लाने-ले जाने की कीमत कम करना चाहते हैं और मुझे लगता है कि इससे सभी के लिए इकोनॉमिक खुशहाली आएगी।

### गाजा में इजराइल के हमले में 2 परिवार के 12 लोगों की मौत

**गाजा।** गाजा में शनिवार को इजराइल ने हमला किया। इसमें 12 फिलिस्तीनियों की



मौत हो गई, जिसमें 6 बच्चे भी शामिल हैं। गाजा पट्टी के अस्पतालों ने बताया कि हमले में 2 परिवारों के लोग मारे गए हैं। हमले उत्तरी और दक्षिणी गाजा में एक अपार्टमेंट बिल्डिंग और रिलीफ कैंप पर हुए। हमले की वजह से कैंप में आग लग गई। यह हमला ऐसे समय हुए जब रविवार को मिस्र बॉर्डर पर रफाह क्रॉसिंग खुलने वाली है, जो अमेरिका की मध्यस्थता वाले सीजफायर के दूसरे स्टेज का हिस्सा है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने रिकॉर्ड किया है कि 10 अक्टूबर से सीजफायर शुरू होने के बाद इजराइली फायरिंग से 500 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

## अभ्यास 'अग्नि परीक्षा' से युद्ध की तैयारियों को दी धार



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने अरुणाचल प्रदेश में चार दिवसीय संयुक्त फायरिंग अभ्यास 'अग्नि परीक्षा' के दूसरे चरण (फेज-दो) का सफल आयोजन किया है। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों बलों के बीच समन्वय बढ़ाना और युद्धक तैयारियों को और अधिक मजबूत करना रहा। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने शुक्रवार को बताया कि 'अग्नि परीक्षा' अभ्यास का दूसरा चरण 25 से 28 जनवरी के बीच अरुणाचल प्रदेश के तेजू क्षेत्र में आयोजित किया गया। इस चरण का मुख्य उद्देश्य अंतर-बल युद्धक तालमेल और परिचालन तत्परता को सुदृढ़ करना था।

---

## 5 फरवरी को मनाए जाने वाला कश्मीर सद्भावना दिवस पाक प्रोपेगेंडा का नापाक हिस्सा

## पाक का भारत में हिंसा का पुराना पैटर्न भी किसी से छिपा हुआ नहीं

# पहलगाम का गुनहगार 'टीआरएफ' अब कश्मीर में बुद्धिजीवियों को दे रहा जान से मारने की धमकी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पिछले साल की शुरुआत में पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों का धर्म पूछकर उनकी बेहद निर्ममता के साथ हत्या करने के दोषी पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने अब कश्मीर के बुद्धिजीवियों को जान से मारने की धमकी देकर आतंक का खूनी खेल खेलने का नया सिलसिला शुरू कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि यह पड़ोसी दुश्मन देश की आगामी 5 फरवरी को मनाए जाने वाले तथाकथित कश्मीर सद्भावना दिवस के वार्षिक प्रोपेगेंडा का नापाक हिस्सा है। जिसमें पाकिस्तान के खुफिया प्रतिष्ठान खासकर आईएसआई और उनके पाले-पोसे हुए आतंकी संगठन नाम बदलकर यानी छद्म रूप से कश्मीरी बुद्धिजीवियों और अन्य लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।




### आतंकियों ने मारे 5 हजार कश्मीरी

सूत्रों ने कहा कि खतरे की गंभीरता के साथ पाकिस्तान का भारत में हिंसा का पुराना पैटर्न भी किसी से छिपा हुआ नहीं है। वर्ष 1989 से 2020 तक पाकिस्तानी आतंकी संगठनों ने कुल करीब 5 हजार से ज्यादा कश्मीरी नागरिकों, पत्रकारों, राजनेताओं और बुद्धिजीवियों की हत्या की है। यह वो तमाम लोग हैं, जिन्होंने आतंकवाद का विरोध करते हुए भारत का खुलेआम समर्थन किया है।

### धमकी में बुद्धिजीवियों को बताया गद्दार

ताजा मामला इनकी ओर से यूरोपियन फाउंडेशन फॉर साउथ एशियन स्टडीज (ईएफएसएएस) के डायरेक्टर जुनैद कुरैशी और अल्ताफ कालू को दी गई जानलेवा धमकी से जुड़ा हुआ है। यह दोनों अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के राज्य प्रायोजित आतंकवाद और जम्मू-कश्मीर में जारी छद्म युद्ध का पर्दाफाश करने में लगे रहते हैं।

### जुनैद कुरैशी का पक्ष

मीडिया आउटलेट से बातचीत में जुनैद कुरैशी ने सीधे तौर पर पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस खतरे की शुरुआत आईएसआई ने लश्कर-ए-तैयबा और उसके कमांडर शेख सज्जाद गुल के साथ मिलकर किया है। जम्मू-कश्मीर में पाक खुफिया एजेंसी के निर्देश पर लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिदीन और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकवादी संगठन वर्षों से अपना खूनी आतंकी खेल खेलने में लगे हुए हैं। जुनैद कुरैशी वर्ष 1971 में एयर इंडिया के अपहृत विमान आईसी-405 विमान के अपहरणकर्ताओं में से एक हाशिम कुरैशी का बेटा है।

## नायडू से मिले फ्रांसीसी परिवहन मंत्री

# विमानन साझेदारी पर हुई चर्चा एयर मोबिलिटी में करेंगे सहयोग


नायडू से फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने फ्रांस के परिवहन मंत्री फिलिप टाबारोट के नेतृत्व में आए फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। यह बैठक फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत की आगामी राजकीय यात्रा से ठीक पहले आयोजित की गई, जिसे भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिहाज से अहम माना जा रहा है। मंत्री नायडू ने 'एक्स' पर लिखा कि फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल से मिलकर उन्हें सम्मान महसूस हुआ। बैठक के दौरान भारत और फ्रांस के बीच लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के लिए हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

# मंगेतर ने मां का हार लौटाने से किया इंकार तो खा ली नींद की गोलियां

**तलैया थाना क्षेत्र स्थित समीर अपार्टमेंट का मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तलैया थाना क्षेत्र स्थित समीर अपार्टमेंट में एक युवक ने नींद की गोलियों का ओवरडोज ले लिया। ओवर डोज लेने से वह बेसुध है। परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां उसका इलाज चल रहा है। परिजन का आरोप है कि उसने यह कदम मंगेतर से दुखी होकर उठाया है।

**युवक की हालत नाजुक, निजी अस्पताल में चल रहा इलाज**

**परिजन का आरोप है कि उसने यह कदम मंगेतर से दुखी होकर उठाया**


फाइल फोटो

दरअसल, मंगेतर के पास उसने मां का पुराना हार और 45 हजार रुपए की रकम अमानत के बतौर रखी थी। अब उसे पैसे और हार की जरूरत पड़ी तो वह मंगेतर के घर विदिशा पहुंचा और मां का हार सहित रुपए मांगे। इस पर मंगेतर ने उसे रुपए और हार देने से इंकार कर दिया। युवक ने मंगेतर को कहा था कि उसे शादी के कार्यक्रम में पैसों की और हार की जरूरत है, लेकिन वह नहीं मानी। युवक ने उसे कहा कि मैं आत्महत्या कर लूंगा। इस पर मंगेतर ने कहा कि मर जाओ पर मैं हार नहीं दूंगी। मंगेतर की दुष्प्रेरणा से दुखी होकर उसने यह कदम उठाया है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार 22 साल का शादाब हुसैन समीर अपार्टमेंट तलैया में रहता है। करीब ढाई साल पहले उसकी सगाई विदिशा में रहने वाली एक युवती से हुई थी। दोनों की शादी होने वाली थी। शादाब ने मां का पुराना सोने का हार उसे दे दिया। इसके अलावा करीब 45 हजार रुपए फुटकर में दिए थे। उसने कहा था कि जब हमारी शादी होगी तो यह रुपए और हार लौटा देना, ताकि मैं शादी में जरूरत के खर्चे कर सकूं। अभी 28 जनवरी को शादाब मंगेतर से मिलने उसके घर पहुंचा। उसने कहा कि अब शादी की तैयारियां शुरू हो गई है तुम मां का हार और रुपए लौटा दो। इस पर मंगेतर ने हार और रुपए लौटाने से इंकार कर दिया। शादाब ने कहा कि उसके पास पैसे नहीं है। शादी के कार्यक्रम में उसकी समाज के सामने बेइज्जती होगी, लेकिन मंगेतर नहीं मानी। उसने कहा कि मेरे सामने आत्महत्या के अलावा अब कुछ नहीं बचा। इस पर मंगेतर ने कहा कि मर जाओ पर मैं तुम्हे हार और रुपए नहीं दूंगी। 28 जनवरी को शादाब घर पहुंचा। वह दुखी था और 29 जनवरी की सुबह उसने नींद की गोली का ओवरडोज ले लिया।

## 13 साल के किशोर ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित हाई स्कूल के पास रहने वाले 13 साल के किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी छोटी बहन ने उसका शव फांसी के फंदे पर लटका देख मां को बताया था। मां की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। किशोर अनपढ़ था। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन के बयान में भी आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है।पुलिस के अनुसार वरुण पिता अशोक सोलंकी (13) हाईस्कूल के पास गांधी नगर में रहता था। उसकी मां ने दूसरी शादी की है और वह अपनी बेटी सहित वरुण के साथ यहां रह रही थी। वरुण के पिता प्राइवेट काम करते हैं। शुक्रवार सुबह वह काम पर चले गए थे। घर में वरुण और छोटी बहन और मां बस थे। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वरुण की बहन ऊपर वाले कमरे में पहुंची। इस दौरान उसने वरुण को दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद मां को बताया कि भाई फांसी पर लटका हुआ है।

## खबर संक्षेप



### गौकर्ण और धुंधकारी की सुनाई कथा

**औबेदुल्लागंज।** महावीर कॉलोनी में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य पं. श्री मनोज शास्त्री महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान से विमुख होने पर व्यक्ति का पतन हो जाता है। उन्होंने गौकर्ण और पापी धुंधकारी की कथा के माध्यम से बताया कि हमें अच्छे कर्म करना चाहिए। हमारी आदतें अच्छी होनी चाहिए, अन्यथा अपना ही अनिष्ट कर बैठते हैं। कथा के दूसरे दिन आध्यात्मिक ज्ञान की कथाएं और जीवन-कल्याण के संदेश दिए।

### नपा का विशेष वसूली शिविर का आयोजन



**औबेदुल्लागंज।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण राहंगडाले के निर्देशानुसार अनुसार वार्ड 2 झूलेलाल मंदिर के पास विशेष वसूली शिविर का आयोजन किया गया गंगा परिसर के सामने पार्क में विशेष वसूली शिविर का आयोजन किया जाएगा। वार्ड 8 हिरानिया में 2 फरवरी को विशेष वसूली शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समस्त वार्ड वासी, नगर वासी से अनुरोध है कि शिविर में आकर संपत्ति कर जलकर, दुकान किराया राशि जमा करने में सहयोग प्रदान करें।

### राजनीति में स्वच्छ छवि के नेता हैं शर्मा

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के पूर्व



जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा कि रुचि औबेदुल्लागंज के विकास में एवं सुंदर बनाने के लिए है। उनके विचारों से नगर में कई कार्य करने के लिए लोग तैयार हैं। नरेंद्र शर्मा किसान हैं और व्यापारी भी हैं। इसीलिए नगर की और हिरानिया की चिंता करते रहते हैं। नरेंद्र शर्मा राजनीति में स्वच्छ छवि के नेता हैं। अगर शर्मा जैसे व्यक्ति को नगर परिषद के अध्यक्ष के लिए भाजपा लाती है तो नगर का विकास भी होगा।

### पार्षद सुजीत यादव का मनाया जन्मदिन

**औबेदुल्लागंज।** पार्षद एवं हिंदू



उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया। विधायक सुरेंद्र पटवा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, अशोक मित्तल, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, विधायक प्रतिनिधि सोनू चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नामिता बागिश अग्रवाल, सुनील सेरिया, कांग्रेस नेता दुर्गेश यादव, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा आदि ने यादव को जन्मदिन की बधाई दी।

### आज धूमधाम से मनाई जाएगी संत रविदास जयंती

**मंडीदीप।** संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर सेवा समिति द्वारा रविवार को संत रविदास जयंती पर भव्य आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से वार्ड 9 स्थित मंदिर से चल समारोह निकलेगा, जो मेन मार्केट, स्टेशन रोड, बस स्टैंड, एचईजी और पटेल नगर होते हुए संत रविदास मंदिर, वार्ड 1 पर समाप्त होगा। चल समारोह में गुरु रविदास के जीवन और उपदेशों के संदेश साझा किए जाएंगे। नगरवासी जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत करेंगे। शाम को भंडारा और रात्रि में भजन संध्या आयोजित की जाएगी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | 700 | 70 | 235 |
| रातः | 679 | 26 | 880 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 799 | 56 | 349 |
| रातः | 456 | 55 | 366 |

## एमपी नगर पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

# लूडो गेम में हारे डेढ़ हजार, नहीं देने पर इंजीनियरिंग छात्र समेत दो का अपहरण

**मारपीट कर छात्रों से जबरन 11 हजार खाते में ट्रांसफर कराए**

**चाय सुट्टा बार से आरोपियों ने किया था अपहरण**


एमपी नगर थाना पुलिस की गिरफ्त में अपहरण के चारों आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर जोन टू स्थित चाय सुट्टा बार से इंजीनियरिंग छात्र और उसके दोस्त का कार से अपहरण कर मारपीट करने और क्यूआर कोड के जरिए खाते में 11 हजार रुपए डलवाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में वारदात के कुछ घंटों बाद ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ऑनलाइन लूडो गेम में हारे डेढ़ हजार रुपए नहीं देने पर चारों आरोपियों ने कार से अपहरण कर फरियादी से जबरन वसूली की और उसे एमपी नगर छोड़कर फरार हो गए थे।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से बोध विहार जिला बालाघाट निवासी अभय चौहान पुत्र अनिल चौहान (23) यहां जिंसी पुलिस चौकी के पास जहांगीराबाद में किराए के कमरे में रहता है और निजी कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। वह अपने दोस्तों के साथ अक्सर एमपी नगर जोन टू स्थित चाय सुट्टा बार में चाय पीने जाता था। वहीं पर वह पूर्व परिचित छात्रों अमन सोनी, रोहित अहिरवार, मुन्ना वारिस व लक्की के साथ ऑनलाइन लूडो गेम भी खेलता था।

शुक्रवार को वह ऑनलाइन लूडो गेम में डेढ़ हजार रुपए हार गया। उस समय वह गेम में हारे रुपए नहीं दे सका। गुस्साए आरोपियों ने अभय व उसके दोस्त विक्की प्रजापति को जबरन अपनी कार में बिठा लिया और कोलार इलाके में ले जाकर मारपीट और रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने फरियादी से मारपीट कर अलग-अलग क्यूआर कोड के जरिए 11 हजार रुपए अपने खाते में डलवा लिए। उसके बाद चारों आरोपी अभय और उसके दोस्त विक्की को उसी स्थान पर छोड़कर फरार हो गए, जहां से उनका अपहरण किया था।

घटना के बाद अभय और विक्की प्रजापति एमपी नगर थाने पहुंचे और चारों आरोपियों के खिलाफ अपहरण, मारपीट व जबरन वसूली समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच में पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले। वारदात के कुछ घंटों बाद ही पुलिस ने चारों आरोपियों अमन सोनी (28) निवासी झूलेलाल मंदिर के पासए बैरागढ़, लक्की बरागढ़े (19) निवासी हर्षवर्धन कॉलोनी, रोहित अहिरवार (26) निवासी पंचशील नगर और मुन्ना वारिस (20) निवासी पंचशील नगर को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से कार भी बरामद कर ली है।

### आर्मी की स्कूल बस ने मारी बाइक सवार महिला को मारी टक्कर, मौत

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित संत आशाराम तिराहा पर आर्मी की स्कूल बस ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी महिला को गंभीर चोट थी। पति उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचा, वहां शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली बस की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार हेमवती कुशवाह पति जगदीश कुशवाह (38) शांति नगर, गांधी नगर में रहती थी। वह एक संस्था में सफाइकर्मी बतौर नौकरी करतीं थीं, जबकि पति हम्माली करते हैं। जगदीश कुशवाह ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे वह पत्नी को ड्यूटी से लेकर बाइक से घर जा रहा था। संत आशाराम नगर तिराहा पहुंचते ही आर्मी की बस ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वे पत्नी के साथ बाइक सहित गिर गए थे। हादसे में पत्नी हेमवती को सिर में गंभीर चोट थी। वे हेमवती को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां इलाज के दौरान शुक्रवार-शनिवार की रात करीब ढाई बजे हेमवती को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## वरिष्ठ ने कनिष्ठ विद्यार्थियों को ज्योति पुंज प्रदान की

# स्टूडेंट ऑफ द ईयर रेखा और मिस एलवीएस बनी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर


लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उमा विद्यालय में आयोजित समारोह में उपस्थित अतिथि।

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उमा विद्यालय एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल गांधीनगर में शनिवार को आशीर्वाद समारोह का शुभारंभ सिद्ध भाऊ द्वारा मां सरस्वती, गुरुनानक देव जी एवं संत हिरदाराम साहिब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वल्लित कर किया। इसके बाद शाला सचिव रमेश हिंगोरानी, संचालक योगेश हिंगोरानी, प्राचार्यगं ने सिद्ध भाऊ का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

सर्वप्रथम कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के बच्चों ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की संस्था मैंनेजमेंट एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की भूरी-भूरी प्रशंसा की। सिद्ध भाऊ ने अपने उद्बोधन में कहा कि कक्षा 12वीं तक पढ़ाई नींव है, असली पढ़ाई तो कॉलेज में होगी, वहां कोई रोक टोक नहीं रहेगी, खुलापन होगा, किन्तु वहां आपको स्वयं ही संभालना होगा। कॉलेज में रेगिंग भी होती है, किन्तु आप अपने सीनियर्स का आदर करेंगे उन्हें सम्मान देंगें तो वह आपकी रेगिंग न लेकर आपका सहयोग करेंगे।

कार्यक्रम के दौदरान कक्षा 12वीं की छात्रा कु. रेखा विश्वकर्मा को स्टूडेन्ट ऑफ द ईयर और कु. समीक्षा घोषी को मिस एलवीएस का अवॉर्ड दिया गया। प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के छात्र विनायक शर्मा को मिस्टर पीकेपीएस और नीलेश प्रजापति को मिस्टर डिसीप्लेन का अवॉर्ड दिया गया। बारहवीं के बच्चों ने ग्यारहवीं के बच्चों को ज्ञान ज्योति प्रदान की। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत दी। कार्यक्रम का संचालन लवीना जगनानी एवं बबीता पटेल ने किया एवं आभार जयश्री ममतानी ने किया।

## पत्नी पर किया था तवे से हमला 52 दिन बाद मौत

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित हिल्स व्यूह सिटी में 9 दिसंबर मंगलवार दोपहर पति ने पत्नी पर तवा से जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में उसे गंभीर चोट आई थी। बच्चों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब 52 दिन चले इलाज के बाद महिला की मौत हो गई। पुलिस ने उक्त मामले में बीएसएनएल में पदस्थ पति पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था।

## विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के कई नेता प्रत्याशी बनने में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के दावेदार बढ़ते ही जा रहे हैं। पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल गडरवास, जनपद अध्यक्ष के प्रतिनिधि बृजेश चौकसे, पूर्व जिला अध्यक्ष युवक कांग्रेस परेश नागर, वर्तमान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार भी सक्रिय हो गए हैं। ये सभी नेता विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रत्याशी बनना चाहते हैं।

कांग्रेस में सबसे ज्यादा जन आधार वाले नेता हैं पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल गडरवास, जनपद अध्यक्ष के प्रतिनिधि बृजेश चौकसे। पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल भोजपुर क्षेत्र में दो बार चुनाव लड़ चुके हैं। एक बार पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल के सामने चुनाव लड़े थे। पिछले विधानसभा चुनाव में विधायक सुरेंद्र पटवा के सामने प्रत्याशी थे। अब देखना यह है कि कांग्रेस में भोजपुर क्षेत्र के लिए कौन विस चुनाव में प्रत्याशी होगा।

## चाणक्य पब्लिक स्कूल में मनाई फेयरवल पार्टी

# जूनियर और सीनियर्स विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर्स को विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया भावुक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

चाणक्य पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह (फेयरवल पार्टी) का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा को सम्मानपूर्वक विदा देना और उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देना रहा। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन संस्था संस्थापक सीएस सिंह एवं संस्था प्राचार्य भूपेंद्र कौर ने की। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें गीत, नृत्य एवं मनोरंजक गतिविधियां शामिल रहीं। इस दौरान जूनियर और सीनियर्स विद्यार्थियों ने खूब मस्ती की।

जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर्स को विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत कर उन्हें भावुक कर दिया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के महत्व को समझाते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही, विद्यार्थियों की उपलब्धियों जिसमें मिस्टर फेयरवेल कृष साहू, राजकुमार परते एवं मिस फेयरवेल वैष्णवी नागर और यशिका नागर रहे। कार्यक्रम प्रबंधन का कार्य विशाल गंगवानी एवं अरज़ान अली ने निभाया। कार्यक्रम के अंत में स्मृति-चिन्ह भेंट किए गए।


मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल का सम्मान करते हुए।

## टिगरिया के किसान विकास कार्य न होने से परेशान, करेंगे आंदोलन

**औबेदुल्लागंज।** नगर से 2 किलोमीटर दूर टिगरिया ग्राम के किसान काफी परेशान हैं। टिगरिया में न सरपंच दिखते हैं और न ही पंचायत सचिव।

टिगरिया के ग्रामवासियों ने बताया कि टिगरिया ग्राम को औबेदुल्लागंज नगर परिषद में मिलाया जाए, जिससे टिगरिया ग्राम का विकास हो सके। अभी टिगरिया पंचायत में शामिल है। इसीलिए टिगरिया का कोई विकास नहीं हो पा रहा है। यहां के किसान छोटी-छोटी चीजों के लिए भी परेशान होते हैं। टिगरिया पहुंच मार्ग और ग्राम की गलियां जर्जर होने से लोग परेशान हैं। समस्याओं के समाधान के लिए टिगरिया के किसान आंदोलन करेंगे।

# उपभोक्ता आयोग ने बुकिंग कैंसिल होने पर रिफंड देने शादी हॉल संचालक को दिया आदेश

**कोविड के दौरान शादी हॉल संचालक ने बुकिंग राशि नहीं लौटाई थी**

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

कोरोना महामारी के दौरान संक्रमण रोकने के लिए शादी रद्द करने पर शादी हॉल संचालक द्वारा उपभोक्ता को एडवांस जमा राशि नहीं लौटाए जाने पर जिला उपभोक्ता आयोग ने द लॉयन सिटी मैरिज गार्डन हलालपुरा भोपाल के संचालक को निर्देश दिया है कि वह उपभोक्ता मनोहर पाठक को 39,600 रुपए की राशि 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ 2 माह के अंदर लौटाएं। आयोग ने शारीरिक एवं मानसिक क्षति के रूप में 10,000 रुपए तथा परिवाद व्यय के रूप में 5000 रुपए अदा जाने का आदेश भी दिया है। यह आदेश जिला उपभोक्ता आयोग भोपाल की अध्यक्ष गिरीबाला सिंह और सदस्यगण अंजुम फिरोज एवं प्रीति मुद्गल की बेंच ने दिया है।

### यह है मामला

मामला कोरोना काल में लॉकडाउन के कारण मैरिज गाडन बुकिंग के बाद शादी टालने के विवाद का है। एचएस राजपूत अधिवक्ता ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग में परिवाद प्रस्तुत कर बताया था कि परिवादी मनोहर पाठक ने अपनी पुत्री के 19 अप्रैल



2020 को होने वाले विवाह के लिए द लॉयन सिटी मैरिज गार्डन हलालपुरा भोपाल को 10 फरवरी 2020 को बुक करते हुए 20,000 रुपए चैक के माध्यम से अदा किए थे। कोविड महामारी के चलते सरकारी प्रतिबंध के कारण 19 अप्रैल 2020 को होने वाला विवाह टल गया। इसके बाद 28 अप्रैल 2021 को विवाह होना तय किया गया। परिवादी ने संचालक को मैरिज गार्डन बुक करते हुए 27 जनवरी 2021 को 25000 रुपए तथा 20 फरवरी 2021 को 40,000 रुपए एडवांस दिया था। लेकिन दोनों ही बार कोविड महामारी के चलते सरकारी प्रतिबंध के कारण विवाह संपन्न नहीं हो सका। मैरिज गार्डन संचालक ने केवल 30 हजार लौटाए, बाकी राशि जब्त कर ली। इस पर परिवादी ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया था।

## क्राइम ब्रांच ने बागसेवनिया आरआरएल ब्रिज के पास से दबोचा

# ड्रग्स तस्करों से 4.28 ग्राम एमडी जब्त, बेचने की फिराक में घूम रहे थे, पुलिस मुख्य आरोपी तक पहुंचने का कर रही प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच ने आरआरए ब्रिज के पास बागसेवनिया से पल्सर सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनसे 4.28 ग्राम एमडी जब्त की है। जब्त एमडी की कीमत दो लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपियों के पास से दो मोबाइल और तस्करी में इस्तेमाल बाइक भी जब्त की गई। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। क्राइम ब्रांच तस्करों से पूछताछ कर मुख्य तस्कर तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### पन्नी में रखा एमडी ड्रग्स मिला

तलाशी लेने पर उनके पास पन्नी में रखा 4.28 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुआ। आरोपी जोएब खान सब्जी बेचता है। सैफ फर्नीचर की दुकान पर काम करता है। पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि दोनों आरोपी एमडी ड्रग्स कहां से लेकर आए थे और किन लोगों को बेचने की फिराक में थे।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि आरआरएल ब्रिज के पास बागसेवनिया में पल्सर बाइक पर सवार दो युवक अवैध मादक पदार्थ एमडी बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे है। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम हरकत में आई और इलाके की घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को आरआरएल ब्रिज एचपी पेट्रोल पंप के पास से हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम जोएब खान (22) निवासी गैस राहत बस्ती करोंद थाना निशातपुरा व मोहम्मद सैफ (20) निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद का होना बताए।

### शासकीय टेंडर के लिए लगाया फर्जी सर्टिफिकेट, मामला दर्ज

एमपी नगर थाना क्षेत्र में शासकीय टेंडर हासिल करने के लिए फर्जी दस्तावेज लगाने वाले आरोपी को एमपीनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि नितिन कुमार बागमोडे के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी पर आरोप है कि उसने सरकारी विभाग लेखा एवं कोष का टेंडर पाने के लिए जाली प्रमाण पत्र और फर्जी दस्तावेज लगा दिए थे। थाना प्रभारी जय हिंद शर्मा ने बताया कि टेंडर की शर्तों को पूरा करने के लिए आरोपी ने सीएमएमआइ -3 स्तर का प्रमाण पत्र लगाया था। यह प्रमाण पत्र सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ा एक अंतरराष्ट्रीय मानक माना जाता है। शक होने पर विभाग ने दस्तावेजों की जांच कराई, तो प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया। इस दौरान संस्था से संपर्क किया गया जहां से स्पष्ट जवाब मिला कि आरोपी को और न ही उसकी किसी कंपनी को ऐसा कोई प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं इस तरह के फर्जी दस्तावेज पहले किन-किन टेंडरों में उपयोग किए गए हैं इसके भी बारे में पूछताछ की जा रही है।


# नपा के अतिक्रमण विरोधी अमले ने किए 6 ठेले और 2 गुमटियां जब्त

**फिर ठेले व गुमटियां लगाई तो होगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

शहर के इंदिरा नगर स्थित बैंक स्ट्रीट लाइन में शनिवार को नगर पालिका ने अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान सड़क पर अव्यवस्थित रूप से लगे 6 ठेले और 2 गुमठियों को जब्त किया गया।

नगर पालिका सीएमओ प्रशांत जैन ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों और यातायात बाधा को देखते हुए यह कार्रवाई की गई। वहीं सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाने के आरोप में एक शराब ठेकेदार पर 2 हजार रुपए का स्पॉट फाइन लगाया गया। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। ज्ञात हो कि नगर में मुख्य जगह जैसे शनिवार ब्रिज के नीचे, सतलापुर समेत एक दर्जन जगहों पर नपा द्वारा कार्रवाई बाकी है।



# माघ पूर्णिमा के साथ फरवरी माह का शुभारंभ महाशिवरात्रि सहित रहेंगे कई उपवास व त्यौहार

## 4 फरवरी से फिर गूंजेगी शहनाई, सूर्य, बुध व शुक्र सहित कई ग्रह बदलेंगे चाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फरवरी माह का शुभारंभ माघ पूर्णिमा व संत रविदास जंयती के साथ होगा। माँ चामुण्डा दरबाद के पुजारी गुरू पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि यह महीना बेहद खास होगा। क्योंकि इस माह में माघ पूर्णिमा व महाशिवरात्रि जैसे बड़े तीज-त्योहार रहेंगे।

अबूझ मुहूर्त होने पर हजारों शादियां होंगी। तो वहीं इस माह शुक्र का कुंभ राशि, बुध कुंभ राशि व सूर्य का कुंभ राशि में गोचर होंगे। इसके अलावा इस माह दस दिन सर्व सिद्धि योग रहेगा।



### माघ मास की पूर्णिमा के साथ कल्पवास समाप्त

माघ मास की पूर्णिमा एक फरवरी रविवार को मनाई जाएगी। इस दिन स्नान, दान और यज्ञ का विशेष महत्व है। गुरू पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस दिन देवतागण गंगा स्नान के लिए तीर्थराज प्रयाग की धरा पर आते हैं। इसी दिन माघ स्नान का अंतिम स्नान भी होता है और इसी के साथ कल्पवास समाप्त हो जाता है। माघ माह की पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ एक फरवरी को प्रातः 05:52 बजे पर हो रहा है और समापन 2 फरवरी को प्रातः 03:38 बजे होगा।




### फरवरी में यह ग्रह गोचर

- 3 फरवरी - बुध ग्रह कुंभ राशि में गोचर होगा
- 6 फरवरी - शुक्र ग्रह कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे
- 7 फरवरी - बुध ग्रह का शतभिषा नक्षत्र में गोचर
- 11 फरवरी - शुक्र का शतभिषा नक्षत्र में गोचर
- 13 फरवरी - सूर्य ग्रह कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे
- 15 फरवरी - मंगल ग्रह का धनिष्ठा नक्षत्र में गोचर
- 19 फरवरी - सूर्य देव का शतभिषा नक्षत्र में गोचर
- 22 फरवरी - शुक्र ग्रह का पूवार्भाद्रपद नक्षत्र में गोचर
- 22 फरवरी - शनि का उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में गोचर
- 23 फरवरी - मंगल ग्रह राशि बदलकर कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे
- 25 फरवरी - वरुण ग्रह का उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र में गोचर होगा
- 26 फरवरी - बुध की वक्री चाल

### फरवरी 2026 के व्रत-त्योहार

| | | |
|---|---|---|
| 1 फरवरी | रविवार | माघ पूर्णत व रविदस जंयती |
| 2 फरवरी | सोमवार | फाल्गुन माह का आरंभ |
| 5 फरवरी | गुरुवार | द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी |
| 7 फरवरी | शनिवार | यशोदा जयंती |
| 8 फरवरी | रविवार | भानु सप्तमी, शबरी जयंती |
| 9 फरवरी | सोमवार | जानकी जयंती, कालाष्टमी (मासिक), जन्माष्टमी (मासिक) |
| 13 फरवरी | शुक्रवार | विजया एकादशी, कुंभ संक्रांति |
| 14 फरवरी | शनिवार | शनि त्रयोदशी, प्रदोष व्रत (कृष्ण) |
| 15 फरवरी | रविवार | महाशिवरात्रि, मासिक शिवरात्रि |
| 17 फरवरी | मंगलवार | फाल्गुन अमावस्या |
| 18 फरवरी | बुधवार | चंद्र दर्शन, फुलैरा दूज |
| 19 फरवरी | शुक्रवार | रामकृष्ण जयंती |
| 21 फरवरी | रविवार | चतुर्थी |
| 22 फरवरी | सोमवार | स्कंद षष्ठी |
| 23 फरवरी | मंगलवार | मासिक कार्तिगाई |
| 24 फरवरी | बुधवार | होलाष्टक प्रारंभ |
| 25 फरवरी | गुरुवार | रोहिणी व्रत |
| 27 फरवरी | शुक्रवार | आमलकी एकादशी |
| 28 फरवरी | शनिवार | प्रदोष व्रत (शुक्ल) |

# भागवत कथा में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्म उत्सव


देवी भागत कथा के छठवें दिन मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के दुर्गा नगर स्थित बीएस कॉलेज ग्राउंड में चल रही देवी भागवत कथा के छठवें दिन श्रद्धा और उल्लास के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

जैसे ही कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल भक्ति और आनंद से गूंज उठा। कथा व्यास शशांक शेखर महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण की दिव्य कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए भगवान विष्णु ने कृष्ण रूप में अवतार लिया।

## खबर संक्षेप

### मुस्लिम समाज के लोग गो-शाला ऑटो में सब्जी लेकर पहुंचे

**भोपाल।** शहर में स्लाटर मामले को लेकर लगातार हो रहे विरोध-प्रदर्शन के बीच शनिवार को मुस्लिम समाज के लोग चार इमली स्थित गौ-शाला आटो में सब्जी लेकर पहुंचे और गायों को खिलाई। यहां उन्होंने स्लाटर हाउस मामले में दोषी लोगों पर एफआईआर दर्ज करने और कठोर सजा की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने पुलिस को अपना मांग पत्र सौंपा। मुस्लिम समाज के लोगों ने गौ माता को सब्जी खिलाकर स्लाटर मामले पर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने इस प्रतीकात्मक विरोध के जरिए यह संदेश दिया कि गौ माता की हत्या किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं है। असलम चमड़ा और उसके साथी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई। प्रदर्शनकारियों ने गौ माता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिए जाने की भी मांग उठाई। शांतिपूर्ण प्रदर्शन में मो शावर एवं मुजाहिद सिद्दीकी ने कहा कि स्लाटर मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

> शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया, गो-माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

### जन्मदिन पर गरीबों के बीच कंबल वितरित



**भोपाल।** मातृछाया दशहरा उत्सव एवं सांस्कृतिक आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने जन्मदिन पर एम्स परिसर मे बुजुर्ग जरूरतमंद को कंबल वितरण कर मनाया। इस मौके पर निर्धनों को मिठाई व फल वितरण किया।

## 13.50 करोड़ का प्रोजेक्ट, अलग-अलग क्षेत्रों में लगाए जाने थे 150 डस्टबिन

# आधुनिक तकनीक से लैस स्मार्ट डस्टबिन सड़क किनारे खा रहे धूल

**तकनीकी खराबी और संचालन नहीं कर पाने के कारण भूमिगत**

**डस्टबिन में कचरा भरते ही कंट्रोल रूम तक मैसेज पहुंचने की व्यवस्था**

**अलग-अलग क्षेत्रों में 150 लगाए जाने थे, पहले चरण में 40 की योजना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में आठ साल पहले स्मार्ट सिटी ने जिस आधुनिक तकनीक से लैस स्मार्ट डस्टबिन प्रोजेक्ट के तहत स्मार्ट डस्टबिन लगाए थे वे अब रोड किनारे पड़े हैं। इंटिग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से जुड़े इस डस्टबिन में सेंसर लगे थे और इनके भर जाने पर कंट्रोल रूम तक मैसेज पहुंचने और कचरा वाहन को जीपीएस के जरिए सूचना मिलने की आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया था, लेकिन इस योजना ने पूरी होने से पहले की दम तोड़ दिया। जो डस्टबिन लगाए भी गए थे तो उन्हें उखाड़ दिया गया जिनमें से


खराब हो रहे मंहगे डस्टबिन।

### वर्ष 2018 में शुरू किया था प्रोजेक्ट

स्मार्ट सिटी ने रियल टाइम कचरा कलेक्शन वाली स्मार्ट डस्टबिन प्रोजेक्ट पर 2018 में काम शुरू किया था। छोटे स्मार्ट डस्टबिन में 2 टन कचरा इकट्ठा होना था। 13.50 करोड़ रुपए से 150 स्थानों पर इन्हें लगाने का काम एमपी नगर से शुरू किया गया था। पहले चरण में 40 स्थानों पर लगाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन दो माह के बाद ही जहां इन्हें लगाया गया वहां से उखाड़ दिया गया।

### अधिकांश डस्टबिन में लगे थे सेंसर

अधिकांश आधुनिक डस्टबिन में सेंसर लगे थे। 6 माह में 150 लगाए जाने थे। इनमें कचरा भरते ही कंट्रोल रूम तक मैसेज पहुंचने और कचरा वाहनों में जीपीएस के जरिए जानकारी मिलने पर इन्हें खाली करने की व्यवस्था थी।

### कहां-कहां लगाए थे

योजना की शुरुआत एमपी नगर से हुई थी। यहां जोन-1 में इसे लगाया गया था। इसके बाद न्यू मार्केट, अरेरा कॉलोनी, बाबा नगर, होशंगाबाद रोड स्थित विद्या नगर, दाना पानी रेस्टोरेंट, संत नगर, कोलार में लगाए गए थे। एमपी नगर जोन-1 में ऊपर ढक्कन वाली डस्टबिन लगाई गई थी।

# शिवनगर में विराट विश्वकर्मा भगवान महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा एवं कथा का हुआ समापन



कथा वाचते यज्ञ आचार्य लोकेश द्विवेदी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिवनगर कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम शिवनगर विश्वकर्मा समाज कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित विराट विश्वकर्मा भगवान महायज्ञ, प्राण प्रतिष्ठा एवं कथा शनिवार को संपन्न हो गया। इस मौके पर संत डॉ. तरुण मुरारी बापूजी एवं यज्ञ आचार्य लोकेश द्विवेदी ने वैदिक ऋचाओं के साथ विराट विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारा प्रसाद वितरण किया गया।

# गायत्री शक्तिपीठ में पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ के मौके में निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




माताजी की जन्म शताब्दी एवं अखण्ड दीप स्थापना शताब्दी वर्ष के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ, भोपाल के मार्गदर्शन में लालघाटी चेतना केंद्र द्वारा चित्र विचित्र हनुमान मंदिर, बैरागढ़ कला में आयोजित पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ के उपलक्ष्य में आज भव्य कलश यात्रा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ निकाली गई। रविवार को पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में साधक, श्रद्धालु, महिलाएँ एवं युवा सहभागी बने। वेद मंत्रों के उच्चारण एवं गायत्री मंत्र के जाप के साथ निकली इस यात्रा ने सम्पूर्ण क्षेत्र को आध्यात्मिक वातावरण से आलोकित कर दिया। यात्रा के माध्यम से युगद्रष्टा पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रतिपादित यज्ञीय चेतना एवं आत्मिक उत्थान के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया गया।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स के नए नेतृत्व के लिए आज होगा मतदान

**चुनाव अधिकारी टीम की तैयारी पूर्ण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के व्यापारियों की शीर्ष और प्रतिष्ठित संस्था चेंबर ऑफ कॉमर्स में नया नेतृत्व गोयल या पाली में से कौन होगा इसका फैसला रविवार को मानस भवन में भोपाल के चैंबर के सदस्य व्यापारी 2236 मतदाता करेंगे।

मुख्य चुनाव अधिकारी पीसी कोठारी एडवोकेट ने बताया कि पहली बार टेंडर वोटिंग के साथ मत पत्र में प्रत्याशियों के चित्र भी है। चुनाव अधिकारी कोठारी के साथ 170 लोगों की टीम निष्पक्ष और शांति पूर्ण मतदान के लिए जुटी हुई हे इस बार 20 मतदान केंद्र बनाए जा रहे है, मतदाताओं के मत पत्र तैयार कर लिए गए हैं। समय की बचत के लिए मत पत्र में उनका नाम सदस्य संख्या आदि दर्ज है। इस बार बाहर विशेष बूथ बनाया जा रहा है जिसमें बीमार असहाय और वृद्धजनों के लिए वोट डालने की सुविधा रहेगी। कोठारी के अनुसार दोनों पैनल के प्रत्याशियों के साथ प्रशासन का पूरा पूरा सहयोग मिल रहा है। मतदान में स्थल पर मेडिकल सुविधा के साथ डॉक्टर की टीम की मौजूद रहेगी।



# नव निर्मित मंदिर में विराजेंगे अनंत बलवंत हनुमंत लाल, निकाली जाएगी कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रीराम जानकी मंदिर शिक्षक कांग्रेस कॉलोनी बाग मुगलिया में नव निर्मित मंदिर में नौ फरवरी को अनंत बलवंत श्रीहनुमंत लाल की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह विधि विधान से संपन्न कराया जाएगा। मंदिर के नव निर्माण के अवसर पर श्रीराम जानकी मंदिर प्रबंधन द्वारा तीन से नौ फरवरी तक संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीराम कथा का संगीतमय गुणगान कथावाचक पंडित सुशील महाराज द्वारा किया जाएगा। श्रीराम कथा के शुभारंभ अवसर पर तीन फरवरी को श्रीराम जानकी मंदिर से भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी। श्रीराम कथा मण्डल के प्रभारी विजय सिंह, श्याम सुंदर शर्मा और भैरोंसिंह रजक ने बताया कि कलश शोभायात्रा का शिक्षक कालोनी के रहवासियों द्वारा फूल बरसा कर स्वागत किया जाएगा। कलशयात्रा में 251 महिलाएं सिर पर कलश लेकर चलेगी।




### उत्तर प्रदेश और वृंदावन के आचार्य होंगे शामिल

पंडित सुशील महाराज ने बताया कि श्रीराम कथा के अवसर पर अनंत बलवंत श्रीहनुमंत लाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। श्रीहनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा चमन ऋषि आश्रम उत्तर प्रदेश से पधार रहे आचार्य पंडित दयानंद शास्त्री और वृंदावन के आचार्यों द्वारा संपन्न किया जाएगा। पंडित सुशील महाराज ने बताया कि तीन से नौ फरवरी तक आयोजित होनी वाली श्रीराम कथा प्रतिदिन सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक चलेगी।

# विजयवर्गीय समाज का दो दिवसीय आयोजन आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विजयवर्गीय समाज के अराध्य श्री रामचरण जी महाराज की जयंती के अवसर पर शनिवार से दो दिवसीय आयोजन आरंभ हुआ।

जयंती के अवसर पर विजयवर्गीय मांगलिक भवन लालघाटी पर महाराज जी की पूजा अर्चना एवं आरती की गई। आयोजन में समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। समिति के अध्यक्ष अमित विजयवर्गीय एवं मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि रविवार को पूजा-आरती के बाद दोपहर बारह बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन के बाद समाज के वयोवृद्धजनों एवं वैवाहिक दांपत्य जीवन के 50 वर्ष पूण करने वाली दंपत्तियों का सम्मान किया जायेगा।



## मेरे गुरु सत्यनारायण श्रीवास्तव...

# वरिष्ठ पत्रकार स्व. सत्यनारायण श्रीवास्तव पत्रकारिता के युगपुरुष, राजनीति और समाज में छोड़ी अमिट छाप

▶▶ शलभ भदौरिया

प्रातः स्मरणीय मेरे गुरु सत्यनारायण श्रीवास्तव (सत्तू भैया) भारतीय पत्रकारिता के एक ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने अपनी सूझबूझ, राजनीतिक दृष्टिकोण और रणनीतिक कौशल से मध्यप्रदेश की राजनीतिक गलियारों में अपनी अमिट छाप छोड़ी। 70 और 80 के दशक में सत्यनारायण जी जिन्हें उनके समकक्ष पत्रकार प्यार और सम्मान से सत्तू भैया के संबोधन से भी पुकारते थे, ने जागरूक, कर्मठ, निष्ठावान संपादक के रूप में, न केवल समाचारों को प्रस्तुत करने का तरीका बदला, बल्कि पत्रकारिता को समाज के प्रति जवाबदेह और जिम्मेदार बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी लेखनी में सत्य, निष्पक्षता और सामाजिक सरोकारों का



समावेश था। 70 और 80 के दशक में मध्यप्रदेश की राजनीति जटिल थी, तब उनकी लेखनी और संपादकीय नीतियों ने न केवल पाठकों को प्रभावित किया, बल्कि राजनीतिक हलकों में भी उनकी राय को गंभीरता से लिया जाता था। 1971 में मुझे उनके आशीर्वाद से प्रिंट मीडिया में प्रवेश मिला और वे पत्रकारिता में मेरे गुरु बन गए। वे मेरे लिए न केवल एक प्रेरणा हैं, जिन्होंने मुझे प्रिंट मीडिया की बारीकियों से परिचित कराया। उनकी शिक्षा और मार्गदर्शन आज भी प्रासंगिक हैं। सत्यनारायण जी ने पत्रकारिता को एक मिशन के रूप में देखा, न कि केवल एक पेशा।

उनकी नजर में पत्रकारिता का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि समाज को जागृत करना और उसे सही दिशा में ले जाना था। कुल मिला कर सत्यनारायण जी एक ऐसे पत्रकार थे, जिन्होंने अपनी लेखनी और रणनीतिक कौशल से न केवल पत्रकारिता को एक नई पहचान दी, बल्कि मध्यप्रदेश की राजनीति और समाज को भी प्रभावित किया। उनकी विलक्षण प्रतिभा, बौद्धिक गहराई और समाज के प्रति समर्पण, उन्हें एक युगपुरुष बनाता है। मैं अपनी 55 साल की पत्रकारिता में भी उन्हें अपना गुरु मानता हूं।

### पौधरोपण के साथ मनाया गया दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट का फाउंडर्स डे



**भोपाल।** दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट (डीईआई) का फाउंडर्स डे शनिवार को डीईआई इंफॉर्मेशन सेंटर, चार इमली में पौध रोपण कर मनाया गया। इस मौके पर केंद्र प्रभारी कोमल कपूर ने डीईआई इंफॉर्मेशन सेंटर में संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं कौशल विकास गतिविधियों की जानकारी उपस्थित अतिथियों को दी। इस अवसर पर कटिंग-सिलाई प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने कार्यों एवं सीखने के अनुभव साझा किए।

## भोपाल पासपोर्ट में राज्यस्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन का आयोजन

# सबसे अधिक तीन हजार आवेदकों का पासपोर्ट पुलिस सत्यापन कोहेफिजा थाना ने किया, मिली बड़ी उपलब्धि

**55 जिलों से 100 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पासपोर्ट पुलिस सत्यापन से जुड़े पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में संपन्न हुआ। इस मौके पर प्रदेश के सभी 55 जिलों से 100 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भोपाल एवं मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ए. साई मनोहर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंटेलिजेंस, विशेष अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक हरि नारायणचारी मिश्रा, अंशुमान सिंह पुलिस उपायुक्त इंटेलिजेंस सोनाक्षी सक्सेना व क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शितांशु चौरसिया सहित पासपोर्ट कार्यालय एवं मप्र पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में पासपोर्ट पुलिस सत्यापन मामलों की संख्या के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस थानों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ए.साई मनोहर ने कहा कि पासपोर्ट पुलिस सत्यापन मामलों के समयबद्ध निस्तारण के महत्व पर बल देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों से मप्र पुलिस द्वारा तैयार की गई मानक कार्यप्रणाली का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया।



### कोहेफिजा थाने ने सबसे अधिक आवेदकों का किया सत्यापन

- कोहेफिजा थाना भोपाल 3000 से अधिक आवेदन
- माणिक चौक थाना रतलाम 2000-3000 आवेदन
- सिटी कोतवाली थाना सतना 1000-2000 आवेदन
- शिवपुरी कोतवाली थाना शिवपुरी 500-1000 आवेदन
- राजोद थाना धार 100-500 आवेदन



आईएफएस सर्विस मीट के दूसरे दिन शनिवार को सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करती हुई महिलाएं।

# आईएफएस सर्विस मीटः दिनभर खेल, शाम को संस्कृति का रंग

## फिल्मी धुनों पर थिरके अफसर, नदियों के नाम पर बनीं टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएफएस सर्विस मीट के दूसरे दिन शनिवार को सुबह से शाम तक खेल गतिविधियों का दौर चला, जबकि शाम होते ही माहौल पूरी तरह सांस्कृतिक रंग में रंग गया। सांस्कृतिक संध्या में अफसरों ने पुरानी फिल्मी गीतों, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। आयोजकों ने कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए अधिकारियों को चंबल, नर्मदा, ताप्ती और बेतवा नदियों के नाम पर चार समूहों में विभाजित किया। प्रत्येक समूह ने नृत्य, गीत, स्किट और रैंप वॉक जैसी प्रस्तुतियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।



भोपाल की महिला अधिकारी रेट्रो थीम पर शानदार समूह नृत्य करते हुए।

### रेट्रो थीम पर ग्रुप डांस

कार्यक्रम की शुरुआत 24 बैच के आईएफएस प्रोबेशनर्स के समूह नृत्य से हुई। इसके बाद भोपाल की महिला अधिकारियों ने रेट्रो थीम पर शानदार समूह नृत्य प्रस्तुत किया। चंबल समूह ने गीतों की मेडली पेश की, जबकि नर्मदा समूह ने 'लेजी डांस' और समूह गीत से दर्शकों की तालियां बटोरीं।



## नृत्य और शास्त्रीय सुरों में सजा मातृभाषा समारोह

# समारोह में दिखा भारतीय भाषाओं की सांस्कृतिक विविधता का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भेल दशहरा मैदान में आयोजित मातृभाषा समारोह 2026 के दूसरे दिन भारतीय भाषाओं और लोकसंस्कृति का रंगारंग उत्सव देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने अपनी-अपनी मातृभाषा और परंपराओं पर आधारित प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।




भेल दशहरा मैदान में आयोजित मातृभाषा समारोह 2026 के दूसरे दिन सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए।

### महाभारत कथा को प्रस्तुत करती कृष्ण की चेतावनी

कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति भोपाल के कलाकारों द्वारा दी गई। कृष्ण की चेतावनी थीम पर आधारित समूह नृत्य में महाभारत की कथा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। सौभाग्य सौ दिन ना सोते और दुर्योधन जब कृष्ण को बांधने चला जैसे गीतों पर नृत्य ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। दूसरी प्रस्तुति मराठी समाज द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज पर आधारित रही।





### जोहार-जोहार गीत रहा खास

तीसरी... प्रस्तुति छत्तीसगढ़ की रही, जिसमें मां दुर्गा को समर्पित जोहार-जोहार गीत पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया गया। तेलुगु समाज की कथक प्रस्तुति ने शास्त्रीय नृत्य की गरिमा को मंच पर उतारा। इसके बाद केरल का नृत्य फ्यूजन, अंग्रेज़ी और मलयालम गीतों पर, विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

### नेपाली कलाकारों ने प्रस्तुत किया सौराठी नृत्य

नेपाली कलाकारों ने सौराठी नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं गुजरात से आए कलाकारों ने झूले-झूले लाल पर गरबा की छटा बिखेरी। कार्यक्रम में मलयालम कावड़ी, उल्ला आट्टम,और पंजाबी बागड़ा और गिद्दा की प्रस्तुतियों ने फसल उत्सव की खुशियां मंच पर जीवंत कर दीं।

# तुम्हें ये गम है कि अब चिट्ठियां नहीं आतीं हमारी सोचो, हमें हिचकियां नहीं आतीं...

## साहित्यिक संवाद और मुशायरे के नाम रहा जश्ने उर्दू- 2026 का दूसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दबीज पर्दा है खुश फहमियों का आंखों पर, अब ऐसी कौम को जिल्लत से फिर निकाले कौन....., तुम्हें ये गम है कि अब चिट्ठियां नहीं आतीं, हमारी सोचो, हमें हिचकियां नहीं आतीं..... अखिल भारतीय मुशायरे में जब चिराग शर्मा और आरिफ अली आरिफ के रुहानियत से भरे इन अशआर ने श्रोताओं ने सुना तो पूरा परिसर वाह वाह कर उठा। मौका था उर्दू अकादमी द्वारा गोलघर में जश्ने उर्दू-2026 के अंतर्गत अखिल भारतीय मुशायरे के साथ सेमिनार व अन्य साहित्यिक गतिविधियां आयोजित हुईं। गोलघर में आयोजित जश्ने उर्दू-2026 कार्यक्रम की शुरुआत बैतबाजी (साहित्यिक अंत्याक्षरी) से हुई जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। बैतबाजी मुकाबले में टीम कैफ भोपाली ने प्रथम, टीम राम प्रसाद बिस्मिल ने दूसरा स्थान पाया।

**दबीज पर्दा है खुश फहमियों का आंखों पर, अब ऐसी कौम को जिल्लत से फिर निकाले कौन...**



### कार्यक्रम में इन कवियों किया पाठ

अंतिम सत्र में आयोजित अखिल भारतीय मुशायरा जश्ने उर्दू के दूसरे दिन का प्रमुख आकर्षण रहा, जिसमें प्रमुख अशआर और उनके कवि निम्न रहे।

वो तिश्नगी वो तजस्सुस वो इज्तिराब गया, मिला जो आब तो समार्या ए सराब गया?

**इजलाल मजीद**

दिल के किसी उजाड़ से कोने से आई है, चेहरे पे जो बहार है रोने से आई है....

**फरहत एहसास**

सियाह रात थी रोशन चराग कोई न था, मगर तुम्हारे भी दामन पे दाग कोई न था....

**शाहजादा गुलरेज**

निकलते वक्त उनके दिल से ये मेहसूस होता था, दोबारा जैसे जन्नत से निकाले जा रहे हैं हम....

**मोईन शादाब**

इतनी आसानी से कैसे भला हारेंगे तुम्हें, थक गए लब तो हम आंखों से पुकारेंगे तुम्हें...

**सलीम सिद्दीकी**

### 'आत्मबोध से विश्वबोध' विषय पर सेमिनार का हुआ आयोजन

गोलघर में आयोजित जश्ने उर्दू-2026 कार्यक्रम के बाद 'उर्दू साहित्य में आत्मबोध से विश्वबोध' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे डॉ. मोहम्मद नौमान खान ने कहा कि भारत की सभी भाषाओं के समान उर्दू भाषा का साहित्य भी हमारी सांस्कृतिक और बौद्धिक परंपराओं का प्रतिबिंब है, जो एक आत्मनिर्भर और गरिमामय जीवन की प्रेरणा देता है। वहीं दिल्ली से आए डॉ. हफीजुर रहमान, संयोजक, खुसरो फाउंडेशन ने उर्दू साहित्य में सामाजिक समरसता और सह-अस्तित्व की वैचारिक अवधारणा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उर्दू साहित्य को भारतीय सामाजिक ताने-बाने की साझा विरासत बताया।

# मैहर घराने की अनुशासित वाद्य-परंपरा के साथ नजर आया शास्त्रीय सौंदर्य की भावनात्मक गहराई

## मानव संग्रहालय में 'श्री अन्न (मिलेट्स) महोत्सव' के दूसरे दिन रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय में जारी 'श्री अन्न (मिलेट्स) महोत्सव' भारतीय पारंपरिक खाद्यान्नों, स्थानीय व्यंजनों और सांस्कृतिक विविधता का एक जीवंत मंच बनकर उभरा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राज्यों एवं स्थानीय उद्यमियों द्वारा लगाए गए मिलेट आधारित स्टॉल्स दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। वहीं शाम की बेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत भारतीय शास्त्रीय एवं लोक-संगीत की समृद्ध परंपरा का सजीव साक्षात्कार देखने को मिला।

इस अवसर पर मैहर बैंड (मध्य प्रदेश) तथा विदुषी भारती विश्वनाथन (भोपाल) की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। मैहर बैंड में मैहर घराने की अनुशासित वाद्य-परंपरा, सामूहिक संगति और सशक्त ताल-लय के माध्यम से श्रोताओं को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गरिमा से परिचित कराया। कार्यक्रम में राग यमन, राग बागेश्री कांगड़ा, राजस्थानी फोक घूमर, वेस्टर्न मार्च फास्ट, मीरा का भजन ऐसी लागी लगन, देशभक्ति गीत जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया तथा राग देश की द्रुतगत प्रस्तुति शामिल रही।



### रागात्मक विस्तार, लयकारी और भाव-निवेदन का दिखा संतुलित संयोजन

विदुषी भारती विश्वनाथन (भोपाल) की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को शास्त्रीय सौंदर्य और भावनात्मक गहराई प्रदान की। रागात्मक विस्तार, लयकारी और भाव-निवेदन का संतुलित संयोजन शास्त्रीय संगीत प्रेमियों के साथ-साथ सामान्य दर्शकों को भी गहराई से जोड़ता नजर आया। कार्यक्रम में मुरलिया वाले कब आओगे मोरे देश, गोविन्द हरे गोपाल हरे, राम ही राम रतन लगे जीविया, बसंत गीत फागुन के रंग उड़े, आदि रचनाओं की प्रस्तुति दी गई, जिन्हें दर्शकों ने सराहना और तालियों के साथ स्वागत किया। यह सांस्कृतिक संध्या न केवल मनोरंजन का माध्यम बनी, बल्कि भारतीय संगीत की परंपराओं, विविध शैलियों और उनकी निरंतरता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में भी सफल रही।

## नेटवर्किंग से नेक्स्ट-लेवल ग्रोथ के लिए बिजनेस समिट में जुटे देशभर के स्टार्टअप लीडर्स

# बीएनआई भोपाल चैप्टर की ओर से हुआ एमपी बिजनेस नेटवर्किंग समिट-2026 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टार्टअप इकोसिस्टम, निवेश और नेटवर्किंग को नई दिशा देने के उद्देश्य से बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल (बीएनआई) भोपाल चैप्टर की ओर से शनिवार को एमपी बिजनेस नेटवर्किंग समिट-2026 का शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय समिट में देशभर से 25 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के स्पीकर्स, इंडस्ट्री लीडर्स, इन्वेस्टर्स और बिजनेस नेटवर्क्स ने सहभागिता की। कार्यक्रम में स्टार्टअप्स, एमएसएमई, कॉरपोरेट प्रोफेशनल्स और उद्यमियों को एक साझा मंच मिला, जहां उन्होंने न केवल अपने बिजनेस मॉडल प्रस्तुत कर बिजनेस रेफरल एक्सचेंज के जरिए संभावित साझेदारियों की नींव भी रखी। समिट के उद्घाटन अवसर पर मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव एम. सेलवेन्द्रम, पश्चिम मध्यप्रदेश सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल विकास लाल, शिक्षाविद् प्रवीण ठकराल, स्वदेशी जागरण मंच के सुधीर दाते, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल मोनीष आहूजा, बीएनआई भोपाल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रदीप करम्बेलकर आदि उपस्थित थे।




समिट में संबोधित करते हुए उद्यमि।

### पहले दिन हुए 800 से अधिक बिजनेस रेफरल पास

समिट के पहले दिन का मार्केट प्लेस सत्र स्टार्टअप्स और इन्वेस्टर्स के लिए सबसे बड़ा आकर्षण रहा। इस रैपिड-फायर फॉर्मेट में पॉलिसी मेकर्स, इन्वेस्टर्स और स्टार्टअप फाउंडर्स ने राउंड टेबल चर्चाओं के दौरान अपने बिजनेस ऑइडियाज, स्केलेबिलिटी मॉडल और ग्रोथ स्ट्रेटजी साझा की। चार अलग-अलग राउंड में हुए इन सत्रों के दौरान 800 से अधिक बिजनेस रेफरल पास हुए, जिससे आने वाले समय में बड़े निवेश और व्यापारिक साझेदारियों की संभावनाएं बनीं।



# दुबई में हुआ बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब के 'बेगम्स महफिल' के नए चैप्टर का शुभारंभ

## लगभग 100 सदस्यों की उपस्थिति ने आयोजन को बनाया प्रभावशाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब ने अपने नए चैप्टर 'बेगम्स महफिल' का शुभारंभ दुबई के ओवल कैफे में किया। इस आयोजन का उद्देश्य केवल एक सामाजिक मिलन नहीं था, बल्कि महिला सशक्तिकरण, भोपाल की समृद्ध विरासत और उसकी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर ससम्मान प्रस्तुत करना था। महफिल में भोपाल की पुरानी गलियों, तालाबों, बाजारों और तहजीब से जुड़ी यादें साझा की गईं। साथ ही, सभी ने इस बात पर गर्व जताया कि भोपाल आज एक तेजी से विकसित होता हुआ शहर बन चुका है और मेट्रो सिटी के रूप में नई पहचान गढ़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान भोपाल शहर पर आधारित एक रोचक क्विज प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें विजेताओं को पारंपरिक भोपाली पर्स भेंट किए गए। दुबई के प्रसिद्ध गायक वाजिद मुख्तार और उनकी टीम ने लाइव म्यूजिक की शानदार प्रस्तुति दी।

## आंचलिक विज्ञान केन्द्र में 'द ब्राइटेस्ट पल्सेज इन द यूनिवर्स' विषय पर व्याख्यान

# न्यूट्रॉन तारों के आसपास होने वाली तीव्र ऊजार्वान प्रक्रियाओं से उत्पन्न होते हैं रेडियो संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फास्ट रेडियो बर्स्ट्स 'एफआरबी' अत्यंत शक्तिशाली रेडियो संकेत संभवत न्यूट्रॉन तारों के आसपास होने वाली तीव्र ऊजार्वान प्रक्रियाओं से उत्पन्न होते हैं और ब्रह्मांड की संरचना को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एफआरबी की खोज इतिहास, संभावित स्रोतों और आधुनिक खगोल-भौतिकी व ब्रह्मांड विज्ञान में इनके महत्व को सरल शब्दों में समझाया विश्वप्रसिद्ध खगोल-भौतिकी वैज्ञानिक प्रोफेसर डंकन लॉरिमर, एफआरएस ने, जो आंचलिक विज्ञान केन्द्र में शनिवार को एक अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक व्याख्यान में बोल रहे थे। इस अवसर पर डंकन ने 'द ब्राइटेस्ट पल्सेज इन द यूनिवर्स' विषय पर रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी दी।

प्रोफेसर डंकन 'द ब्राइटेस्ट पल्सेज इन द यूनिवर्स' विषय पर दी रोचक जानकारी



व्याख्यान माला में सम्मान करते हुए।

### तकनीक और संयोग से खुलते हैं खोज के नए रास्ते

रहस्यमयी खगोलीय घटनाओं के बारे में विस्तार से बात करते हुए प्रो. लॉरिमर ने कहा कि वैज्ञानिक खोजों में कई बार संयोग की भूमिका अहम होती है, लेकिन उन्नत तकनीक और आधुनिक डेटा विश्लेषण उपकरण उन संयोगों को खोज में बदल देते हैं। नई पीढ़ी की दूरबीनों और कंप्यूटेशनल तकनीकों ने ब्रह्मांड की जटिल गुत्थियों को सुलझाने के नए अवसर प्रदान किए हैं।

### विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक संदेश

विद्यार्थियों को खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रो. लॉरिमर ने कहा कि जिज्ञासा, धैर्य और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति ही किसी भी वैज्ञानिक सफलता की असली कुंजी होती है।

## डीजे रिया की लाइव मिक्सिंग ने युवाओं में भरा जोश और उत्साह

# मानसरोवर डेंटल कॉलेज में डीजे नाइट का आयोजन बॉलीवुड मैशअप, अंग्रेजी बीट्स पर खूब थिरके कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसरोवर डेंटल कॉलेज हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के वार्षिक उत्सव 'तत्व 6.0' का समापन एक बेहद यादगार और ऊर्जा से भरी डीजे नाइट के साथ हुआ। डीजे रिया ने लाइव मिक्सिंग, जादुई संगीत और धमाकेदार बीट्स से पूरे कॉलेज परिसर को एक विशाल डांस फ्लोर में बदल दिया। डीजे रिया और उनकी टीम के बॉलीवुड मैशअप्स, इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक और ट्रेंडिंग चार्टबस्टर्स ने छात्रों को थिरकने पर मजबूर कर दिया।


मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चीफ एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजी गौरव तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अनुशासन और मनोरंजन के साथ तत्व 6.0 भोपाल के बेहतरीन कॉलेज फेस्ट्स में से एक साबित हुआ। कार्यक्रम में मानसरोवर डेंटल कॉलेज के डीन डॉ. गुरुदत्त नायक, वाइस प्रिंसिपल डॉ. तृप्ति राहंगदाले सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थीगण मौजूद रहे।





# दुनिया की भीड़ में क्यों बढ़ रहा है अकेलापन

देश-दुनिया की आबादी भले ही दिनों-दिन बढ़ रही हो, लेकिन इसके उलट लोगों का अकेलापन भी बढ़ रहा है। अकेलेपन की समस्या विश्वव्यापी है। भारत समेत अनेक देशों के लोग इस समस्या का सामना कर रहे हैं। अकेलेपन का हमारे स्वास्थ्य ही नहीं पूरे जीवन पर दुष्प्रभाव पड़ता है। ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि इसके कारणों को जाना जाए और इसे दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाए।




कवर स्टोरी
एस. भाग्यम शर्मा

यह सही है कि दुनिया में आठ अरब से अधिक और हमारे अपने देश में 140 करोड़ से अधिक लोग रहते हैं। लेकिन दुख की घड़ी में शायद ही एक कंधा ऐसा मिले, जिस पर सिर रखकर हम रो सकें। सोशल मीडिया पर भले ही हमारे हजारों दोस्त होंगे, फॉलोअर्स होंगे, लेकिन असल जिंदगी में एक भी हमारे साथ नहीं होता। यानी आज लोगों की भीड़ में भी हर कोई खुद को अकेला महसूस कर रहा है।

## स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

अगर कोई शारीरिक बीमारी हो तो इसका असर दूसरों को नजर आता है। अकेलेपन का दुष्प्रभाव धूम्रपान और मोटापे की तरह शरीर पर नजर नहीं आता है। दरअसल, अकेलापन हमारे मन को बीमार बना देता है। अकेलेपन एक दिन में 15 सिगरेट पीने से भी ज्यादा खतरनाक असर हमारे स्वास्थ्य पर डालता है। अकेलापन समय से पहले मृत्यु के खतरे को 25% तक बढ़ा देता है। अकेलेपन से ब्रेन स्ट्रोक और हृदय रोग का खतरा 30% तक बढ़ता है। यह डिमेंशिया के खतरे को 50% तक बढ़ा देता है, इसलिए यह बहुत आवश्यक है कि समय रहते अकेलेपन की इस बीमारी की पहचान लें और यह जानें कि कहीं आप भी अकेलेपन के अंधेरे में खोते तो नहीं जा रहे हैं।





## दुनिया भर में लोग हैं परेशान

वर्ष 2023 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अकेलेपन को एक वैश्विक स्वास्थ्य संकट घोषित किया था। अकेलेपन को परिभाषित करते हुए, डब्ल्यूएचओ ने कहा था कि अकेलापन व्यक्ति की अपनी भावनात्मक पीड़ा है, जो सामाजिक अलगाव और सार्थक रिश्तों की कमी से पैदा होती है। आज के दौर में अकेलापन दुनिया भर में एक गंभीर बीमारी का रूप ले चुका है। जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में कई लोग इस कदर अकेले हो चुके हैं कि अगर उनकी मृत्यु भी हो जाए तो कई-कई दिनों तक बाहरी दुनिया को उनकी मौत के बारे में पता ही नहीं चलता। वहां से आई खबरों के अनुसार पिछले साल जापान में करीब 76,000 लोगों की उनके घर में अकेले रहते हुए मौत हुई। 4,000 लोग ऐसे थे, जिनके मरने के करीब एक महीने के बाद बाहर के लोगों को उनकी डेड बॉडीज मिलीं। जापान में तो अकेलेपन को दूर करने के लिए ज्यादा उम्र के लोग कई बार जान-बूझकर अपराध करने के लिए भी तैयार हो जाते हैं, जिससे उन्हें सजा मिले और सजा के बाद वे जेल में दूसरे लोगों से मिलकर कुछ बातचीत कर सकें, उनका अकेलापन दूर हो, उनका मन लग सके।

## बढ़ रहे हैं एकल परिवार

भारत में भी अकेलापन तेजी से फैल रहा है। इसकी मुख्य वजह है भारतीय समाज में टूटते संयुक्त परिवार। पहले के दौर में हमारे घर-परिवार में साथ रहने वाले अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी के साथ हम अपना सुख-दुख शेयर कर लिया करते थे। लेकिन अब वह दौर नहीं रहा। अब संयुक्त परिवारों की जगह एकल परिवारों ने ले ली है, जहां परिवार में पति-पत्नी ही रहते हैं। कई कपल तो बच्चे तक पैदा नहीं करना चाहते। बच्चे इसलिए नहीं पैदा करना चाहते, क्योंकि वे जानते हैं कि अगर बच्चे हुए तो उनकी देखभाल करने वाला परिवार में कोई नहीं है। महानगरों में 'ड्यूल इनकम-नो किड्स' का चलन बढ़ रहा है।

## बढ़ती सामाजिक दूरी भी है वजह

पिछली सदी तक हम सब अनजान लोगों से भी बातचीत कर लिया करते थे। कोई रास्ता पूछता था तो बड़े मन से उसे रास्ता बताते, कई बार तो उन्हें उनके गंतव्य तक छोड़ आते थे। बाजार जाते तो किराने की दुकान या सब्जी की दुकान पर दुकानदार से बातचीत कर लिया करते थे। अड़ोसी-पड़ोसी से उनका हाल-चाल पूछ लिया करते थे। चाय की दुकानों पर जाने-अंजाने लोग भी खूब बतियाते थे। लेकिन अब ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते ट्रेंड से लोगों का बाजार आना-जाना भी बहुत कम हो गया है। सब इतने व्यस्त हो गए हैं कि किसी के पास समय ही नहीं रह गया है, एक-दूसरे की खबर लेने का।

## बच्चे-युवा भी हो रहे प्रभावित

2021 के ग्लोबल सर्वे के मुताबिक, अकेलेपन से प्रभावित होने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश भारत है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शहरों में 43% लोग अकेलापन महसूस करते हैं। चिंताजनक बात यह है कि 13 से 15 साल की उम्र के 25% बच्चे भी अकेलापन अनुभव कर रहे हैं। सोशल मीडिया की वजह से भी अकेलापन तेजी से बढ़ रहा है। कई स्टडीज में सामने आया है कि सोशल मीडिया की लत, युवाओं में अलगाव, अकेलापन और डिप्रेशन को बढ़ा रही है।





## मशीनी हो रही भावनाएं

अकेलापन इसलिए भी बढ़ रहा है कि लोग एक-दूसरे के साथ अपनी भावनाएं साझा नहीं करते हैं। सोशल मीडिया में कोई इमोजी भेजकर खुद को दायित्वमुक्त समझ लेते हैं। आजकल लोगों को लगता है कि भावनाओं को व्यक्त करने के लिए, किसी की आंखों में आंख डालने की जरूरत नहीं है। किसी का हाथ थामने की जरूरत नहीं है। लोगों को लगता है कि भावनाओं को व्यक्त करने के लिए इमोजी भेजना ही पर्याप्त है। यानी जब हम दुखी महसूस करते हैं तो हमारे साथ किसी की वास्तविक भावनाओं के स्थान पर ढेरों इमोजी होते हैं।

## अकेलापन दूर करने का करें प्रयास

हमें बचपन से ही सिर्फ यह सिखाया जाता है कि सफलता ही खुशी का सबसे बड़ा पैमाना है और जीवन में हर कीमत पर सफल होना सबसे जरूरी है। जो सफल है, वह खुश भी रह लेगा। हमें रिश्तों की अहमियत नहीं सिखाई जाती। सफलता और अधिक से अधिक पैसा, सुख-सुविधाएं अर्जित करने की अंधी दौड़ में ज्यादातर लोग अपने रिश्तों को पीछे छोड़ देते हैं। जाहिर है, इससे जीवन में अकेलापन आएगा ही। अकेलापन किसी सफलता से या दौलत कमाने से या शानदार करियर से नहीं, अपनों के साथ होने से दूर होता है। इसलिए अगर आप भी अकेलापन महसूस करते हैं तो सोशल मीडिया पर ही नहीं अपने दोस्तों, रिश्तेदारों से मिलने उनके घर जाइए, उन्हें अपने घर बुलाइए। परिवार के साथ समय बिताइए। अंजान लोगों से भी बात करने में न हिचकिचाइए। यही नहीं अगर आपके परिवार में या आस-पास कोई ऐसा व्यक्ति है, जो अकेलापन महसूस कर रहा है तो उससे बात कीजिए। उसके अकेलेपन को दूर करने का प्रयास कीजिए। जरूरत पड़ने पर काउंसलर की मदद भी ले सकते हैं। ऐसा करने से उस व्यक्ति का अकेलापन तो दूर होगा ही, आपको भी आत्मीय खुशी, संतुष्टि मिलेगी। *

### कई देशों में हो रही नई पहल

**अकेलेपन की** समस्या से निपटने के लिए अलग-अलग देशों में अब कई तरह की पहल की जा रही है। जैसे दक्षिण कोरिया में बुजुर्गों के लिए हैप्पी कैब्स चलाई जा रही हैं। यह एक कैब सर्विस है, जिसमें बुजुर्ग लोग अंजान लोगों के साथ बैठकर घूमने जा सकते हैं। उनसे बातचीत कर सकते हैं, अपने सुख-दुख साझा कर सकते हैं। इससे उन्हें अपना अकेलापन दूर करने में मदद मिलती है। इसी तरह अकेलेपन की समस्या के समाधान को तलाशने के लिए ब्रिटेन ने वर्ष 2018 में ही लोनलीनेस मिनिस्टर की नियुक्ति शुरू कर दी थी। एक अलग मंत्रालय, एक अलग मंत्री, जो सिर्फ यह देखेगा कि देश में लोगों के अकेलेपन को कैसे दूर किया जा सकता है? वहां अकेलेपन से जूझ रहे लोगों को काउंसिलिंग और मेडिकल सपोर्ट उपलब्ध कराए जाते हैं।



जिंदगी को खुशमिजाज बनाना हमारे ही हाथों में होता है। अगर हम अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ बदलाव कर लें, कुछ आदतों को शामिल कर लें तो हमारी जिंदगी खुशमिजाज बन सकती है। ऐसा किस तरह हो सकता है, जानिए।

# जीने के अंदाज में करें बदलाव खुशमिजाज हो जाएगी जिंदगी

लाइफस्टाइल
शिखर चंद जैन

हमारा दिमाग ही हमारी सोच और नजरिए का स्रोत होता है। जब दिमाग अशांत या उद्वेलित रहता है तो हमें हर चीज में उथल-पुथल, नकारात्मकता और बुराई नजर आती है। लेकिन जब दिमाग शांत रहता है, हम खुशमिजाज रहते हैं तो हमें हर चीज सकारात्मक अच्छी और सही लगती है। खुशमिजाजी और सुकून के लिए कुछ बातें और आदतें अपनानी जरूरी हैं।

## लोगों से बनाए अच्छे संबंध

भले ही सबको खुश रखना दुनिया का सबसे कठिन काम है लेकिन सबके साथ खुश रहना दुनिया का सबसे आसान काम है। हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट के डायरेक्टर और मनोचिकित्सक रॉबर्ट वालडिंगर का कहना है कि लोगों के साथ मजबूत और मधुर संबंध खुशी की प्रमुख वजह बन सकते हैं। ये लोग रोमांटिक पार्टनर, आपके दोस्त, बच्चे, सहकर्मी, पड़ोसी, रिश्तेदार या भाई-बहन कोई भी हो सकते हैं। भले ही हम सब स्वतंत्रता को खास मानते हों, लेकिन यह ना भूलें कि हम सब एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं। जब हम अपने इर्द-गिर्द मौजूद लोगों के साथ अच्छे संपर्क रखते हैं तो मानसिक खुशी तो मिलती ही है, एक बड़ा सपोर्ट सिस्टम भी मिलता है, जो हमें हर तरह से सुकून देता है।



## अजनबियों से करें बातचीत

ओटावा (कनाडा) की कार्लटन यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञानी जॉन जेलवेंसकी कहते हैं कि आपको एक्सट्रोवर्ट होना चाहिए। अंतर्मुखी, गंभीर और चुप्पी साध कर रहने वाले लोग उदास रहते हैं, जबकि सबसे आसानी से घुल-मिल जाने वाले और अजनबी लोगों से बातचीत करने की कला जानने वाले अकसर खुशमिजाज रहते हैं। साथ ही ऐसे लोग आसानी से अपना सोशल सर्किल और बिजनेस सर्किल भी बढ़ा लेते हैं, जिससे इन्हें सफलता मिलती है। जाहिर है, सफलता भी खुशी मिलने की एक महत्वपूर्ण वजह है।

## पालतू के साथ समय बिताएं

वाशिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा किए गए एक ताजा अध्ययन में पाया गया कि पालतू जानवर के साथ बिताया गया 10 मिनट का समय भी दिमाग को सुकून देने वाला होता है। इससे कार्टिसोल नामक स्ट्रेस हार्मोन का स्तर गिरता है। अमेरिकी नागरिकों द्वारा किए गए एक शोध में पाया गया कि सबसे ज्यादा सुकून देने वाले पालतू कुत्ते होते हैं।

## कुदरत को निहारें

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने 90 स्टूडेंट्स पर किए गए शोध में पाया कि कुदरत को निहारना मन को सुकून देने वाला एहसास होता है। जब हम पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं को निहारते हैं तो हमारा ध्यान परेशानियों से हटकर पूरी तरह उन्हीं पर लग जाता है। इससे दिमाग को सुकून मिलता है।

## फल-सब्जी ज्यादा खाएं

सोशल साइंस एंड मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित ताजातरीन स्टडी रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रचुर मात्रा में फल और सब्जी खाने से खुशमिजाजी और सुकून मिलता है। इसलिए रोज कच्ची सब्जियों का सलाद और फल खाएं। सबसे बड़ी बात यह है कि अगर आप खान-पान, आराम और सोने का समय निर्धारित कर लेते हैं तो आपका हैप्पीनेस लेवल बढ़ जाता है। न्यूट्रीशन, एक्सरसाइज और रेस्ट, खुशी के मूल मंत्र हैं।

## वाटर बॉडीज के पास जाएं

जर्नल आफ एनवॉयर्नमेंटल साइकोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि पानी के संग्रह स्थल नजदीक रहने से लोगों में पॉजिटिव इमोशंस का संचार होता है। स्विमिंग पूल, समुद्र या नदी के किनारे खड़े होकर पानी की हलचल को निहारना सुकून देता है। इससे स्ट्रेस लेवल भी कम होता है। *




### इन पर भी करें अमल

**जीवन के** हर आयाम को बराबर समय देने की कोशिश करें, जैसे- परिवार, व्यापार, मित्र, जीवनसाथी, समाज आदि क्षेत्रों में सक्रिय रहें। हंसी-मजाक करें, लेकिन दूसरों का मजाक ना उड़ाएं। कई बार इससे स्थिति बिगड़ जाती है और तनाव का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा नए अनुभवों पर पैसा और समय खर्च करें। उन कार्यों को करे, जो आपने कभी नहीं किया और देखा। जैसे हॉर्स राइडिंग करना, घुड़दौड़ देखना, अंडरवाटर स्पोर्ट देखना या इसमें शामिल होना, थिएटर में जाकर नाटक देखना, किसी बर्फीले स्थान की यात्रा करना आदि।

व्यंग्य
अंशुमान खरे

# प्रतिभा सम्मान

गणित के मास्साब को पहली बार किसी सवाल पर नर्वस होते देखा। इसलिए मैं बार-बार उनसे इस प्रश्न को पूछता रहा। मास्साब को भी समझ नहीं आ रहा था कि कौन-सा फार्मूला लगाएं कि दो लीटर दूध बराबर चालीस लीटर दूध हो जाए। कुछ तो गड़बड़ है।




गणित में बचपन से ही हम बगैर होशियार होकर भी होशियार थे। न मालूम गणित के मास्साब कहां-कहां से सवाल लाते थे, लेकिन पिटते-पिटाते किसी तरह गणित में पास कर दिए जाते थे। घर वालों की तमन्ना डॉक्टर, इंजीनियर बनाने की थी। कक्षा में हमेशा अपराधी की तरह बैठे रहते थे। गणित के गुरु जी हमेशा हमें अंतरराष्ट्रीय गणितज्ञ बनाने का मजाक करते रहते थे। पर हमें कुछ भी समझ नहीं आता। हमारे गणित के गुरु जी फिरकी लेते थे कि मुझे भगवान भी नहीं समझा सकते। गणित की क्लास हमारे लिए आफत से कम नहीं थी। मास्साब के सवाल भी माशाअल्लाह अद्भुत होते थे। एक औरत एक काम को चार घंटे में पूरा कर लेती है तो बताओ उसी काम को आठ औरतें कितने समय में पूरा करेंगी? मैं कहता, 'आठ औरतें काम तो पूरा कर नहीं पाएंगी। हां, रायता जरूर फैला देंगी।'

सवाल से सवाल निकालने की कला में हमारे मास्साब का कोई सानी नहीं था। कपड़े पर अटक गए तो उसी से जुड़े सवाल पर सवाल पूछने लगते, 'बताओ बच्चो, अगर एक साड़ी धूप में एक घंटे में सूखती है तो चार साड़ियां सूखने में कितना समय लेंगी?'

बहुत सरल सवाल सोचकर मैं हाथ उठाकर बोल पड़ा, 'वेरी सिंपल, चार घंटे।' मास्साब जवाब सुनकर आपे से बाहर हो गए। मैं समझ नहीं पा रहा था, मास्साब को सीधा-सा गुणा करना नहीं आता क्या?

मैंने हिम्मत करके एक सवाल पूछ लिया, 'गुरु जी, अगर एक गांव में एक गाय है और वह दो लीटर दूध देती है तो बताइए गांव वाले चालीस-चालीस लीटर दूध बाहर कैसे सप्लाई करते हैं?' मास्साब का माथा ठनका और तमतमा कर क्लास से बाहर चले गए। मेरा सवाल अनुत्तरित रह गया। मेरे सवाल पर क्लास में चर्चा होने लगी। सब हैरान। प्रश्न तो उचित है। मास्साब नाराज क्यों हो गए? गणित के मास्साब का वैसे भी स्कूल में काफी जलवा था। प्रधानाचार्य से लेकर सभी अध्यापक और छात्र उनको आदर की दृष्टि से देखते थे। दूध की सप्लाई का सवाल गणित के मास्साब के गले की फांस बन गया। कुछ दोस्तों ने कहा, 'पानी मिला लेते होंगे।'

पर इतना पानी मिलाकर दूध रह ही नहीं पाएगा। सब पानी-पानी हो जाएगा।

मास्साब इस बात को पता लगाने में जी-जान से जुट गए कि इस प्रश्न को किसके इशारे पर उनसे पूछा गया है। यह किस अध्यापक की साजिश है, पता लगाना जरूरी है। गणित के मास्साब को पहली बार किसी सवाल पर नर्वस होते देखा। इसलिए मैं बार-बार उनसे इस प्रश्न को पूछता रहा। मास्साब को भी समझ नहीं आ रहा था कि कौन-सा फार्मूला लगाएं कि दो लीटर दूध बराबर चालीस लीटर दूध हो जाए। कुछ तो गड़बड़ है। इस तरह के सवाल किसी किताब में नहीं होते हैं। मास्साब मेरे प्रश्न में उलझते जा रहे थे। मैं उनकी तरफ आशाभरी दृष्टि से टकटकी लगाकर धैर्य से देखता रहता था।

मेरे प्रश्न को दूर-दूर तक पहुंचाया गया। कहीं से समस्या का समाधान निकले। प्रधानाचार्य जी ने ऐसा गांव पहचाना, जहां के लोग दो लीटर दूध से चालीस लीटर दूध बनाने में सफल हुए हैं। उन्होंने गांव के लोगों को सम्मानित करने की योजना बनाई। गांव के प्रधान गांव को सम्मानित करने के नाम से उत्साहित दिखे। ऐसे प्रतिभाशाली लोगों की ओर सबका ध्यान खींचने के लिए मुझे भी मालाओं से लाद दिया गया। क्षेत्र के विधायक, सांसद, सभी ने गांव को सम्मानित करने में रुचि दिखाई। श्वेत क्रांति के लिए पूरे गांव के लोगों को बधाई देने वालों का तांता लग गया। शासन, प्रशासन ने भी गांव को सम्मानित करने के सुर में सुर मिला दिया। जिलाधिकारी से लेकर सारे कर्मचारी मुस्तैदी से सम्मान समारोह की तैयारी में जुट गए हैं। लेकिन मैं और गणित के मास्साब प्रश्न अनुत्तरित रहने से चिंतित हैं। हम दोनों शून्य में उत्तर खोजने की कोशिश कर रहे हैं। दुग्ध क्रांति की गुत्थी उलझती जा रही है। सुना है कि गांव के सम्मान समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री भी आएंगे और ऐसी प्रतिभाओं को सम्मानित करेंगे, जो दो लीटर दूध से चालीस लीटर दूध सप्लाई करने का 'हुनर' जानते हैं। *

लघुकथा / निशा भास्कर

# छांव से दूर



अस्पताल जाते समय सड़क की भीड़ और अब वहां सैकड़ो की संख्या में कतारबद्ध खड़े लोगों को देखकर बाबूजी बोले, 'महानगरों के सड़कों पर दौड़ती-हांफते वाहनों के साथ, यहां का आम जीवन थरथराते हुए गुजरता है।'

'राजधानी में अच्छी सुविधा मिलेगी, यह सोचकर सभी राज्यों से लोग आकर यहां बसना चाहते हैं और बसते भी हैं, इसलिए भीड़ तो होगी ही।' बाबूजी की ओर देखकर मयंक धीरे से बोला। बाबूजी बड़ी मुश्किल से इलाज के लिए अपना घर और गांव छोड़कर अपने बेटे मयंक के पास इस महानगर में आए थे। कहीं बाबूजी गांव वापस जाने की जिद्द न करने लग जाएं, यह ख्याल आते ही मयंक बोला, 'बाबूजी एक बार आपका अच्छी तरह से इलाज हो जाए बस और हमें क्या चाहिए!' 'अरे बेटा! मुझे लगता है यहां तो हम और भी बीमार हो जाएंगे। स्वस्थ क्या खाक होंगे?' कहकर वे तेज-तेज खांसने लगे। उनकी आंखें भी लाल हो गईं। मयंक ने घबराकर इधर-उधर देखा। अस्पताल का प्रतीक्षालय पूरी तरह से भरा हुआ था। एक भी सीट खाली नहीं थी, जहां बाबूजी को वह बैठा सके। एक व्यक्ति जो उसी की तरह दिख रहा था। मयंक ने उसे आग्रहपूर्ण नजरों से देखा। उस व्यक्ति ने खड़े होकर बाबूजी को बिठाने का इशारा किया। मयंक ने बाबूजी को बिठाया और दोनों हाथ जोड़कर उस व्यक्ति का आभार व्यक्त किया और बाबूजी से बोला, 'मैं अभी आया।' फिर वह शीघ्रता से अस्पताल से बाहर निकल गया। थोड़ी ही देर में पानी की बोतल लेकर आया और बाबूजी को पानी पिलाकर बोला, 'आप चिंता न करें, हम जिस डॉक्टर से दिखाने के लिए आए हैं, उनका बहुत नाम है। उनके इलाज से कितना भी पुराना रोग, ठीक हो जाता है।' बाबूजी, बेटे की बात सुनकर बोले, 'अरे! यह तो बुढ़ापे का रोग है। खांसना-खंखारना तो लक्षण है, बुढ़ापे का। लेकिन बेटा, मेरी एक बात ध्यान से सुन, यह शहर बड़ा है, डॉक्टर बड़ा है पर हम तो बड़े लोग नहीं हैं न! बड़ा शहर और इसकी सुविधाएं बड़े लोगों के लिए होती हैं। हम इनके फोटो देखकर अपने से झूठ बोलते हैं कि मैं भी इसका हिस्सा हूं। पर हमारी इतनी औकात नहीं है।' मयंक की आंखें गीली हो गईं। वह बोला, 'सच कह रहे हैं बाबूजी! बीस साल की नौकरी में क्या ही कर लिया मैंने? आज तक बीवी बच्चों को इस शहर में एक छत भी न दे सका।' बेटे को इस तरह उदास देखकर बाबूजी उसके सिर पर हाथ रखकर बोले, 'बेटा हम अपने गांव चलेंगे। वहीं के अंग्रेजी स्कूल में मेरी पोती पढ़ेगी और मैं अपने बड़े से आंगन में नीम की छांव तले बैठकर उसके साथ खेलूंगा और' तभी नर्स ने टोकन नंबर बहत्तर रामजस को आवाज दी। मयंक बाबूजी का हाथ थाम कर बोला, 'चलिए बाबूजी, अपना नंबर आ गया।' *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

# अलग मिजाज की कहानियां




वरिष्ठ कथाकार हबीब कैफी की चुनी हुई सत्रह कहानियां 'तमन्ना खानम' पुस्तक में प्रकाशित हुई हैं। करीब साढ़े पांच दशक के कालखंड में लिखी गई ये कहानियां, हमें समाज के अलग-अलग तबके से ताल्लुक रखने वाली स्त्रियों की जिंदगी से रूबरू कराती हैं। कहीं पुरुषत्व के दंभ से दमित लेकिन फिर भी उसके साथ रहने को विवश भंवरी नजर आती है (औरत), तो कहीं गणिकाओं के जीवन की त्रासदी भोगती मरजीना की कराह सुनाई पड़ती है (मरजीना)। 'तमन्ना खानम' कहानी में उच्च वर्ग की महिला तमन्ना को अपनी जिंदगी की पेचीदगियों को अपने अंदाज में सुलझाते देखा जा सकता है। बहुत अलग मिजाज की ये कहानियां, कहीं-कहीं उर्दू के मशहूर कथाकार मंटो की याद दिलाती हैं। इन कहानियों में भाषा की रवानगी भी देखने लायक है। *

**पुस्तक:** तमन्ना खानम (कहानी संग्रह), **लेखक:** हबीब कैफी, **मूल्य:** 299 रुपए, **प्रकाशक:** कौटिल्य बुक्स, नई दिल्ली

## कीवी टीम को 46 रन से हराकर भारत ने 4-1 से जीती टी20 सीरीज

# ईशान की आंधी, अर्शदीप की घातक गेंदबाजी 272 रन चेज करते हुए लड़खड़ाया न्यूज़ीलैंड




एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

ईशान किशन के पहले टी20 शतक ने संजू सैमसन की नाकामी की भरपाई कर दी और उनके साथ अर्शदीप सिंह ने 5 विकेट लेकर न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को पांचवें और आखिरी मैच में भारत को 46 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। भारत ने श्रृंखला 4-1 से जीतकर अगले सप्ताह शुरू हो रहे टी20 विश्व कप की तैयारी पुख्ता कर ली। ईशान ने 43 गेंद में 103 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 10 छक्के शामिल थे। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 30 गेंद में 4 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 63 रन की पारी खेली। दोनों ने करीब दस ओवर में 137 रन की साझेदारी की। न्यूजीलैंड की टीम जवाब में 19.4 ओवर में 225 रन पर आउट हो गई। तेज गेंदबाज अर्शदीप ने 51 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने पहले दो ओवर में 40 रन दिए और टिम सीफर्ट का विकेट लिया लेकिन इसके बाद अगले दो ओवर में 11 रन देकर 4 विकेट चटकाए।

### किशन ने 239.53 के स्ट्राइक रेट से जड़ा शतक

इशान किशन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 5वें टी20 मैच में 42 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया और 43 गेंदों पर 10 छक्के और 6 चौकों की मदद से 103 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 239.53 का रहा और ये उनके टी20 क्रिकेट करियर का छठा शतक भी रहा। इसके बाद वो टी20 क्रिकेट में बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बैटर्स की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए। इशान ने कामरान अकमल को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने टी20 में बतौर विकेटकीपर 5 शतक लगाए थे। पहले नंबर पर क्विंटन डिकॉक हैं, जिन्होंने कुल 8 शतक लगाए हैं। इशान ने सबसे तेज शतक लगाने वाले बैटर्स की लिस्ट में 5वें नंबर पर आ गए।

### सूर्या ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

न्यूजीलैंड के खिलाफ 5वें टी20 मुकाबले में कप्तान सूर्यकुमार यादव का बल्ला जमकर चला। सूर्यकुमार ने बेहद आकर्षक पारी खेलते हुए इस मैच में 26 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और 30 गेंदों पर 6 छक्के और 4 चौकों की मदद से 63 रन बनाए। सूर्यकुमार ने कीवी टीम के खिलाफ 5वें मैच में 210.00 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए साथ ही अपनी इस पारी के दम पर वो टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे कम गेंदों पर 3 हजार रन बनाने वाले दुनिया के पहले बैटर बने साथ ही साथ उन्होंने मार्टिन गप्टिल के इस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। सूर्यकुमार यादव ने टी20आई में 3 हजार रन पूरा करने के लिए 1822 गेंदों का सामना किया और वो टी20आई में सबसे कम गेंदों पर 3 हजार रन बनाने वाले दुनिया के पहले बैटर बने। सूर्या ने यूएई के खिलाड़ी मुहम्मद वसीम को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने ऐसा 1947 गेंदों पर किया था। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर जोस बटलर हैं, जिन्होंने ऐसा 2068 गेंदों पर किया था।

### भारत ने इंग्लैंड को छोड़ा पीछे सीरीज में लगाए 69 छक्के

भारतीय टीम की तरफ से न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की इस टी20 सीरीज में कुल 69 छक्के देखने को मिले, जिसमें आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया की पारी में कुल 23 छक्के लगे। वहीं टी20 इंटरनेशनल में 5 मैचों की किसी द्विपक्षीय सीरीज में ये अब तक किसी एक टीम का सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी बन गया है।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा बो फर्ग्युसन | 30 | 16 | 4 | 2 |
| सैमसन का जैकब्स बो फर्ग्युसन | 6 | 6 | 1 | 0 |
| ईशान का फिलिप्स बो डफी | 103 | 43 | 6 | 10 |
| सूर्यकुमार स्ट सीफर्ट बो सेंटनेर | 63 | 30 | 4 | 6 |
| पंड्या का जैकब्स बो जैमीसन | 42 | 17 | 1 | 4 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 8 | 8 | 1 | 0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 7 | 2 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : सात रन, योग : 20 ओवर में 271/5 रन
गेंदबाजी : डफी 4-0-53-1, जैमीसन 4-0-59-1, फर्ग्युसन 4-0-41-2, सोढी 3-0-48-0, फिलिप्स 1-0-10-0, सेंटनेर 4-0-60-1

| न्यूजीलैंड पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सीफर्ट का पंड्या बो अर्शदीप | 5 | 3 | 1 | 0 |
| एलेन का सिंह बो पटेल | 80 | 38 | 8 | 6 |
| रविंद्र का पटेल बो अर्शदीप | 30 | 17 | 2 | 2 |
| फिलिप्स का सिंह बो पटेल | 7 | 6 | 1 | 0 |
| डेरिल मिचेल बो अर्शदीप | 26 | 12 | 2 | 2 |
| सेंटनेर का यादव बो अर्शदीप | 0 | 2 | 0 | 0 |
| बेवोन जैकब्स बो वरुण | 7 | 11 | 1 | 0 |
| जैमीसन बो अर्शदीप | 9 | 5 | 2 | 0 |
| ईश सोढी का अर्शदीप बो सिंह | 33 | 15 | 1 | 3 |
| लॉकी फर्ग्युसन बो पटेल | 3 | 4 | 0 | 0 |
| जैकब डफी नाबाद | 9 | 5 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 16 रन, योग : 19.4 ओवर में 225 रन
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-51-5, पंड्या 2-0-15-0, बुमराह 4-0-58-0, वरुण 4-0-36-1, अक्षर 4-0-33-3, अभिषेक 1-0-13-0, रिंकू 0.4-0-7-1



### रिबाकिना ने किया बड़ा उलटफेर, विश्व नंबर 1 सबालेंका को हराया

**मेलबर्न।** साल 2026 के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के खिताब पर वर्ल्ड नंबर चार एलिना रिबाकिना ने कब्जा जमाया। वर्ल्ड नंबर 1 एरिना सबालेंका साल 2023 और साल 2024 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद इस बार हैट्रिक लगाने उतरीं थी। लेकिन उनके सपने को रिबाकिना ने तोड़ा और महिला सिंगल्स के फाइनल मुकाबले में 6-4, 4-6, और 6-4 से हराया। इसके साथ ही कजाखस्तान से आने वाली रिबकिना ने अपने करियर का दूसरा और पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता। इससे पहले रिबकिना ने साल 2022 मे विंबलडन का खिताब जीता था। दूसरे सेट में सबालेंका ने पहले अपनी सर्विस पर गेम जीता। इसके बाद दूसरे गेम में रिबकिना ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए और अपनी सर्विस ब्रेक नहीं होने दी। जबकि बाद में रिबकिना अपनी सर्विस नहीं कभा सकीं तो उनको दूसरे सेट में 4-6 से हार का सामान करना पड़ा। तीसरे सेट में रिबकिना दूसरे गेम में अपनी सर्विस गंवा बैठी लेकिन बाद में फिर उन्होंने शानदार विनर्स लगाते हुए सबालेंका को बैकफुट पर धकेला, जिससे वो दो बार अपनी सर्विस गंवा बैठी और बाद में फिर रिबाकिना ने उनको वापसी करने का मौका नहीं दिया।

## इतिहास रचने उतरेंगे जोकोविच-अल्कारेज



थकान और खुशी के पल में नोवाक जोकोविच ने भीड़ में मार्गरेट कोर्ट को पहचान लिया और उन्हें इतनी देर तक जागकर उन्हें अब तक के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक जीत दूर पहुंचते हुए देखने के लिए धन्यवाद दिया। रोड लेवर एरिना में 83 साल की कोर्ट दो बार के गत ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर पर जोकोविच की पांच सेट की जीत के दौरान वीआईपी दर्शकों के बीच मौजूद थीं। यह मुकाबला शनिवार सुबह डेढ़ बजे खत्म हुआ। ये दोनों 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब का सर्वकालिक रिकॉर्ड साझा करते हैं लेकिन रविवार को यह बदल सकता है। सिनर पर जोकोविच की कड़ी जीत ने शीर्ष रैंकिंग वाले अल्कारेज के खिलाफ खिताबी मुकाबला तय किया।

### सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की राह पर अल्कारेज

स्पेन का 22 साल का यह खिलाड़ी करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनने की राह पर है। अल्कारेज और सिनर मिलकर अब तक जोकोविच को 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से रोकने में सफल रहे हैं। दोनों ने पिछले आठ ग्रैंडस्लैम खिताब बराबर संख्या में जीते हैं। सेमीफाइनल में जीत के बाद जोकोविच ने कोर्ट को धन्यवाद दिया कि वह सिनर के खिलाफ लगातार पांच हार का सिलसिला खत्म करने और ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार चार सेमीफाइनल हार का सिलसिला तोड़ने के दौरान उनके साथ थीं। जोकोविच ने कहा, 'कुछ दिग्गज सुबह दो बजे तक जागते रहे!' उन्होंने कहा, 'यहां आने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।'

### जोकोविच के पास लगभग हर रिकॉर्ड

जोकोविच के पास लगभग हर रिकॉर्ड है। उन्होंने रोजर फेडरर और रफेल नडाल के बनाए रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। उनके पास सेरेना विलियम्स से एक अधिक खिताब है। सेरेना के नाम महिलाओं के ओपन युग के रिकॉर्ड 23 एकल खिताब हैं। जोकोविच ने यह बात नहीं छिपाई है कि वह सिर्फ 25वें खिताब के लिए ऑस्ट्रेलिया में हैं। 'सिनकारेज' (सिनर और अल्कारेज को मिलाकर) प्रतिद्वंद्विता के एक हिस्से को तोड़ने के बाद जोकोविच को मेलबर्न पार्क में अपने करियर के 11वें फाइनल में एक और खिताब जीतने का मौका मिलेगा। उन्होंने अब तक सभी 10 फाइनल जीते हैं।

## खबर संक्षेप



### मुझे सीखने की जरूरतः ब्रूक

**पल्लेकल।** इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान हैरी ब्रूक ने कहा कि उन्हें अपने मैदान के बाहर के व्यवहार के बारे में 'अभी और सीखना है' क्योंकि उन्होंने पिछले अक्टूबर में वेलिंगटन में एक नाइट क्लब में अपने साथ हुए झगड़े की सच्चाई को अपनी टीम के साथियों को बचाने के लिए छिपाया था। इससे पहले उन्होंने कहा था कि जिस रात उन्हें बाउंसर ने मुक्का मारा उस रात वह अकेले थे। असल में जब यह घटना हुई तब ब्रूक जैकब बेथेल और जोश टंग के साथ रात्रि में घूमने निकले थे लेकिन कप्तान ने अपनी टीम के साथियों को बचाने के लिए सारा दोष अपने ऊपर ले लिया।

### शर्मा संयुक्त चौथे स्थान पर, युवराज कट से चूके

**बहरीन।** दो अंडर 70 के स्कोर के साथ बाप्को एनर्जीस बहरीन चैंपियनशिप में दो दौर के बाद संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। पिछले सप्ताह हीरो दुबई डेजर्ट क्लासिक में कट से चूके शर्मा ने कुल आठ अंडर 36 स्कोर किया। युवराज संधू दो अंडर का ही स्कोर कर सके और कट में प्रवेश से चूक गए। कैलम हिल ने दूसरे दौर में 61 स्कोर करके चार शॉट की बढत बना ली है।

### स्क्वाश ऑन फायर के सेमीफाइनल में अनाहत



**वाशिंगटन।** अनाहत सिंह ने 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए वाशिंगटन में स्क्वाश ऑन फायर ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीय सना इब्राहिम को हराया। भारत की दुनिया की 31वें नंबर की खिलाड़ी और सातवीं वरीय अनाहत ने तीसरे और चौथे गेम में 5-6 से पिछड़ने के बाद मुकाबले में वापसी की और पीएसए कांस्य स्तर प्रतियोगिता में मिस्र की दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी को 8-11, 8-11, 11-7, 11-8, 11-7 से हराया। अनाहत का सेमीफाइनल में मुकाबला अमेरिका की सबरीना सोभी से होगा।

## अंडर-19 विश्व कप

### चिर प्रतिद्वंद्वी के बीच रोमांचक मुकाबला आज दोपहर 1 बजे से

# पाकिस्तान से हिसाब बराबर करने उतरेगा भारत, तेंदुलकर ने की हौसला अफजाई

एजेंसी ▶▶| बुलावायो

पांच बार का चैंपियन भारत रविवार को आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से एशिया कप फाइनल में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने की कोशिश करेगा। भारत पिछले साल 21 दिसंबर को दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान से 191 रन से हार गया था जबकि 14 दिसंबर को उसने इसी टूर्नामेंट का ग्रुप मैच इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ 90 रन से जीता था। रविवार को आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम उस हार का बदला लेने के लिए बेताब होगी। किसी भी मैच से पहले सचिन तेंदुलकर से वर्चुअल हौसलाअफजाई मिलना सपनों के सच होने जैसा होता है और भारतीय खिलाड़ियों को इस महान खिलाड़ी से कुछ कीमती सलाह मिली।



### विश्व कप में भारत का शानदार प्रदर्शन

*अंडर-19 विश्व कप में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने अमेरिका पर छह विकेट की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर ग्रुप चरण में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को हराया। भारत ने अपने पहले सुपर सिक्स मैच में 27 जनवरी को मेजबान जिम्बाब्वे को 204 रन से हराकर जीत का सिलसिला जारी रखा। पाकिस्तान के रूप में भारत का अगला मैच एक मजबूत विरोधी के खिलाफ होगा और एशिया कप फाइनल में बड़ी हार म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को परेशान कर सकती है। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू (चार मैच में 183 रन) और वैभव सूर्यवंशी (चार मैच में 166 रन) लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। दोनों ने दो-दो अर्धशतक लगाए हैं लेकिन वे इन्हें तीन अंकों में बदलना चाहेंगे।*


### टीमें इस प्रकार

**भारत :** आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उद्धव मोहन और किशन सिंह।

**पाकिस्तान :** फरहान यूसुफ (कप्तान), उस्मान खान, अली हसन बलूच, हमजा जहूर, हुजैफा अहसान, मोहम्मद शायन, समीर मिन्हास, अहमद हुसैन, अब्दुल सुभान, अली रजा, दानियाल अली खान, मोहम्मद सैयाम, मोमिन कमर, नकाब शफीक, उमर जैब।

## मर्टेन्स- झेंग और हैरिसन-स्कुप्स्की ने जीता युगल का खिताब





**मेलबर्न।** एलिस मर्टेन्स ने चीन की झेंग शुआई के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीतकर महिला युगल में नंबर एक रैंकिंग पर वापसी की जबकि अमेरिका के क्रिश्चियन हैरिसन और ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की ने पुरुष युगल खिताब जीता। चार साल बाद एक टीम के तौर पर वापसी करने वाली मर्टेन्स और झेंग पहले सेट में 0-3 और 1-4 से पीछे थीं लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए कजाखस्तान की एना डैनिलिना और सर्बिया की एलेक्जेंड्रा क्रूनिक को 7-6, 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में हैरिसन ने मैच प्वाइंट पर ऐस लगाकर स्कुप्स्की के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया के जेसन कुबलर और मार्क पोलमैन्स की जोड़ी को 7-6, 6-4 से शिकस्त दी। कुबलर का अपने घरेलू ग्रैंडस्लैम फाइनल में उतरने से पहले जीत-हार का रिकॉर्ड 14-3 था।

## टी20 विश्व कप

# ऑस्ट्रेलिया को झटका, कमिंस बाहर, इ्वारशुइस को मौका




एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा जब उसके मुख्य तेज गेंदबाज पैट कमिंस चोट के कारण आगामी टी20 विश्व कप से बाहर हो गए, जिससे राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को उनकी जगह 15 सदस्यीय टीम में बेन ड्वारशुइस को चुनना पड़ा। बत्तीस साल के कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को भी शुरुआती 15 सदस्यीय टीम से बाहर कर दिया गया है। मैथ्यू रेनशॉ को शॉर्ट की जगह टीम में शामिल किया गया है।

### हेजलवुड, डेविड और एलिस ने किया फिटनेस परीक्षण पास

जोश हेजलवुड, टिम डेविड और नाथन एलिस की तिकड़ी ने इस प्रतिष्ठित टी20 प्रतियोगिता के लिए फिटनेस परीक्षण पास कर लिया है। एशेज से पहले पैर में चोट के कारण हेजलवुड बाहर हो गए थे। डेविड भी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बिग बैश लीग के अधिकतर मुकाबलों और पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रहे जबकि एलिस भी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बिग बैश लीग फाइनल और पाकिस्तान दौरे से बाहर रहे। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के पूल चरण के लिए श्रीलंका जाने से पहले लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की टी20 श्रृंखला खेल रहा है। टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका के अलग-अलग स्थलों पर होगा।

### पैट को लगेगा ठीक होने में समय

चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा, 'पैट की पीठ की चोट को ठीक होने में और समय लगेगा इसलिए बेन एक तैयार वैकल्पिक खिलाड़ी है, जो बाएं हाथ से तेज गेंदबाजी करने के साथ-साथ शानदार क्षेत्ररक्षण और निचले क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी भी करता है।' कमिंस को शुरू में ऑस्ट्रेलिया की अस्थाई टीम में चुना गया था। चयनकर्ता ने कहा, 'मैट (रेनशॉ) ने हाल ही में सभी प्रारुप में प्रभाव डाला है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, क्वींसलैंड बुल्स और ब्रिस्बेन हीट के लिए सीमित ओवरों के प्रारुप में कई भूमिकाएं शामिल हैं।'

### निलंबन के बाद गारगा की नजरें नई शुरुआत पर

**नई दिल्ली।** करीब डेढ़ साल तक शटल के रैकेट के तारों से टकराने की आवाज भारतीय पुरुष युगल खिलाड़ी कृष्ण प्रसाद गारगा के लिए सुकून और तकलीफ दोनों देने वाली थी। सुकून इसलिए क्योंकि बचपन से उन्हें सिर्फ बैडमिंटन ही पसंद था। तकलीफ इसलिए क्योंकि उन्हें नहीं पता था कि वह फिर कभी भारत के लिए खेल पाएंगे या नहीं। थॉमस कप 2022 में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे काकीनाडा के 25 साल के पुरुष युगल खिलाड़ी गारगा का उभरता हुआ करियर तब रुक गया जब फरवरी 2024 में प्रतियोगिता के इतर परीक्षण के दौरान 'ह्यूमन कोरियोनिक गोनाडोट्रोपिन' के लिए उनका परीक्षण पॉजिटिव आया और इसके बाद उन पर चार साल का प्रतिबंध लगा।

# टी20 वर्ल्ड कप : यूएई ने किया टीम का ऐलान, अनुभव और युवा प्रतिभा का संतुलन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए यूएई ने मुहम्मद वसीम की कप्तानी में अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें अनुभव और युवा प्रतिभा का रणनीतिक संतुलन है। कप्तान वसीम और ऑल-राउंडर पराशर जैसे प्रमुख खिलाड़ियों पर टीम के प्रदर्शन का दारोमदार होगा, जिनसे आक्रामक खेल की उम्मीद है।

जैसे-जैसे टी20 वर्ल्ड कप 2026 नज़दीक आ रहा है, पूरी क्रिकेट दुनिया की निगाहें इस बड़े टूर्नामेंट पर टिकी हैं। इसी कड़ी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने आधिकारिक तौर पर अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जिससे टूर्नामेंट को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। कप्तान के रूप में मुहम्मद वसीम की अगुवाई में यूएई की टीम अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार दिख रही है। टीम चयन, प्रमुख खिलाड़ियों और उन रणनीतियों पर रोशनी डालता है जो यूएई को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सफलता दिला सकती हैं।

### टी20 विश्व कप खेलेंगे मिलर, मिली मंजूरी

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सीनियर बल्लेबाज डेविड मिलर को अगले सप्ताह शुरू हो रहा टी20 विश्व कप खेलने के लिए मेडिकल मंजूरी मिल गई। मिलर को एसए 20 के दौरान मांसपेशी में खिंचाव आ गया था। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि वह रविवार को दक्षिण अफ्रीका टीम के साथ मुंबई रवाना होंगे। सीएसए ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा,'दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर को भारत और श्रीलंका में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप खेलने के लिए मेडिकल मंजूरी मिल गई है।' इसमें कहा गया, 'एसए 20 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलते हुए मिलर की मांसपेशी में खिंचाव आ गया था लेकिन इस सप्ताह उन्होंने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। वह रविवार को टीम के साथ जोहानिसबर्ग से मुंबई रवाना होंगे।'

## टी20 इंटरनेशनल में हैट्रिक लेने वाले इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बने सैम

# करन की जबरदस्त वापसी, हैट्रिक लेकर इंग्लैंड को दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| पल्लेकेले

सैम करन ने पल्लेकेले में पहले टी20 में श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड को 11 रन से जीत (डकवर्थ लुईस स्ट्रेन) दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपने पहले स्पेल में खूब रन लुटाने के बाद शानदार वापसी करते हुए हैट्रिक ली।

इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी कर रहे करन को टी20 वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड की टीम में भी शामिल किया गया है। वह टी20 इंटरनेशनल में हैट्रिक लेने वाले इंग्लैंड के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी बने। उनसे पहले क्रिस जॉर्डन ने 2024 टी20 वर्ल्ड कप में अमेरिका के खिलाफ ऐसा किया था। बारिश के कारण देरी से शुरू हुए मैच को 17-17 ओवर का कर दिया गया था। करन ने अपने पहले स्पेल में पहला और सातवां ओवर फेंका। उन्होंने पहले ओवर में 16 रन दिए और फिर सातवें ओवर में कुसल मेंडिस ने 20 रन बनाए। करन 16वें में गेंदबाजी के लिए लौटे तब श्रीलंका का स्कोर 125/6 था। स्पिनर आदिल राशिद और लियाम डॉसन ने शानदार गेंदबाजी की। मेजबान टीम के अच्छा स्कोर बनाने की उम्मीदें दासुन शनाका और वानिंदु हसरंगा पर टिकी थीं।



करन ने ली हैट्रिक

करन ने ओवर की चौथी गेंद पर शनाका को मिडऑफ पर कैच आउट करवा दिया। इसके बाद अगली ही गेंद पर महेश तीक्षणा लॉन्ग ऑन पर कैच आउट हो गए। फिर करन ने मतीशा पथिराना को बोल्ड करके ओवर और हैट्रिक पूरी की। हसरंगा अगले ओवर की दूसरी गेंद पर जेमी ओवरटन का शिकार हो गए और श्रीलंका की टीम 16.2 ओवर में सिर्फ 133 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

### इंग्लैंड 11 रनों से जीता

फिर फिल साल्ट और जोस बटलर ने सिर्फ 17 गेंदों में 36 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। साल्ट मैच के आखिरी ओवर तक टिके रहे। वह 35 गेंदों में 46 रन बनाकर शनाका का शिकार हुए। उस ओवर के आखिर में बारिश फिर से शुरू हो गई। इंग्लैंड को 12 गेंदों में जीतने के लिए सिर्फ 10 रन चाहिए थे। इसके बाद और खेल नहीं हो सका और इंग्लैंड डकवर्थ लुईस स्ट्रेन नियम के तहत 11 रन आगे था।

## तीन किश्तों में मिलेगा पीएम आवास का पैसा

**भोपाल।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को अब 1.20 लाख रुपए की सहायता राशि तीन किस्तों में दी जाएगी। आवास निर्माण के हर चरण में प्रोग्रेस की जियो टैगिंग करना अनिवार्य होगा। निर्माण की पुष्टि होने के बाद ही अगली किस्त की राशि जारी की जाएगी। पीएम आवास ग्रामीण योजना के तहत आवासों की सहायता राशि तीन किस्तों में दिए जाने के निर्देश विकास आयुक्त ने जारी किए हैं। पहली किस्त जारी होने के साथ ही मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी भुगतान भी किया जाए। निर्देशों में कहा गया है कि आवास निर्माण के हर चरण में प्रगति की जियो टैगिंग करना अनिवार्य होगा। तय कंसट्रक्शन लेवल की पुष्टि के बाद ही अगली किस्त की राशि जारी की जाएगी। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, जिससे राशि का दुरुपयोग न हो और हितग्राही का आवास समय पर बनकर तैयार हो सके।

- निर्माण की जियो टैगिंग के बाद मिले 40-40 हजार

### परमिट शुल्क व मोटरयान कर की दरों में किया बदलाव

# निजी बस संचालकों यात्रियों का राहत यात्री टैक्स, परमिट शुल्क में कटौती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र में निजी बस संचालकों और आम यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। परिवहन विभाग ने सार्वजनिक यात्री वाहनों और माल वाहनों पर लगने वाले परमिट शुल्क व मोटरयान कर की दरों में बदलाव करते हुए कई मामलों में रियायत देने का निर्णय लिया है।



इससे विशेष रूप से अस्थायी परमिट पर चलने वाली बसों और बारात वाहनों को सीधा लाभ मिलेगा। अब तक अस्थायी (टेम्प्रेरी) परमिट के लिए सौ किलोमीटर तक प्रति सीट प्रति माह 200 रुपये शुल्क लिया जाता था, जबकि इसके बाद हर दस किलोमीटर पर अतिरिक्त शुल्क देना पड़ता था। नए प्रस्ताव के तहत बारात ले जाने वाले वाहनों को बड़ी राहत देते हुए टेम्प्रेरी परमिट शुल्क 20 रुपये की जगह 18 रुपये प्रति सीट प्रति माह कर दिया गया है। इससे विवाह सीजन में बस किराए पर लेने वालों का खर्च कम होगा। वहीं बड़े शहरों के आसपास बसे उपनगरों तक बस संचालन करने वाले परमिटधारकों को भी राहत दी गई है। पहले जहां 150 रुपये प्रति सीट प्रति माह शुल्क लिया जाता था, अब उसी राशि में तीन माह का परमिट देने का निर्णय लिया गया है। इससे शहरी व उपनगरीय क्षेत्रों में बस संचालन को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि अब शहरी की जगह नगरीय किया गया है। चेचिस पर पंजीयन शुल्क में आंशिक बढ़ोतरी की गई है। 7500 किलोग्राम तक वजन वाले वाहनों पर वाहन मूल्य का अब 9 प्रतिशत शुल्क लगेगा, जो पहले 8 प्रतिशत था। इससे अधिक भार वाले वाहनों पर शुल्क 5 से बढ़ाकर 6 प्रतिशत कर दिया गया है। पूर्ण बॉडी के साथ पंजीयन कराने पर चेचिस की तुलना में एक प्रतिशत अधिक शुल्क देना होगा। कुल मिलाकर परिवहन विभाग के इस फैसले से यात्रियों, बस संचालकों और शहरी परिवहन व्यवस्था को संतुलित लाभ मिलने की उम्मीद है।

*बिगड़ी दिनचर्या ने युवाओं की बिगाड़ी सेहत*

## जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की शुरूआत पेट से: डॉ. महापात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



कोचिंग संस्कृति, फास्ट फूड, आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और बिगड़ी दिनचर्या ने बच्चों से लेकर युवाओं तक की सेहत पर गहरा असर डाला है। जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की शुरूआत पेट से होती है और इसका असर बच्चे पर गर्भावस्था से ही पड़ने लगता है।

यह जानकारी एम्स भोपाल के शरीर क्रिया विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित 'फिजियोलॉजी ऑफ लाइफस्टाइल इंटरवेंशन' विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) सह कार्यशाला को संबोधित करते हुए एम्स भुवनेश्वर के पूर्व प्रोफेसर और देश के जाने-माने फिजियोलाजिस्ट डॉ. सुशील चंद्र महापात्रा ने दी। डॉ. महापात्रा ने कहा कि बच्चों की कई समस्याएं जन्म के बाद नहीं, बल्कि गर्भावस्था के दौरान ही शुरू हो जाती है। गर्भ में पल रहे बच्चे पर मां-बाप के खानपान और जीवनशैली का सीधा प्रभाव पड़ता है। कुछ प्रभाव जन्म से पहले पड़ते हैं।

### कुदरत के नियम भूलता जा रहा इंसान

डॉ. महापात्रा ने कहा कि कुदरत ने इंसान को सब कुछ सही दिया है। कोई भी जानवर खाना पकाकर नहीं खाता, लेकिन इंसान ने खाना पकाना शुरू किया और फिर फैक्ट्री से बने प्रोडक्ट को भोजन मान लिया। उनका कहना है कि फैक्ट्री से आने वाली चीजें भोजन नहीं, बल्कि सिर्फ प्रोडक्ट है। असली भोजन केवल खेत से आता है। फास्ट फूड और जंक फूड शरीर को पेट तो भर देता है, लेकिन पोषण पूरा नहीं करता है। स्वस्थ रहने के लिए दिनचर्या सही होना जरूरी है।




*सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया प्रोत्साहित*

## शिविर में हुई जल-ऊर्जा संरक्षण एवं डिजिटल जागरुकता पर गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा विशेष शिविर के पांचवें दिन शनिवार को जनजागरुकता एवं बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रातः कालीन व्यायाम के बाद प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना के मार्गदर्शन में अनमोल एकेडमी में बच्चों के लिए जल एवं ऊर्जा संरक्षण विषय पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। इसमें सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। बौद्धिक सत्र में उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के डॉ. आशीष कुमार चांचौदिया ने डिजिटल अवेयरनेस, साइबर सुरक्षा एवं तकनीक के सकारात्मक उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। वहीं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के सत्र में डॉ. वीपीएस गौर ने महात्मा गांधी के सेवा एवं नैतिक मूल्यों पर विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डॉ. राजेश श्रीवास्तव, सुषमा जैन एवं अन्य उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार डहारे ने आभार व्यक्त किया।




**पहले ही ट्रेनिंग दी होती तो यह नौबत नहीं आती:** इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद शहर में जल सुनवाई नगर निगम ने आनन-फानन में मुख्यमंत्री की घोषणा पर शुरु तो कर दी, लेकिन पानी के सैंपल की जांच का काम बिना एक्सपर्ट के ही शुरू कर दिया। पानी की 11 प्रकार की जांचों के बजाए केवल क्लीरीन मौके पर चैक कर औपचारिकता पूरी की जाने लगी। जब लापरवाही का मामला उजागर हुआ तो अब पानी की जांच का काम करने वालों को विशेष ट्रेनिंग देने का काम शुरू किया गया। अब 11 प्रकार की जांचों के लिए सैंपल लेकर लैब भेजे जाएंगे उनकी रिपोर्ट दो से तीन दिन में मिलेगी। अब लोगों में चर्चा है कि जब आम लोगों की सीधे सेहत से जुडे मामला था तो पहले ही एक्सपर्ट को जांच का जिम्मा सौंपा जाना था। पहले ही ट्रेनिंग दी होती तो ऐसी नौबत नहीं आती।

**काश...ऐसी वर्किंग रोजाना होती तो अच्छा होता:** यूं तो नगर निगम में शिकायतें पेंडिंग रहने और सुनवाई नहीं होने की बात सामान्य है, लेकिन जब से दूषित पानी का मामला सामने आया है निगम प्रशासन और मैदानी अमला इतना चौकस है कि शिकायत मिलते ही उस पर कार्रवाई शुरू हो जाती है। पुराने शहर में बीते दिनों एक मोहल्ले से सीवेज और पाइप लाइन एक साथ होने और लीकेज की शिकायत पर तत्काल चैंबर और पानी की लाइन को व्यवस्थित कर दिया गया। शिकायतकर्ता भी आश्चर्य में पड गए। यह बात सच भी है अगर बीते एक माह में आंकड़ों पर नजर डालें तो संभवत जितनी शिकायतों पर एक साल में सुनवाई नहीं होती उतने तो लीकेज और चैंबर निगम ने एक माह में सुधार दिए। बीते एक माह में 6948 पानी के सैंपल की जांच, 1250 से ज्यादा लीकेज और 3536 से ज्यादा सीवेज चेम्बरों की सफाई करवा दी गई। लोगों में चर्चा है कि काश ऐसी वर्किंग रोज होती तो शिकायतें भी कम होतीं।

**फील्ड पर जाने में अधिकारी अब भी नहीं ले रहे रुचि:** निगम आयुक्त ने सभी उपायुक्त और अपर आयुक्त को सप्ताह में एक दिन फील्ड पर जाने की हिदायत दी है, लेकिन अब भी ऐसे कई उपायुक्त हैं जिनकी फील्ड में जाने की रुचि नहीं है। तीन अपर आयुक्त ऐसे भी हैं जो बहुत ज्यादा एक्टिव हैं। चाहे पुराने शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चल रही हो या फिर पानी की समस्या को लेकर कोई मामला उन तक पहुंचा तो वे मौके पर ही लोगों के बीच पहुंचने में पीछे नहीं। ऐसा बीते दिनों देखने को भी मिला। निगम में अफसरों की फौज है, लेकिन उनकी रुचि फील्ड में जाने की नहीं है। वे मुख्यालय में फाइलें निपटाने में जुटे रहते हैं। जोन स्तर पर पदस्थ अधिकारियों का भी यही हाल है, जब वरिष्ठ अधिकारी के आने की सूचना मिलती है तो मौके पर पहुंचते हैं वरना जोन में ही ड्यूटी करना है। चर्चा है कि संभवत ऐसे लोगों की सूची भी गुपचुप तरीके से बनवाई जा रही है ताकि ऐसे अधिकारी और कर्मचारियों को नई जिम्मेदारी दी जा सके।

**एमएम सिद्दीकी**

## सत्य साईं हॉस्पिटल में 9 बच्चों की हुई निःशुल्क हृदय सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

14 दिसंबर को भोपाल में आयोजित बच्चों के हृदय जांच शिविर में हृदय की सर्जरी के लिए नामांकित लगभग 258 बच्चों में से शनिवार को 9 बच्चों की निःशुल्क हृदय सर्जरी अहमदाबाद के सत्य साईं हॉस्पिटल में हुई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश सरकार एवं श्री सत्य साईं हॉस्पिटल के बीच हुए एमओयू के तहत यह सर्जरी हुई। सत्य साईं हॉस्पिटल दिल विथ आउट बिल के नाम से जाना जाता है। सुबह सत्य साईं की टीम रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई थी। सिक्योरिटी के साथ बस से हितग्राहियों को हॉस्पिटल लाया गया। चाय नाश्ते एवं खाने की व्यवस्था की गई। स्टाफ ने भी सहयोग किया।

## मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के दोषी को 10 का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मादक पदार्थ गांजा की तस्करी कर राजस्थान से मध्यप्रदेश लाकर अवैध रूप से बेचने वाले आरोपी रमेश पाल पुत्र पूरन सिंह पाल आयु 41 वर्ष निवासी टिकरा बेलखेड़ी चौराहा सलामतपुर जिला रायसेन मप्र को विशेष न्यायाधीश ;एनडीपीएस एक्टद्ध डॉक्टर मुकेश कुमार मलिक ने एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा-8 (सी)सहपठित धारा-21(बी) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 100,000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष न्यायाधीश ने एक आरोपी प्रेमशंकर उर्फ भल्ला को स्थायी फरार घोषित कर दिया है। पुलिस थाना पिपलानी ने आरोपी को गिरफ्तार किया था।

## पुष्प प्रदर्शनी: विदेशी पौधों ने बिखेरी सुंगध चीनी-जापानी किस्में बनीं आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

शासकीय गुलाब उद्यान में आयोजित राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी के दूसरे दिन भी दर्शकों की भारी भीड़ देखने को मिली। प्रदर्शनी में प्रदेशभर से आए किसानों ने दुर्लभ फूलों और पौधों की अनूठी किस्में प्रस्तुत की हैं।

इस बार चीनी और जापानी तकनीक से विकसित मिनिएचर पौधे लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बने हुए हैं। इन विशेष पौधों की कीमत 10 हजार रुपये से लेकर 4 लाख रुपये तक बताई जा रही है। प्रदर्शनी में गुलाब की कई उन्नत और दीर्घजीवी किस्में भी प्रदर्शित की गई हैं, जिनमें विभिन्न रंगों और आकारों के गुलाब शामिल हैं। ये गुलाब लंबे समय तक ताजगी बनाए रखते हैं और इन्हें विदेशों तक निर्यात किया जाता है। मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आई गुलाब की प्रजातियां किसानों की मेहनत और आधुनिक तकनीक का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। प्रदर्शनी न केवल फूल प्रेमियों के लिए आकर्षण है।

### मप्र के किसान जागरुक, उनकी टेक्निक के सामने विशेषज्ञ भी फेल: कुशवाह

*मप्र के किसान जागरुक हैं, उनके सामने विशेषज्ञ फेल हो जाते हैं। केंद्र और मप्र की सरकार किसानों के हित में कई योजनाएं संचालित कर रही है। प्रदेश में अधिकारी और कर्मचारी किसान मित्र के रूप में काम कर रहे हैं। किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई है तो वे सीधे बेझिझक बताएं और अपने सुझाव देकर जाएं। यह बात उदयानिकी एवं खादय प्रसंस्करण विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने शनिवार को शहर के गुलाब उदयान में तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में किसानों को संबोधित करते हुए कही। विभाग द्वारा प्रमोशन आफ सेंसर बेस्ड आटोमेशन सिस्टम फार फर्टिगेशन इन हार्टिकल्चर क्राप विषय इस कार्यशाला का आयोजन किया गया थां, जिसमें प्रदेशभर के अलग अलग शहरों के किसान शामिल हुए।*

**स्थानीय खेल समाचार**

# इंदौर ओवरऑल चैंपियन, भोपाल उपविजेता

## 'स्पोर्ट्स पावर हाउस' बना मध्यप्रदेश: मंगुभाई पटेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 का समापन समारोह शनिवार शाम कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्यपाल मंगुभाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बीते दिनों प्रदेश के विभिन्न खेल मैदानों पर बना खेल वातावरण यह दर्शाता है कि मध्यप्रदेश तेजी से खेलों का केंद्र बन रहा है। राज्यपाल ने कहा कि एक समय मध्यप्रदेश को खेलों के क्षेत्र में शांत राज्य माना जाता था, लेकिन आज प्रदेश देश का स्पोर्ट्स पावर हाउस बन चुका है। प्रदेश की बेटियां आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर रही हैं। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि खेलो एमपी यूथ गेम्स ने प्रदेश के युवाओं को प्रतिभा प्रदर्शन का ऐतिहासिक मंच दिया है और यह आयोजन मध्यप्रदेश को खेलों के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम सिद्ध हुआ है।

समापन समारोह में प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संभागों को सम्मानित किया गया। इंदौर संभाग ने 87 स्वर्ण, 47 रजत और 40 कांस्य पदकों के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं भोपाल संभाग 66 स्वर्ण, 33 रजत और 45 कांस्य पदकों के साथ उपविजेता रहा, जबकि जबलपुर संभाग 35 स्वर्ण, 31 रजत और 32 कांस्य पदकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा।

**खेलो एमपी यूथ गेम्स का समापन**

मप्र को खेलों में नंबर एक बनाना हमारा लक्ष्य: मंत्री सारंग



### मैदान पर नहीं होती जाति या धर्म: राज्यपाल

राज्यपाल ने कहा कि खेल हमें सामाजिक समरसता का संदेश देता है। खेल के मैदान पर कोई जाति, धर्म या भेदभाव नहीं होता, वहाँ केवल खिलाड़ी और उसकी मेहनत होती है। यही खेल की सबसे बड़ी शक्ति है। खेलो एमपी यूथ गेम्स के माध्यम से गांव-गलियों में छिपी प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें मंच देना एक सराहनीय पहल है। यह आयोजन केवल समापन नहीं, बल्कि एक नए संकल्प और नई शुरूआत का प्रतीक है।

### खेलों के क्षेत्र में मध्यप्रदेश बनेगा नंबर एक: सारंग

सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में खेलों के क्षेत्र में निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि मध्यप्रदेश खेलों के मामले में देश में नंबर एक बने। सारंग ने कहा कि खेलो एमपी यूथ गेम्स देश में अपनी तरह का पहला आयोजन है, जिसमें राज्य स्तरीय खेल संघों के सक्रिय सहयोग और समन्वय से 28 खेलों की प्रतियोगिताएं की गई। उन्होंने बताया कि इस बार पारंपरिक खेलों जैसे पिट्टू और रस्साकशी के साथ लोकप्रिय खेल क्रिकेट को भी प्रतियोगिता में शामिल कर ग्रामीण और शहरी प्रतिभाओं को समान अवसर प्रदान किया गया।

**भोपाल ट्रॉफी टेनिस बाल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट**

## भील शाखा, मन इलेवन, किंग्स इलेवन और सागर फैन्स क्लब अगले राउंड में




हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

एमसीसी मैदान 1100 क्वाटर्स पर खेले जा रहे भोपाल ट्रॉफी टेनिस बॉल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में 30 जनवरी को 4 मैच खेले गए। पहला मैच भील शाखा और सीजेकेजी इलेवन के बीच हुआ। सीजेकेजी इलेवन ने पहले खेलते हुए 81 रन बनाए। भील शाखा ने 6 ओवर में 4 विकेट गवांकर 85 रन बनाकर मैच जीत लिया।

दूसरा मैच मन इलेवन और बीलिफ के बीच खेला गया। बीलिफ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 83 रन बनाए। मन इलेवनने आसानी से 85 रन बनाकर से मैच जीत लिया। तीसरा मैच किंग्स इलेवन और अंकल इलेवन के बीच हुआ। अंकल इलेवन ने 8 ओवर में 67 रन बनाये। किंग्स इलेवन ने 5 ओवर 3 विकेट पर 68 रन बनाकर मैच जीत लिया। चौथा मैच एसजी इलेनवन और सागर फैन्स क्लब के बीच हुआ। एसजी इलेनवन ने पहले खेलते हुए निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 68 रन बनाये। सागर फैन्स क्लब की टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर ही 72 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया।

## कुश चैंपियंस 30 रन पर ऑल आउट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

डिजिटल कुशवाहास द्वारा आयोजित कुशवाहा क्रिकेट लीग (केसीएल) सीजन- 2 का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। अयोध्या बायपास मार्ग, मीनाल गेट नंबर 3 के सामने स्थित उड़ान अकादमी में आयोजित इस क्रिकेट लीग का पहला मैच कुश चैंपियंस और फुले फाइटर के बीच हुआ। इस मैच में कुश चैंपियंस 30 रन पर ऑल आउट हो गई।कार्यक्रम के आयोजक और डिजिटल कुशवाहास के संस्थापक अध्यक्ष विक्रम सिंह कुशवाहा ने बताया कि लीग का दूसरा मैच अशोक वॉरियर्स और बुद्धा ब्रिगेड के बीच हुआ, जिसमें अशोका वॉरियर्स की टीम विजयी घोषित हुई। तीसरा मैच फुले फाइटर और अशोका वॉरियर्स के बीच हुआ, जिसमें अशोक वॉरियर्स विजयी रही। टीम के खिलाड़ी वैभव ने 27 बालों पर 6 छक्के और दो चौके लगाकर कुल 52 रन बनाए। इसी प्रकार चौथा मैच बुद्धा ब्रिगेड और कुश चैंपियंस के बीच खेला गया, जिसमें बुद्धा ब्रिगेड ने 137 रन बनाकर विजयी घोषित हुई। विक्रम सिंह ने आगे बताया कि लीग के दूसरे दिन 1 फरवरी को कुल 3 मैच खेले जाएंगे।

**राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट केमिस्ट प्रीमियर लीग सीजन-6**

# फार्मा टाइगर्स ने शानदार प्रदर्शन कर सीएम सुपर किंग को हराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जा रहा राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट केमिस्ट प्रीमियर लीग सीजन-6 के चौथे दिन की शुरुआत राष्ट्रगान और वन्दे मातरम के साथ की गई। भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया कि चौथे दिन आयोजन में दक्षिण पश्चिम विधायक भगवान दास सबनानी, छिंदवाड़ा एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष चोरे एवं अखिलेश अग्रवाल उपस्थित हुए। पहला मैच फार्मा टाइगर्स और सीएम सुपर किंग के बीच हुआ। पहले बैटिंग में फार्मा टाइगर्स ने 8 ओवर में




144 रन 1 विकेट के नुकसान पर बनाए। जवाब में सीएम सुपर किंग 50 रन ही बना पाई। मैच के मैन ऑफ द मैच रोहित विश्वकर्मा रहे। दूसरा मैच रॉयल केमिस्ट क्लब और नरसिंहपुर लीजेंड्स के बीच रहा। पहले बैटिंग नरसिंहपुर स्वागर्स ने 105 रन 3 विकेट के नुकसान पर बनाए। जवाब में रॉयल केमिस्ट 93 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच कपिल खरे रहे।

### केमिस्ट चैंपियन भोपाल ने सर्जिकल कमांडो को हराया

तीसरा मैच में पहले बैटिंग कर नरसिंहपुर स्वागर्स ने 8 ओवर में 41 रन 8 विकेट के नुकसान पर बनाए। जवाब में जेनेरिक सुपर किंग 4.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच मुजाहिद रहे। पांचवां मैच केमिस्ट चैंपियन भोपाल और सर्जिकल कमांडो का रहा। पहले बैटिंग सर्जिकल कमांडो ने 8 ओवर में 49 रन 7 विकेट के नुकसान पर बनाए। जवाब में केमिस्ट चैंपियन भोपाल ने 3.3 ओवर में लक्ष्य हसिल कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच शाहरुख खान रहे। छठवां मैच मध्यप्रदेश केमिस्ट लीजेंड्स और नरसिंहपुर लीजेंड्स का रहा। पहले बैटिंग कर मध्यप्रदेश केमिस्ट लीजेंड्स ने 51 रन 5 विकेट के नुकसान पर बनाए। नरसिंहपुर लीजेंड्स 5 विकेट खोकर 5.3 ओवर में लक्ष्य हासिल किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930